सुप्रभात
रांची, रविवार
02.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, दशमी , संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 318



12 मिथुन चक्रवर्ती ने राजनीति से किया तौबा

# एग्जिट पोल्स में फिर मोदी सरकार

## 400 पार नहीं 370, गठबंधन को 150, अन्य को 36 सीटें मिलने का अनुमान




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 का सातवां और अंतिम चरण का चुनाव खत्म होते ही तमाम चैनलों की ओर से जारी एक्जिट पोल्स में तीसरी बार मोदी सरकार के आने का अनुमान है। पर एनडीए का जो दावा था अबकी 400 पार, वह पूरा होते नहीं दिख रहा है। ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को 370 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को 125 से 150 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं अन्य को 36 सीटें मिलने की संभावना है। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं। बहुमत के लिए 272 सीटें जरूरी हैं। एनडीटीवी ने पोल ऑफ पोल्स में औसत नतीजों का आकलन किया है। तमाम एक्जिट पोल्स के आधार पर यह एक बार फिर से भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। पोल आफ पोल्स के आकलन के मुताबिक एनडीए को 365 सीटें, इंडिया गठबंधन को 142 सीटें और अन्य को 36 सीटें मिलने की संभावना है। इस बार के चुनाव में मुख्य तौर पर मुकाबला एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन के बीच था। एक तरफ भाजपा और एनडीए इस बार 400 के पार का लक्ष्य हासिल करने के लिए हुंकार भर चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष इस बार सत्ता में वापसी का दावा कर रही है। इंडिया न्यूज डी डायनामिक्स के एक्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 371, इंडिया गठबंधन को 125 और अन्य को 47 सीटें मिलने जा रही हैं। जन की बात के एक्जिट पोल के अनुसार एनडीए को 362 से 392 सीटें, इंडिया गठबंधन को 141 से 161 सीटें और अन्य को 10 से 20 सीटें मिल सकती हैं।

रिपब्लिक- मैट्रिज के एग्जिट पोल में एनडीए को 359 सीटें मिलती दिखायी गयी हैं। कांग्रेस की लीडरशिप वाले इंडी अलायंस के लिए 150 सीटों का अनुमान जताया गया है। एक अन्य चैनल के अनुसार एनडीए 353 से 368 लोकसभा सीटें जीत सकता है। इंडिया गठबंधन 118 से 133 सीटें और अन्य 43 से 48 सीटें हासिल कर सकते हैं। रिपब्लिक टीवी-पी मार्क के सर्वेक्षण के अनुसार एनडीए 359, विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन 154 और अन्य को 30 सीटें जीत सकते हैं।

इंडिया न्यूज-पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में एनडीए के लिए 371 सीटों का अनुमान है। वहीं इंडिया को 125 सीटें मिलती दिख रही हैं। अन्य को 47 सीटें मिल सकती हैं। जन की बात के एग्जिट पोल में एनडीए को 377 सीटें पर जीत का अनुमान है। इंडिया अलायंस को 151 सीटें मिलती दिख रही हैं।






### तीन-तीन सर्वे में एनडीए 400 पार

लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण में वोटिंग खत्म होने के बाद अब खटाखट एग्जिट पोल सर्वे के नतीजे जारी हो रहे हैं। अधिकांश सर्वे में फिर से मोदी सरकार की वापसी की संभावना जताई जा रही है। तीन सर्वे में तो एनडीए को 400 के पार सीटें मिलती हुई दिखाई गई हैं। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स (एसओपी) ने एआइ तकनीक आधारित एग्जिट पोल और जनमत सर्वे आयोजित किये हैं। इसमें एनडीए को 367 से 403 सीटें मिल सकती हैं। इस सर्वे में गठबंधन को 49 .30 फीसदी वोट मिलने की बात कही गयी है। इसके अलावा इंडिया टीवी के सर्वे में भी एनडीए को 400 के पार सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। पीएम मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभाल सकते हैं। सर्वे में कहा गया है कि देशभर में भाजपा और मोदी लहर देखी गई है। उसके मुताबिक एनडीए को 371 से 401 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि इंडिया गठबंधन को 109 से 139 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 28 से 38 सीट मिलने की संभावना है।

### योगेंद्र यादव की भविष्यवाणी

**नयी दिल्ली।** तमाम न्यूज चैनलों एग्जिट पोल के बीच राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव ने अपने अनुमान में कहा कि भाजपा 275 या 250 सीटों से भी नीचे रह सकती है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को निर्णायक जीत हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उनके अनुसार अकेले भाजपा को 260 सीटों से अधिक नहीं मिलेंगी। राजग 300 सीटों के आंकड़े तक पहुंचने की उम्मीद नहीं है। योगेंद्र यादव का अनुमान है कि कांग्रेस को 85-100 सीटें मिल सकती हैं। इंडिया अलायंस को 120-135 सीटे आ सकती हैं।

### हम 370 से ज्यादा सीटें जीतेंगे: नड्डा

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि पूरा विश्वास है कि मतदाता पीएम मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 से ज्यादा सीट, राजग को 400 से ज्यादा सीट देकर जितायेंगे। उन्होंने ने कहा कि लोगों ने सक्षम, विकसित, आत्मनिर्भर भारत के लिए और तुष्टीकरण, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए मतदान किया हैष लोगों ने सक्षम, विकसित, आत्मनिर्भर भारत के लिए किया मतदान किया है।

## न्यूज डायरी

### जनसेवक तीन हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**गिरिडीह।** एसीबी धनबाद की टीम ने शनिवार को गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड में जनसेवक मोहम्मद मंसूर को तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों दबोचा है। कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कई कर्मी भाग खड़े हुए। बताया गया कि एसीबी की टीम डीएसपी मुन्नू टुडू के नेतृत्व में सीधे प्रखंड कार्यालय पहुंची। यहां जनसेवक मोहम्मद मंसूर को पीरटांड़ क्षेत्र के खुखरा गांव निवासी जहांगीर से तीन हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा और उसे गिरफ्तार कर धनबाद ले गगयी।

### सलमान खान की हत्या की साजिश में 4 धराये

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान पर एक बार हमले की कोशिश को मुंबई पुलिस ने नाकाम कर दिया है। नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जो पनवेल में सलमान खान की कार पर हमला करने की योजना बना रहे थे। सूत्रों के अनुसार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने पनवेल में सलमान खान की गाड़ी पर हमले का प्लान बनाया था। इसके लिए पाकिस्तान के एक हथियार सप्लायर से हथियार मंगाने की योजना थी। नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### लातेहार : आंधी-पानी से तबाही, एक की मौत

**लातेहार।** शनिवार को बारिश के साथ तेज आंधी और तूफान ने जमकर लातेहार मे तबाही मचा दी। तूफान के कारण बांस के बखार से दबकर लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र में एक महिला की भी मौत हो गयी। बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन तेज आंधी और तूफान के कारण कई पेड़ उखड़ गये, बिजली भी बाधित हो गयी। मृत महिला का नाम सोनी देवी है।

### लू लगने से प्रभारी प्रिंसिपल की मौत

**चाईबासा।** कुमारडुंगी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छोटा रायकमान के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार भेंगरा की लू लगने से मौत हो गयी। खूंटी लौटने के बाद अचानक घर में उनकी तबीयत बिगड़ी और वे गिर गये।

### धनबाद में थाने पर हमला पथराव, पुलिस लाठीचार्ज

धनबाद। बिजली को लेकर लोग अब हिंसक रूप भी अख्तियार कर ले रहे हैं। धनबाद के मथुबन थाना इलाके में दो गुटों के बीच हुई लड़ाई में थाने पर भी हमला किया गया है। पथरबाजी के बीच फायरिंग की भी बात कही जा रही है। बाघमारा अनुमंडल के मधुबन थाना पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। थाने पर पथराव भी किया। पुलिस के साथ मारपीट भी की गयी। ग्रामीणों को शांत कराने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

## झारखंड-बिहार में एनडीए को झटका, इंडिया को बढ़त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** देश में 2024 का लोकसभा चुनाव शनिवार को खत्म हो गये। रिजल्ट से पहले देश के विभिन्न टीवी चैनलों की ओर से जारी एक्जिट पोल की मानें तो झारखंड में एनडीए गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। वहीं इंडिया गठबंधन को फायदा होता दिख रहा है। यही हाल बिहार का भी दिख रहा है। बिहार में एनडीए को बड़ा नुकसान होने जा रहा है। इंडिया टुडे एक्सिस माई इंडिया एक्जिट पोल के मुताबिक झारखंड में एनडीए को 6 से 4 सीटों का नुकसान और इंडिया को 6 से 4 सीट का फायदा होता दिख रहा है। एक्जिट पोल की मानें तो एनडीए को राज्य में 8 से 10 सीट मिल सकती है। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 12 सीटें मिली थी, जिसमें से 11 सीट भाजपा के कब्जे में थी जबकि 1 सीट उनकी सहयोगी आजसू के खाते में गयी थी। वहीं इंडिया टीवी के एक्जिट पोल के अनुसार एनडीए 2019 लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराती नजर आ रही है। इंडिया टीवी के अनुसार भाजपा को 10-12 सीटें मिल सकती है। आजसू को 1 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, झामुमो के खाते में 1-3 सीटें जाते दिख रही हैं। कांग्रेस का यहां पर खाता भी नहीं खुल रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

### मिट्टी खुदाई के दौरान हादसे में दो की मौत

**रांची।** बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा गांव में मिट्टी खुदाई के दौरान हुए हादसे में शनिवार को दो की मौत हो गयी। मृतकों में बरती उरांव (34) और सोमेश्वरी कुमारी (23) हैं। जानकारी के अनुसार मिट्टी की कटाई के दौरान जमीन धंस गई, जिसमें चार लोग दब गये। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर बेड़ो बीडीओ, सीओ और बेड़ो थाना प्रभारी भी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और मिट्टी के अंदर दबे दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लेकिन दो की मौत हो गयी। डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## पटना में रामकृपाल यादव पर गोलीबारी बालबाल बचे

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार की आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के दिन शनिवार को पाटलिपुत्र सीट के एनडीए उम्मीदवार राम कृपाल यादव गोलाबारी में बालबाल बच गये। शाम होते होते पटना में एक बड़ी घटना हो गयी।

अपराधियों ने रामकृपाल पर और उनकी गाड़ी पर अंधाधुध फायरिंग कर दी। राहत की बात यह रही कि उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ, वह बाल-बाल बच गये। घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव की है। घटना के संबंध में उनके समर्थकों का कहना है कि वह चुनाव के बाद अपने संसदीय क्षेत्र में घुमने के लिए निकले थे।

दौरान कुछ अपराधी उनपर अचानक फायरिंग करने लगे। कुछ लोगों का कहना है कि रोड़े भी फेंके गये हैं जिनसे दो लोगों के चोटिल होने की बात कही जा रही है। हालांकि घटना के संबंध में फिलहाल पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है।



## संथाल की तीनों सीटों पर 68.32 % वोटिंग

## राजमहल में 67.48, दुमका में 70.58 गोड्डा में 67.24% मतदान

### वोटरों में भारी उत्साह, राजमहल में तीन बूथों पर बहिष्कार, माने

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान के दौरान झारखंड की तीन सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल में 68.32 प्रतिशत मतदादाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम है। तीनों सीटों पर मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि अंतिम चरण के इस चुनाव के तहत दुमका, राजमहल और गोड्डा में अनुमानतः 68.32 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुछ जगहों पर मतदान देर शाम तक जारी था। आंकड़ों में कुछ बदलाव भी संभव है। राजमहल में 67.48 प्रतिशत, दुमका में 70.58 प्रतिशत और गोड्डा में 67.24 प्रतिशत हुआ। तीनों क्षेत्रों में सभी बूथों पर मतदाता वोटिंग को लेकर उत्साहित थे। सुबह 7 बजे से पहले से ही लोग कतार में खड़े हो गये थे। हालांकि राजमहल के तीन केंद्र पर वोटरों ने अपनी मांगों के लिए मतदान का बहिष्कार करदिया था। बाद में काफी मनाने पर वे मान गये।

**जामताड़ा में एक चुनावकर्मी की मौत :** श्री कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जामताड़ा में चुनाव कार्य में लगे एक नारायण दास नामक ड्राइवर की हादसे में मौत हो गयी। वह पश्चिम बंगाल के आसनसोल का निवासी था। उनके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुल 6258 बूथों में से 130 बूथ क्षेत्र नक्सली प्रभावित थे। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये थे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि देर शाम मतदान खत्म होने के बाद आखिरी मतदान प्रतिशत जारी होगा। वहीं, सुबह 7 बजे से तीनों लोकसभा क्षेत्र में शुरू हुआ मतदान शांतिपूर्ण रहा।

**राजमहल के तीन बूथों बहिष्कार :** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा में तीन बूथों पर ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार कर दिया। हालांकि प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद दो बूथों पर वोटिंग शुरू हो गयी थी। एक केंद्र पर वोटिंग शुरू कराने के लिए मानौवल का देर तक जारी था। वोटरों का कहना था कि लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई ऐसे गांवों में लोग बिजली, और सड़क ह की समस्या से जूझ रहे हैं। हमें सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलता। इस कारण लोगों ने वोट का बहिष्कार किया था।



**गत लोकसभा चुनाव का मतदान प्रतिशत**
राजमहल- 72.05%, दुमका- 73.43%, गोड्डा- 69.57%,।

### प्रदीप और निशिकांत ने किया मतदान





गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने अपने पैतृक गांव बोहरा में मतदान किया। गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने अपने परिवार के साथ वोटिंग की। दुमका से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के काठीकुंड मध्य विद्यालय में स्थित बूथ संख्या 41 में दिया वोट। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। झामुमो के महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी ने दुमका के पशु चिकित्सालय स्थित बूथ संख्या 25 पर मतदान किया। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने मधुपुर में परिवार सहित मतदान किया। राजमहल विधायक अनंत ओझा अपने बेटे, दोनों बेटी और अपने पिता श्रीनिवास ओझा के साथ सदर प्रखंड के शोभनपुर भट्टा गांव स्थित बूथ संख्या 45 पर उन्होंने वोटिंग की। देवघर विधायक नारायण दास ने अपने गांव कोयराडीह में परिवार के साथ मतदान किया। महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने मेहरमा के खिरोंधी गांव में परिवार संग मतदान किया। साथ में उनके ससुर पूर्व विधायक अवध विहारी सिंह व परिवार के अन्य सदस्यों ने भी वोटिंग की।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96000 रु./प्रति किलो |




## दिल्ली में खड़गे के आवास पर इंडिया की बैठक में विपक्षी दलों का दावा

# 295 से अधिक सीटें जीतेगा गठबंधन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (आइएनडीआइए) के घटक दलों की शनिवार को दिल्ली में बैठक में विपक्षी दलों ने दावा किया कि गठबंधन 295 से अधिक सीटें जीत रहा है। बैठक में फैसला किया गया है कि एग्जिट पोल चर्चा में गठबंधन के नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर अनौपचारिक बैठक में लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति चर्चा की। इस बैठक में ममता की टीएमसी तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को छोड़कर गठबंधन के तमाम नेता शामिल हुए।



बैठक में में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, एनसीपी (पवार गुट) शरद पवार, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन, जेएमएम नेता हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, डीएमके नेता टीआर बालू, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत कई और नेता शामिल हुए।

**आयोग से मिलेंगे गठबंधन नेता :** बैठक के बाद सीपीआइ महासचिव डी राजा ने कहा कि हमें मतगणना प्रक्रिया के दौरान बहुत सतर्क रहना है। (शेष पेज 11 पर)

### लड़ाई अभी नहीं हुई : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि मतगणना वाले दिन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए घटक दलों के नेताओं ने अनौपचारिक बैठक की। उन्होंने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं। मैं उनमें से प्रत्येक को उनकी सम्मानजनक उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूं। विपक्षी नेताओं ने बैठक में कहा कि हमने अपनी पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ा है और सकारात्मक परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है। बदलेगा भारत, जीतेगा इंडिया। कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क रहने को कहा है।



# संथाल की जनता का मिला साथ : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को संथाल परगना में संपन्न तीन लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि संथाल की जनता ने अपने मतदान से इतिहास रचा है। भाजपा के खाते में तीनों सीट डालने के लिए संथाल परगना की महिलाएं, युवा साथियों ने बढ़ चढ़कर मतदान किया है। संथाल की जनता भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और घुसपैठियों के आतंक से ऊब चुकी है।


**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

Revised rate of user fee at Kokpara Toll Plaza on NH-33 w.e.f. 03.06.2024 (00.00 Hrs)
(Fig. in Rs.)

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 110 | 160 | 3600 | 55 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 175 | 260 | 5810 | 85 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 365 | 550 | 12180 | 185 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 400 | 600 | 13285 | 200 |
| HCM or EME or MAV (four to six axles) | 575 | 860 | 19095 | 285 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 695 | 1045 | 23250 | 350 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 Km. from the toll plaza for the year 2024-25 shall be **Rs. 340.00**

**Project Director, NHAI, PIU, Jamshedpur**
**Parmeshwar Colony, Road No.1, Near Motor World,**
**NH-33, Mango, Jamshedpur-831012**
**e-mail : jamshedpur@nhai.org / piujamshedpur@gmail.com**



**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Navasari (Km. 232.385) near village Navasari in district Giridih on NH-114A**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Navasari (Km.232.385) near village Navasari in district Giridih for the stretch from KM. 216.000 to Km 244.482 of NH-114A in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 03.06.2024.

| Category of Vehicles | Fee for single Journey (in rupees) | Fee for return Journey within a day (in rupees) | Fee for monthly pass for 50 single Journeys in a month (in rupees) | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 25 | 35 | 765 | 10 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 35 | 55 | 1240 | 20 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 80 | 115 | 2595 | 40 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 85 | 125 | 2835 | 40 |
| HCM or EME or MAV (four to six axles) | 120 | 185 | 4070 | 60 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 150 | 225 | 4955 | 75 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2024-25 shall be Rs. 340/-.

**Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad**

**BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS**



***National Highways Authority of India***
**(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)**

**Rate of user fee at Toll plaza Edalhatu (Km 162.610) near village Edalhatu in District Ranchi on NH-33**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Edalhatu (Km 162.610) near village Edalhatu in district Ranchi for the stretch from Km 140.000 to Km 217.300 of NH-33 (Ranchi Rargaon Section) in the State of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hrs. of 03.06.2024

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the districe of fee Plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 120 | 180 | 3975 | 60 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 195 | 290 | 6420 | 95 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 405 | 605 | 13450 | 200 |
| Three-Axle commercial vehicles | 440 | 660 | 14675 | 220 |
| HCM or EME or MAV (Four to Six) | 635 | 950 | 21095 | 315 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 770 | 1155 | 25680 | 385 |

The rate for monthly pass applicable for non-commercial vehicle residing within a distance of 20 Km. from the toll plaza for the year 2024-25 shall be Rs. 340.00

**Project Director,**
NHAI, PIU, B-428, Road No-06, Ashok Nagar, Ranchi, Jharkhand,
Phone 0651-2240269, E-Mail: ranchi@nhai.org/nhairanchi@gmail.com

***BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS***



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**सार्वजनिक सूचना**
**रसोईधमना टोल प्लाजा पर 03.06.2024 से प्रारम्भ उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) की सार्वजनिक सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं.–02 के किमी 240.000 से किमी 320.000 (बाराचट्टी से गोरहर खंड) निर्मित खंड के उपयोग के लिए टोल प्लाजा रसोईधमना (चैनेज किमी 279.425, ग्राम–रसोईधमना, जिला–हजारीबाग) पर उपयोगकर्ता शुल्क दिनांक 03.06.2024 (00:00 बजे) से निम्न दरों पर प्रारम्भ होने जा रहा है:–

| वाहनों की श्रेणी | एकल यात्रा (रू0) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा (रू0) | मासिक पास का शुल्क एक माह में 50 एकल यात्रा (रू0) | शुल्क के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए एकल यात्रा शुल्क (रू0) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन और हल्के मोटर वाहन | 125 | 190 | 4205 | 65 |
| हल्के वाणिज्यिक यान, हल्के मालवाहन या मिनी बस | 205 | 305 | 6790 | 100 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 425 | 640 | 14225 | 215 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक यान | 465 | 700 | 15520 | 235 |
| भारी संन्निर्माण मशीनरी, अर्थ मूविंग उपस्कर और बहुधुरीय यान (4 से 6 धुरी) | 670 | 1005 | 22310 | 335 |
| अधिक बड़े आकार वाले यान (सात अथवा इससे अधिक धुरी) | 815 | 1220 | 27160 | 405 |

टोल प्लाजा के 20 किमी. के दायरे में रहने वाले लोगों के स्थानीय गैर–व्यवसायिक वाहनों के मासिक पास की दर 340/– रू. होगी।

परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, कनहरी हील रोड, हजारीबाग, झारखंड–825301 फोन 06546–270040
ईमेल:– piuhazaribagh@nhai.org/nhaipiuhazaribagh@gmail.com

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


## दुमका, गोड्डा और राजमहल निर्वाचन क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

# 40 हजार सुरक्षा बलों ने मतदान में संभाला मोर्चा

### दुमका, राजमहल और गोड्डा में 68.32 प्रतिशत मतदान : के. रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के चुनाव के तहत दुमका, राजमहल और गोड्डा में अनुमानित 68.32 प्रतिशत मतदान हुआ है। कुछ जगहों पर मतदान देर शाम तक जारी था। मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण रहा। आदर्श आचार संहिता के तीन मामले दर्ज किये गये हैं। उन्होंने बताया कि राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67.48 मतदान हुआ है। दुमका में मतदान का यह आंकड़ा 70.58 प्रतिशत और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 67.24 प्रतिशत रहा है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जामताड़ा में चुनाव कार्य में लगे एक नारायण दास नामक ड्राइवर की हादसे में मौत हो गयी। वह पश्चिम बंगाल के आसनसोल का निवासी था। उसके परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान दिया जायेगा।



### लगाये गये थे 40 हजार सुरक्षा बल: एवी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने कहा कि तीनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 6 जिलों में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने के लिए 40 हजार सुरक्षा बलों को लगाया गया था। मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और बिहार से समन्वय बनाकर राज्य की सीमा से जुड़े इलाके में सघन अभियान चलाया गया। कुल 49 लोकेशन पर सीमा को सील किया गया था।

उन्होंने बताया कि कुल 6258 बूथों में से 130 बूथ क्षेत्र नक्सली प्रभाव के रूप में चिह्नित थे। हालांकि, वर्तमान में वहां नक्सली गतिविधि नगण्य थी। फिर भी किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये थे।

### विधानसभावार अनुमानित वोटर टर्न आउट

| | | | |
|---|---|---|---|
| **राजमहल लोकसभा -** | **67.48%** | नाला - | 74.00% |
| बरहैट - | 63.20% | सारठ - | 67.91% |
| बोरियो - | 62.66% | सिकरीपाड़ा - | 73.01% |
| लिट्टीपारा - | 69.74% | **गोड्डा लोकसभा -** | **67.24%** |
| महेशपुर - | 74.01% | देवघर - | 64.68% |
| पाकुड़ - | 69.09% | गोड्डा - | 67.42% |
| राजमहल - | 64.10% | जरमुंडी - | 69.46% |
| **दुमका लोकसभा -** | **70.58%** | मधुपुर - | 70.11% |
| दुमका - | 68.65% | महगामा - | 64.08% |
| जामा - | 69.80% | पोरेयाहाट - | 68.31% |
| जामताड़ा - | 67.50% | | |

# झारखंड में एनडीए को मिलेंगी सभी 14 सीटें इंडी गठबंधन जीरो पर आउट : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रदेश कार्यालय में एक जून को प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा के जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए पिछले डेढ़ महीनों से चल रही मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गयी। उन्होंने कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। राज्य के एक विधानसभा क्षेत्र गांडेय की खाली सीट पर भी उपचुनाव हुए। शनिवार को संताल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्र गोड्डा, दुमका और राजमहल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा कि



मतदान के बाद जो सूचनाएं मिली हैं, उसमें औसत मतदान का प्रतिशत 65% से ज्यादा रहा। मतदान के लिए प्रदेश भाजपा मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करती है।

भाजपा ने भाजपा प्रेस मीडिया के साथियों के साथ-साथ चुनाव आयोग एवं प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मचारियों का भी इस तपती गर्मी में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मतदान

> गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी जीत दर्ज कर रही है बीजेपी
>
> शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जनता और चुनाव आयोग का जताया आभार

में महिला और युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। 2019 के चुनाव में जनता के आशीर्वाद से राज्य की 12 सीटें एनडीए को मिली थी। जिस प्रकार से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गांव, गरीब किसान, मजदूर दलित, आदिवासी वंचित पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। हर चौखट तक विकास की किरणें पहुंचाई। साथ ही, देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ाया। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ाया। ये सारे प्रयास जनता के दिलों को छूने वाले हैं। मोदी की यह गारंटी जनता को पसंद आई।

वहीं, इंडी एलायंस ने पूरे देश और झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समर्थन किया। झूठे वादों और झूठे नैरेटिव से जनता को दिग्भ्रमित किया। राज्य के आदिवासी दलित, पिछड़े सभी वर्गों में राज्य सरकार के प्रति गहरा असंतोष था, जिसको जनता ने वोट के माध्यम से चोट किया है। इंडी गठबंधन इस चुनाव में पूरी तरह जीरो पर आउट हो रहा है। चुनाव परिणाम के बाद पूरा इंडी ठगबंधन साफ हो जाएगा। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह और तारिक इमरान भी मौजूद थे।

# झारखंड की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन जीतेगा : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अंतिम चरण में शनिवार को झारखंड के तीन लोकसभा क्षेत्र राजमहल, दुमका एवं गोड्डा में सम्पन्न हुआ। कांग्रेस ने झारखंड के तीनों लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव संपन्न होने पर झारखंड की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि मोदी जी के 10 साल का अन्यान्य काल से आमजनता महंगाई, बेरोजगारी से काफी त्रस्त हो चुकी है, मोदी जी अपने शासनकाल में सिर्फ चंद उद्योगपतियों के लिए सिर्फ काम किया। मोदी जी के आमजनता से किये वादे जुमला निकला इसलिए मोदी जी ने अपने दस साल के रिपोर्ट कार्ड पर बातें न कर प्रत्येक चरण को संप्रदायिक बनाने की लगातार कोशिश की, उनकी मंशा को जनता ने भांप लिया कि अबकी बार 400 पार का नारा देने का मतलब संविधान को बदलने की है। उन्होंने कहा है कि देश की जनता जाग चुकी है कि देश को ऐसी सरकार चाहिए जो जनता की बुनियादी मुद्दे की बात करे और काम करे एवं हर वर्ग हर जाति धर्म को साथ लेकर चले।

राजेश ठाकुर ने कहा है कि देश की जनता समझ गई कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो देश की जनता की मूलभूत सुविधाओं और देश की संविधान, हर वर्ग की रक्षा कर सकती है। यही कारण है कि पूरे देश और झारखंड में भी इंडिया गठबंधन को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा है कि चुनाव के अंतिम चरण में झारखंड के तीन लोकसभा दुमका राजमहल और गोड्डा के चुनाव में जनता ने भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम कर दिया है।

# कोल इंडिया ने बीएचईएल के साथ नई अनुषंगी इकाई का गठन कर सहयोगी कंपनियों के संख्या में की वृद्धि

> **दोनों कंपनियों के इस संयुक्त उद्यम के गठन के लिए नीति आयोग और निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) की भी मिली मंजूरी**

**सत्येन्द्र**

रांची। भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड के अस्तित्व में आने के साथ ही कोल इंडिया की अनुषांगिक (सहयोगी) कंपनियां की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इनमें 11 कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें कोल इंडिया के शत प्रतिशत शेयर हैं।

यहां बताना होगा कि कोल इंडिया लिमिटेड ने बीएचईएल के साथ मिलकर कोयला से रसायन कारोबार चलाने के लिए एक अनुषंगी इकाई भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) का गठन किया है। बीसीजीसीएल में सीआईएल की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बीएचईएल के पास है। दोनों कंपनियों के इस संयुक्त उद्यम के गठन के लिए नीति आयोग और निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) की मंजूरी मिल गई है। कोल इंडिया ने कोयला-से-रसायन व्यवसाय शुरू करने के लिए फरवरी में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें कहा गया है, भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड का गठन कोयला-से-रसायन कारोबार के लिए मध्यवर्ती उत्पादों के रूप में अमोनिया एवं नाइट्रिक एसिड और अंतिम उत्पाद के रूप में अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करने के लिए किया गया है। इतना ही नही इस बीच, कोल इंडिया लिमिटेड ने बर्दवान जिले में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में 13,052 करोड़ रुपये की कोयला-से-सिंथेटिक प्राकृतिक गैस परियोजना लगाने के लिए गेल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

### 11 कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें कोल इंडिया के हैं शत प्रतिशत शेयर

#### शत प्रतिशत हिस्सेदारी वाली सीआइएल की अनुषांगिक कंपनियां और स्थापना वर्ष

1. ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल)- नवम्बर 1985
2. भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल)- जनवरी 1972
3. सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल)- नवम्बर 1975
4. नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड(एनसीएल)- नवम्बर 1985
5. वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्लूसीएल)- 1975
6. साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एससीसीएल)- नवम्बर 1985
7. महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)- 1992
8. सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यट(सीएमपीडीआई)-1972
9. कोल इंडिया अफ्रीकाना लिमिटाडा, मोजाम्बिक (सीआईएएल)- 2009
10. सीआईएल नवीकरणीय ऊर्जा लिमिटेड (सीआईएलएनयूएल)- अप्रेल 2021
11. सीआईएल सोलर पीपी लिमिटेड (सीआईएलएसपीवीएल) - अप्रेल 2021

#### 51 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली सीआईएल की अनुषांगिक कंपनी और स्थापना वर्ष

12. भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड- मई 2024

#### 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली कंपनियां

13. एनटीपीसी ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड
14. कोल लिग्नाइट ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड

#### 31.85 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली कंपनियां

15. तालचेर फटीर्लाइजर लिमिटेड
16. हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड

#### 0.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली कंपनी

17. इंटरनेशनल कोल वेंचर प्राइवट लिमिटेड

#### प्रबंधकीय अधिकारी वाली कंपनी

18. नार्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स- 1975

## वित्तीय नियमों को ताक पर रख वन विभाग में बड़ा खेला

# रिटायर्ड रेंज फॉरेस्ट अफसर को दे दिया ₹90 करोड़ का आवंटन!

> जमशेदपुर में रिटायर्ड रेंज फॉरेस्ट अफसर को नियम विरुद्ध करोड़ों का आवंटन
>
> दिग्विजय सिंह को एक वर्ष का मिला अवधि विस्तार, ताकि जरूरत पड़ने पर मामले में पर्दा डाला जा सके

**कुबेर सिंह**

**रांची।** अभी तक झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में कमीशन की आड़ में करोड़ों के घोटाले का पर्दाफाश प्रर्वतन निदेशालय (इडी) द्वारा किया जा रहा है लेकिन, वन विभाग ने 90 करोड़ का काम एक ऐसे व्यक्ति को सौंप दिया, जो रिटायर्ड हैं और अपने पद से विमुक्त हो चुके हैं। झारखंड में नियमों को ताक पर रखकर घपले-घोटाले के लिए बड़े-बड़े खेल रचे गये हैं। कमीशनखोरी को लेकर जमशेदपुर वन विभाग में भी घोटाले को जन्म दिया गया है। वन विभाग के बड़े अफसरों ने वित्तीय नियमों को ताक पर रखते हुए एक बड़ा खेल खेला है। एक सेवानिवृत रेंज फॉरेस्ट अफसर दिग्विजय सिंह को विभाग की कई स्कीमों को पूरा करने के नाम पर 90 करोड़ का आवंटन कर दिया। हालांकि बाद में दिग्विजय सिंह को एक वर्ष का अवधि विस्तार भी नियमविरूद्ध दे दिया, ताकि जरूरत पड़ने पर मामले में पर्दा डाला जा सके। दिग्विजय सिंह पहले फॉरेस्टर के पद पर पदस्थापित थे। बाद में रेंज फॉरेस्ट अफसर के पद पर प्रोन्नत हुए और अपने स्थान पर जमे रहे। पीसीसीएफ के आदेश पर वह पूर्ववर्ती स्थान पर बने रहे। हालांकि सरकार ने अधिसूचना जारी कर मार्च महीने में महेंद्र प्रसाद नामक एक रेंज फॉरेस्ट अफसर को सरायकेला रेंज में पदस्थापित किया था। मगर, दिग्विजय सिंह ने तीन महीने गुजरने के बाद भी नवपदस्थापित रेंजर को पदभार नहीं सौंपा। बड़े अधिकारियों के चहेते रहने के चलते इस मामले में उनके खिलाफ किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई नहीं की गयी।

### वित्त नियमावली में क्या प्रावधान है...



वित्त नियमावली में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि किसी कार्य को करने के लिए दस हजार रुपये से अधिक राशि बतौर अग्रिम नहीं दी जा सकती है। मगर, जमशेदपुर में डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने स्कीमों को पूरा कराने के नाम पर दस करोड़ रुपये बतौर अग्रिम रेंज फॉरेस्ट अफसर दिग्विजय सिंह के नाम से चेक जारी कर दिया और कोषागार से पैसों की निकासी भी कर ली गयी। मजदूरों के बीच पांच हजार रुपये से अधिक की राशि नगद भुगतान किया गया है। नियम कहता है कि पांच हजार रुपये से अधिक की राशि मजदूरों के खाते में सीधे तौर पर जमा होनी चाहिए।

### सरायकेला में बॉयो डायवर्सिटी पार्क निर्माण का मामला

सरायकेला में बॉयो डायवर्सिटी पार्क के निर्माण के लिए 28 करोड़ रुपयों का बजटीय प्रावधान किया गया है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां भी कार्य पूरा किये बगैर ही पैसों का भुगतान कर दिया है। स्कीमों को पूरा दिखाया गया है। मगर, अभी तक उपयोगिता प्रमाण पत्र रेंज की ओर से समर्पित नहीं किया गया है।

### पोस्टल इंस्पेक्टर ने मांगी रिपोर्ट

मजदूरों के खाते खोलवाने में बरती गयी अनियमितताओं को लेकर पोस्टल इंस्पेक्टर ने सवाल उठाये हैं। उन्होंने इस सिलसिले में डीएफओ से रिपोर्ट मांगी है। मगर, डीएफओ द्वारा रिपोर्ट पोस्टल इंस्पेक्टर के पास अभी तक भेजी नहीं गयी है।

### झारखंड हाईकोर्ट में भी मामला विचाराधीन

रेंज फॉरेस्ट अफसर दिग्विजय सिंह के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में भी एक याचिका विचाराधीन है। यह याचिका अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह की ओर से दायर की गयी है। अनिल कुमार सिंह पूर्व में खुद रेंज फॉरेस्ट अफसर रह चुके हैं। इसमें उन्होंने दिग्विजय सिंह के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है। याचिका में उन्होंने दावा किया है कि बड़े अधिकारियों से वरदहस्त लेकर दिग्विजय सिंह ने बेशुमार चल तथा अचल सम्पत्ति अर्जित की है। यह इस बात से पता चलता है कि एक छोटे अधिकारी रहने के बावजूद दिग्विजय सिंह का जमशेदपुर, रांची, देवघर और पटना के मीठापुर में आलीशान मकान है। अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने उनकी सम्पत्ति की किसी सक्षम एजेंसी से जांच कराने का आग्रह किया है। सबसे दिलचस्प पहलु यह है कि सेवानिवृत अधिकारी, जो फिलहाल सेवा विस्तार के तौर पर काम कर रहे हैं, उन्हें पिछले कुछ महीने से वेतन नहीं मिल रहा है।

> नियमविरूद्ध कोई भी काम नहीं हुआ है। वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देशों और मार्गदर्शन के आलोक पर काम हो रहा है। जो आरोप लगाये गये हैं, वह बेबुनियाद हैं।
>
> **दिग्विजय सिंह, रेंज फॉरेस्ट अफसर, जमशेदपुर**


**न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रॉंची**
**(विधि शाखा)**

**विविध वाद संख्या 04/1997-98**
**DCTR 129R15/2000-01**
राज्य
बनाम्
जनार्दन प्रसाद सिंह एवं अन्य

नोटिस बनाम्
घनश्याम गिरि,
पिता–सियाराम गिरि
ग्राम–बोड़ेया, थाना–कॉंके, जिला–रॉंची।

एदत् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉंची के द्वारा दिनांक 11.09.2023 को WP(c) 2797/2007 में पारित आदेश के आलोक में सुनकर आवेदक के उपस्थिति के तीन माह के उपरान्त आदेश पारित करने हेतु निदेश दिया गया है।

अतः आप को पेपर प्रकाशन में माध्यम से सूचित किया जाता है कि सुनवाई हेतु उपायुक्त, रॉंची के न्यायालय में दिनांक 21.06.2024 को 10:30 बजे सभी कागजात/साक्ष्य सहित स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। यदि आप उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होगें तो समझा जायगा कि इस संबंध में आपको कुछ नही कहना है, तथा अभिलेख में उपलब्ध कागजात/साक्ष्य के आधार पर दायर अभ्यावेदन को सुनवाई कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

यह नोटिस स्थानीय पेपर प्रकाशन हेतु उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

प्रभारी उप समाहर्ता,
विधि शाखा, रॉंची

PR 325252 District(24-25)#D



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-कॉन-आरएनसी-एसएनईसीके-24-2, दिनांक 30.05.2024**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, रॉंची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। ई-निविदा नियत तिथि को दोपहर 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के रॉंची मंडल में हटिया (एचटीई) में रॉंची छोर की ओर कोचिंग एवं गुड्स शंटिंग नेक के विस्तार के संबंध में आरसी एवं पीएसआई कार्यों के साथ 25केवी ओएचई की आपूर्ति, संरचना, जांच एवं चालू करना। **कार्य का मूल्य:** रु. 83,04,813.30; **बोली सुरक्षा:** रु. 1,66,100; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in [E-Tender → Works देख सकते हैं (फोन नं. द्वारा लॉगइन करें) तथा ऊपर उल्लेखित निविदा सं. के साथ सर्च करें] तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **बि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-209)

विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह पर ली शपथ, नुक्कड़ नाटक आयोजित

# पर्यावरण बचाने का हो रहा चिंतन, आप भी कदम बढ़ायें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह पर पर्यावरण शपथ, संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक व एयर बैलून डिस्प्ले का आयोजन शनिवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति और आरयू की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। समिति के वरीय पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य खेल प्राधिकरण के उप निदेशक राजकिशोर खाखा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और संवर्द्धन करना सबकी जिम्मेदारी है। सभी के सामूहिक प्रयास से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

हॉकी के राष्ट्रीय पदक विजेता मनोहर टोपनो ने कहा कि पौधा रोपण एवं उसका संरक्षण करके पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल, जमीन एवं हरियाली से होती थी, जो आज गंभीर दिखाई दे रही है।

राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। पूरी दुनिया में पर्यावरण को बचाने का चिंतन हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी से अपने घर के शुभ अवसरों पर पौधा लगाने एवं उनका संरक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर पर्यावरण जागरुकता शपथ भी कराई गई।

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी के जागरुकता को ध्यान में रखकर हवा में बैलून को ऊंचाई में भेजकर उसे बांधा गया। एयर बैलून के माध्यम से आम लोगों के बीच जागरुकता कार्यक्रम चलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर भूमि संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति के अधिकारी कमलाकांत पाठक, मणिभूषण, अमृता मिश्रा, रोशनी सिंह एवं एनएसएस के रिकेश भारद्वाज, पुरुषोत्तम, आकाश मुंडा, अमित पांडेय, हर्षिका, विनय मुंडा, मुस्कान वर्मा, प्रीति कुशवाहा, उज्जवल कुमार का योगदान रहा।

## सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में झारखंड नंबर वन

जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट में झारखंड को सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में स्थान मिला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने में सक्रियता के आधार पर झारखंड देशभर के टॉप 10 राज्यों की सूची में पहले पायदान पर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार कई बड़े सोशल मीडिया अभियान चलाए गए। इस बार झारखंड में इस दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया। न केवल मुख्यालय स्तर से कई सोशल मीडिया अभियान चलाए गए, बल्कि राज्य के कुछ जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी अपने स्तर पर कई हैशटैग अभियान चलाया। इनमें आम लोगों की भी अहम सहभागिता रही।

**14 मानकों के आधार पर तैयार होता है परफॉरमेंस इंडेक्स** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सोशल मीडिया नोडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि देश के सभी राज्यों के सीईओ कार्यालयों की सोशल मीडिया सक्रियता की रैंकिंग के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जो हर माह परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार होती है। उसमें 14 विभिन्न मानकों को आधार बनाया जाता है। इन मानकों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कुल मासिक रीच, सब्सक्राइबर की आनुपातिक वृद्धि, नवाचारी अभियानों की संख्या, क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्ट की संख्या, दिव्यांग जनों के अनुकूल सामग्री का प्रयोग, स्थानीय आईकॉन व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ समन्वय, लाइव संवाद समेत अन्य प्रमुख रूप से शामिल हैं।

बच्चे के पैर से निकाली गयी गोली, खतरे से बाहर

## दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चली गोली, बच्चे के पैर में जाकर लगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के मिस्त्री मोहल्ले में शनिवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद में गोली चली। गोली पड़ोस में खड़े एक बच्चे के पैर में लगी। बच्चे को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डोरंडा इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना शनिवार शाम करीब पौने पांच बजे की है। बच्चे को गोली लगने के बाद दोनों पक्ष मौके से भाग गये।

बताया जाता है कि इकराम और पप्पू बॉस के बेटों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर गोली चला दी। इस घटना में दोनों पक्ष को कुछ नुकसान नहीं हुआ, लेकिन एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है।





### क्या है पूरा मामला

डोरंडा थाना प्रभारी आंनद किशोर ने बताया कि पुरानी अदावत में कुछ आपराधिक तत्वों के बीच आपस मे झड़प हुई, इसी दौरान एक पक्ष के द्वारा फायरिंग की गई, जिसमे पास में ही खेल रहे एक दस साल के बच्चे के पैर में गोली लग गई। घायल बच्चे को इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने बच्चे के पैर से गोली निकाल दी है। उसके बाद बच्चे को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। घायल बच्चे की स्थिति खतरे से बाहर है।

### जांच में जुटी पुलिस

डोरंडा पुलिस के अनुसार फायरिंग करने वाले अपराधियों की पहचान कर ली गई है। फायरिंग करने वालों में सैफ, शकिब और सनजर का नाम सामने आ रहा रहा है। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### तीन हथियार से फायरिंग की सूचना

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि तीनों अपराधियों के हाथ में हथियार था और तीनों ने एक-एक फायरिंग की थी। इसी फायरिंग में पास में ही खेल रहे 10 वर्षीय अकदस मिर्जा को गोली लग गई।

## डीजे हत्याकांड में इस्तेमाल हुआ राइफल बरामद, तीन गिरफ्तार

27 मई की रात अभिषेक सिंह ने संदीप को मारी थी गोली



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने डीजे हत्याकांड में प्रयुक्त राइफल को बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस राइफल को गोदाम में छिपा कर रखा गया था। पुलिस को पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि तुपुदाना इलाके में राइफल को छुपा कर रखा गया है। पुलिस ने इस हत्याकांड में प्रयुक्त राइफल को बरामद कर लिया है।

गौरतलब हो कि 27 मई की देर रात अभिषेक सिंह ने डीजे संचालक संदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में रांची पुलिस ने अब तक कुल 17 लोगों को जेल भेज दिया है। इस मामले में रांची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आलोक, सुमित और पंकज है। इसके अलावे पुलिस ने 30 गोली, 3 खोखा, एक मैगजीन और चार वाहन बरामद किया है।

## बदले मौसम से कई जिलों में राहत, आंधी व तूफान से पेड़ गिरे, बिजली आपूर्ति बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य में भीषण गर्मी के बीच शनिवार को आयी आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचायी। लातेहार सहित कई जिले में कई जगहों पर पेड़ गिरने से कहीं वाहन, तो कहीं घर टूट गये, वहीं सड़क आवागमन बाधित हो गया। रांची में भी आंधी आयी। आंधी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। मौसम बदलने से रांची समेत कई जिलों के तापमान में कमी आयी है जबकि डालटेनगंज, गढ़वा, चतरा समेत आधे दर्जन जिलों में अभी भी जानलेवा गर्मी पड़ रही है। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार तथा लोहरदगा जिले को छोड़कर अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के दौरान उत्तर-पूर्वी, मध्यम तथा दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं का झोंका के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जिन इलाकों में बारिश की संभावना है, उनमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां है।

### इन जिलों में भीषण गर्मी

डालटेनगंज का तापमान 45.4 डिग्री, गढ़वा 45.3 डिग्री, चतरा 42.3 डिग्री, गुमला 42.2 डिग्री, लातेहार 40.7, लोहरदगा 42.9 डिग्री, सरायकेला 41.1 डिग्री।

### इन जिलों में राहत

रांची 38.4 डिग्री, जमशेदपुर 38.3 डिग्री, बोकारो 39.3 डिग्री, देवघर 37.3 डिग्री, धनबाद 34.8 डिग्री, गिरिडीह 36.6 डिग्री, गोड्डा 36.3 डिग्री, हजारीबाग 39.3 डिग्री, जामताड़ा 36.3 डिग्री, खूंटी 39 डिग्री, बहरागोड़ा 36.8 डिग्री, पाकुड़ 37.6 डिग्री, रामगढ़ 39 डिग्री, साहिबगंज 35.7 डिग्री, सिमडेगा 37.9 डिग्री, प. सिंहभूम 39.8 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## राजस्थान मित्र मंडल के सरोवर महादेव मंदिर में दानपेटी से चोरी, प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन पथ स्थित राजस्थान मित्र मंडल के सरोवर महादेव मंदिर में कल देर रात चोरी हो गई है। संस्था के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने कोतवाली थाना में चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने मन्दिर स्थल का जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित संस्था के पदाधिकारियों को जल्द ही इस चोरी के आरोपियों को गिरफ्तारी करने का आश्वस्त किया है। संस्था के पदाधिकारियों में इस वारदात को लेकर काफी रोष है कि मन्दिर जैसी पावन स्थल मे चोरी वो भी शहर के चहल पहल इलाके में होना, प्रशासन की अपराध नियंत्रण में नाकामी दर्शाता है। मालूम हो कि प्रत्येक दिन के भाती सरोवर महादेव मन्दिर रात्रि



को पूजन, शयन आरती पश्चात पट लॉक कर दिया गया। सुबह मन्दिर के ग्रिल गेट को तोड़कर मन्दिर के दानपात्र बॉक्स से नगद राशि, मन्दिर मे लगे बड़ी पीतल के घण्टा, तांबा के नागदेवता, बिधुत उपकरण एवं अन्य सामग्री चोरी कर लिया।

विदित हो की सरोवर महादेव एक सिद्धी मन्दिर है, जहां नित्य पूजन पाठ व श्रद्धालु आते हैं।

## रुक्का क्षेत्र में दो घंटे बाधित बिजली, आज आंशिक जलापूर्ति



**रांची।** दिन के करीब 3:00 बजे बूटी मोड़ से विकास तक तेज आंधी और बारिश हुई इसके कारण रुका वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में दो घंटे बिजली नहीं रही। शाम 5:00 बजे बिजली बहाल हुई। करीब दो घंटे तक प्लांट बंद रहने के कारण प्लांट से पानी का ट्रीटमेंट का काम शाम 5:00 बजे के बाद शुरू हुआ। इस वजह से रविवार को रुक्का से निकलने वाले टाउन लाइन से अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी। रविवार को मेन रोड, चुटिया, चर्च रोड, हिंदपीड़ी, अपर बाजार, कांटाटोली, कोकर, लोवाडीह, नामकुम, दीपाटोली और आसपास रविवार को अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी।

## शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण, दस साल कैद की मिली सजा

आरोपी ने पीड़िता का दो बार गर्भपात भी कराया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने मुकेश लाल महतो को दुष्कर्म केस का दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने मुकेश पर 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि दोषी जुर्माने की राशि नहीं देता है, तो उसे 10 महीने का अतिरिक्त सश्रम करावास भुगतना होगा। मुकेश के खिलाफ कांके थाना में कांड संख्या 151/2014 दर्ज किया गया था।

इस केस में मुकेश द्वारा पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर 6-7 वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। बाद में वह शादी करने से मुकर गया। पीड़िता के इनकार करने पर भी अभियुक्त ने जबरन पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाया। इस दौरान वह वर्ष 2012 और 2014 में दो बार वह गर्भवती भी हुई। अभियुक्त उसे मातृछाया अस्पताल, सीएमपीडीआई ले गया और गर्भपात करा दिया। जब पीड़िता और उसके माता-पिता ने अभियुक्त व उसके माता-पिता पर विवाह करने के लिए कहा, तो उनकी ओर से शादी करने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया।

मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा ने पंडरा में मतगणना स्थल का लिया जायजा

## निर्वाची पदाधिकारी ने मतगणना प्रेक्षक को पूरी व्यवस्था और तैयारियों की दी जानकारी





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए चार जून को होनेवाली मतगणना को लेकर पण्डरा बाजार समिति में अवस्थित मतगणना स्थल में तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। शनिवार को रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 50-ईचागढ़, 61-सिल्ली एवं 62-खिजरी विधानसभा के मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा ने मतगणना स्थल का जायजा लिया। निर्वाची पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा को पूरी व्यवस्था एवं की गई तैयारियों से अवगत कराया। प्रेक्षक अमित मेहरा ने रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए मतगणना भवन में की गई तैयारियों का जायजा लिया।

निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेक्षक को मतगणना भवन में मतगणना अभिकर्ताओं के प्रवेश करने के मार्ग, स्ट्रांग रूम से ईवीएम मतगणना भवन तक लाने, पोस्टल बैलट एवं ईवीएम के मतों की गिनती के समय आदि की विस्तार से जानकारी दी गयी।

मैप के माध्यम से भी प्रेक्षक अमित मेहरा को पण्डरा में बनाये गये स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की व्यवस्था की जानकारी दी गयी। अमित मेहरा ने कंट्रोल रूम, मीडिया सेल का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, संपर्क पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा के लिए क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स तैयार

राजधानी के कई प्रतिष्ठित डॉक्टर क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स से जुड़े



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स राजधानी रांची में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को तैयार है। ये बातें शनिवार को ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि हम अपनी मेडिकल टीम का विस्तार करते हुए अत्यधिक कुशल और अनुभवी डॉक्टरों की एक नई समूह को शामिल करने की घोषणा करते हुए हर्ष महसूस कर रहे हैं। नई टीम में न्यूरो साइंसेज जैसे विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार और डॉ. पैट्रिक मिंज को शामिल किया गया है। लैप्रोस्कोपिक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी विभाग में डॉ. (मेजर) रमेश दास, डॉ. ओम प्रकाश और टीम को शामिल किया गया है। कार्डियक साइंसेज विभाग में डॉ. अनुपम कुमार और टीम को शामिल किया गया है। मैक्सिलो फेशियल और ट्रॉमा सर्जरी विभाग में डॉ. अनुज कुमार और कई अन्य दिग्गज डॉक्टर व्यापक और उन्नत चिकित्सा सेवा प्रदान करने की हमारी क्षमता को बढ़ाने के लिए शामिल हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपनी टीम में डॉक्टरों के ऐसे प्रतिष्ठित समूह का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। उनकी विविध विशेषज्ञता और मरीजों के देखभाल के प्रति समर्पण, शीर्ष-स्तरीय चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने की हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। यह हमारे अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है और हमें विश्वास है कि हमारे यहाँ के मरीजों को उनकी उपस्थिति से बहुत लाभ होगा।

क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल हमेशा से ही चिकित्सा नवाचार और रोगी देखभाल में सबसे आगे रहा है। इन प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को शामिल करने के साथ, हम रांची में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

# गैर मजरूआ भूमि का म्यूटेशन रसीद कटने में पूर्व की प्रक्रिया बहाल हो : किशोर

## लैंड रिफॉर्म्स को लेकर चैंबर उप समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के लैंड रिफॉर्म्स उप समिति की बैठक शनिवार को अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में चैंबर भवन में संपन्न हुई। राज्य में उद्योग-व्यापार के लिए भूमि की आसान उपलब्धता नहीं होने के कारण डेवलपमेंट के कार्य प्रभावित होने की बात पर बैठक में चर्चा की गई। इस बात पर जोर देते हुए कहा गया कि झारखण्ड के 24 जिलों में लैंड बैंक बनाकर उद्योग व्यापार के लिए 100-100 एकड के भूखंड केवल उद्योगों के लिए उपलब्ध कराया जाय। 5, 10, 20 हजार स्कवॉयर फीट के भूखंड उद्योगों को आवंटित किया जाना बेहतर परिणाम दे सकता है जिससे छोटे-छोटे व्यवसाय, उद्योग एवं गृह उद्योगों को बढ़ावा मिल सकेगा। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राज्य में गैर मजरूआ भूमि का म्युटेशन रसीद कटने की पूर्व प्रक्रिया को पुनः बहाल करना अतिआवश्यक है। ऐसी प्रक्रिया पडोसी राज्य बिहार में भी लागू है। व्यापारियों की समस्या को देखते हुए उन्होंने यह भी कहा कि खासमहल भूमि को जिलावार एक उचित शुल्क लेकर लीज रिन्यूअल किये जाने की प्रक्रिया पर भी विचार जरुरी है। इससे खासमहल भूमि से प्रभावित जिलों का विकास तीव्र गति से संभव होगा। लैंड रिफॉर्म उप समिति के चेयरमेन रमेश कुमार साहू ने कहा कि झारखण्ड में सीएनटी एसपीटी एक्ट के रहते हुए भूमि की भारी कमी बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में गैर मजरूआ भूमि को पहले की तरह सुचारू रूप से रसीद काटने की प्रक्रिया को चालू करना चाहिए।

इससे राज्य में बहुत सारे रूके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी। चैंबर महासचिव परेश गप्तानी ने कहा कि वर्ष 2012 से पूर्व गैर मजरूआ भूमि पर जिस प्रकार निबंधन और दाखिल खारिज की व्यवस्था थी, वही व्यवस्था पुनः बहाल करनी चाहिए तथा उसपर निबंधन और दाखिल खारिज की रोक हटानी चाहिए ताकि उस भूमि के एवज में आसानी से बैंक लोगों को लोन दे सकें और उस भूमि पर उद्योग लग सकें।

सह सचिव अमित शर्मा ने व्यापार उद्योग लगाने में भूमि से संबंधित आनेवाली अडचनों पर चर्चा की। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गप्तानी, सह सचिव अमित शर्मा, उप समिति चेयरमेन रमेश कुमार साहू, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, अधिवक्ता मित्तुल कुमार, अधिवक्ता जितेंद्र शाह, कुशवाहा बिजय कुमार, कार्तिक प्रभात, राजीव प्रकाश चौधरी, शिवषंकर महतो उपस्थित थे।

**खबर एक नजर में**

### झारखंड में पहली बार मेदांता में एंडोस्कोपी प्रक्रिया से पैंक्रियायटिस का इलाज

**रांची।** झारखंड में पहली बार मेदांता अस्तपाल में एंडोस्कोपनी प्रक्रिया से पैंक्रियायटिस का इलाज किया गया है। यह जानकारी मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल के डॉक्टर संगीत सौरभ ने दी। वह रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि रामगढ़ निवासी एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पेट में असहनीय दर्द, बार-बार होने वाले बुखार व उल्टियां आने से परेशान था। इससे पहले भी किसी दूसरे अस्पताल में उसने इलाज कराया था। डॉ सौरभ ने बताया कि मरीज की स्थिति को देखते हुए ईयूएस प्रक्रिया के तहत इलाज किया गया। इसे सिस्टोगैस्ट्रोस्टमी कहा जाता है। इसमें एक्यूट पैंक्रियायटिस के बाद मरीज के गंदे संक्रमित तरल पदार्थ व मलबे जमा होते हैं। इसे स्पूडोसिस्ट या डब्लूओएन कहा जाता है। एंडोस्कोपी के जरिये पानी के निकासी की गई, साथ ही स्टंट लगाया गया। इससे हानिकारण पानी बाहर निकाला गया। इस तरह रामगढ़ निवासी मरीज को ठीक किया गया। मरीज के बारे में जानकारी देते हुए डॉ सौरभ ने बताया कि शुरू में तो उन्हें एंटीबायोटिक दिया गया। बाद में सिटी स्कैन कराने पर पता चला कि उन्हें एक्यूट पैंक्रियायटिस है। आज पैंक्रियायटिस की बीमारी काफी बढ़ रही है। यह एक गंभीर बीमारी है। 10 प्रतिशत मामले में मरीज की जान भी चली जाती है। गॉलस्टोन और शराब पीने की वजह से यह बीमारी होती है। इस बीमारी में पेंक्रियाज और आसपास की टिश्यू में सूजन हो जाता है, जिसकी वजह से 20 से 30 प्रतिशत मरीजों में आर्गन फेलियर हो सकता है। इस बीमारी में पैंक्रियाज में सूजन हो जाता है, जिसका प्रभाव अन्य अंगों पर भी पड़ सकता है।

### मारवाड़ी ब्राम्हण सभा का प्रतिभा सम्मान समारोह आज, मेघावी छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित

**रांची।** मारवाड़ी ब्राशण सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, सचिव किशन शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक धर्मचंद शर्मा ने संयुक्त रूप से शनिवार को बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के मेघावी छात्र-छात्राएं जिन्होंने 2024 सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा मे 85% से अधिक अंक प्राप्त, आईसीएसई की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा मे 80% से अधिक अंक प्राप्त एवम जैक की परीक्षा में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल डिग्री सीए, सीएफए, डॉक्टर व अन्य मे विशेष स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी मारवाड़ी ब्राशण सभा की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक धर्मचंद शर्मा ने बताया कि इसके लिए ब्राम्हण सभा, राँची मे प्रविस्टि प्रपत्र उपलब्ध हैं जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर प्रपत्र जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सभा अध्यक्ष, सभा सचिव या कार्यक्रम संयोजक से सम्पर्क स्थापित कर उन्हे भी अपनी प्रविस्टि जमा या भेज सकते हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा ने दी।

### 18 वर्ष से पूर्व अपनी बेटियों का विवाह न करें : शिवानी



**रांची।** न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में शनिवार को डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन लहना पंचायत के लहना गांव में किया गया। मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने आदिवासियों के अधिकार, मानवता, कर्तव्य, तृप्ति, समाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप अपने अधिकारों को जाने और उसका लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को निबंधन कराना आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने बाल श्रम, बाल विवाह एवं डायान बिसाही पर फोकस किया। कहा कि 18 वर्ष से पहले बेटियों का विवाह न करायें, उन्हें उचित शिक्षा दें। मौके पर पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, नीतू देवी, बेबी देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

## दिल्ली से रांची आ रही राजधानी एक्सप्रेस के पहिए में लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दिल्ली से रांची आ रही राजधानी एक्सप्रेस के पहिए में अचानक आग लग गई, जिससे यात्रियों के होश उड़ गए। यह घटना रफीगंज स्टेशन के पास घटी। जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच अफरा तफरी का माहौल में हो गया। यह घटना शनिवार अहले सुबह करीब 3:30 बजे की है।

धुआं दिखते ही ट्रेन को अचानक रोका गया और फिर लगभग एक घंटे तक ट्रेन के चक्कों की जांच की गई।

ट्रेन के चक्कों के पास धुआं देखते ही सभी यात्री ट्रेन से उतर गए और मदद की गुहार लगाने लगे। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए ट्रेन की टेक्निकल टीम ने पूरे ट्रेन को चेक किया और जब पूरी तरह से धुआं समाप्त हो गया तब फिर ट्रेन को चालू किया गया। वहीं कुछ यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में चेन पुलिंग की गई थी। जिस वजह से चक्के से धुआं निकलने लगा। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, घटना की वजह से ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे लेट रांची पहुंची है। पूरी घटना पर रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने बताया कि ट्रेन सुरक्षित रूप से रांची पहुंच गई है।

घटना को लेकर विस्तृत जानकारी ली जाएगी कि आखिर किन वजह से चक्कों से धुआं निकलना शुरू हुआ। यह किसी की गलती है या फिर तकनीकी खराबी की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलुओं पर जांच की जाएगी।

# मेडिका हॉस्पिटल रांची में बनवायेगा 150 करोड़ लागत वाला कैंसर हॉस्पिटल

## दस वर्षों में मेडिका ने 7.40 लाख मरीजों का किया ईलाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची ने शनिवार को झारखंड में 10 वर्ष पूरे कर लिये। इसे लेकर संस्था की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। इसमें मेडिका समूह के एमडी उदयन लाहिड़ी, जेएमडी अयनाभ देवगुप्त, ऑन्कोलॉजी विभाग के समूह निदेशक डॉ. सौरव दत्ता, क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ. विजय मिश्र शामिल हुए। निदेशक उदयन लाहिरी ने कहा की गुणवत्ता, अफोर्डेबल और सेवा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं करना मेडिका समूह की विशेषता है। उन्होंने रांची और झारखण्ड वासियों को 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कैंसर हॉस्पिटल की घोषणा की। वहीं, जेएमडी अयनाभ देवगुप्त ने कहा कि उनके अच्छे कार्यों को मीडिया ने हमेशा प्रमुखता से स्थान दिया है। हम मीडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा आने वाले दिनों में झारखंड में मेडिका की स्वर्णिम योजनाएं यहां के हर तबके के लिए समर्पित रहेंगी। डॉ. सौरव दत्ता ने कहा कि अब कैंसर रोगियों को झारखण्ड से बहार जाने की जरुरत नहीं होगी। मेडिका की वर्तमान ऑन्कोलॉजी टीम आधुनिक सुविधा संपन्न है।

क्रिटिकल केयर के निदेशक डॉ. विजय कुमार मिश्र ने बताया कि मेडिका हॉस्पिटल पर झारखण्ड का भरोसा पहले दिन से बना है और उसी का परिणाम है कि 10 वर्षों में मेडिका ने 7 लाख 40 हजार मरीजों का इलाज किया है। इस अवसर पर मेडिका हॉस्पिटल में अपनी सेवा के 10 वर्ष पूरे करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# जून के मध्य में आयेगा सीयूइटी यूजी- 2024 का रिजल्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम टेस्ट अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी) पूरा हो चुका है। अब छात्रों को रिजल्ट का इंतजार है। इससे पहले जल्द से जल्द इसकी आंसर की जारी की जा सकती है। बताते चलें कि सीयूईटी के परिणाम जून माह के मध्य में जारी किए जा सकते है। इसके बाद छात्र सीयूईटी की ऑफिसियल वेबसाइट पर नतीजे चेक कर सकेंगे। मालूम हो कि देशभर के 46 केंद्रीय और 37 राज्य विश्वविद्यालयों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में अब कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीयूईटी यूजी के जरिए एडमिशन होता है। पहले दिन देश के 2157 केंद्रों पर 25.91 लाख छात्र केमिस्ट्री, बायोलॉजी, इंग्लिश और जनरल टेस्ट की परीक्षा में शामिल हुए। अलग-अलग विषयों की परीक्षाएं विभिन्न दिन में आयोजित की गयीं।

**आंसर की जारी होने के बाद दे सकते हैं चुनौती :** बताते चलें कि सीयूईटी परीक्षा की आंसर की जारी होने के बाद अगर छात्र किसी प्रश्न के उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे प्रोविजनल आंसर की को चुनौती भी दे सकेंगे। इसके बाद फाइनल आंसर की जारी की जाएगी। अगर प्रोविजनल आंसर की पर कोई आपत्ति स्वीकार की जाती है, तो उसकी समीक्षा विशेषज्ञ द्वारा की जाती है। इसके बाद उनका निराकरण करने के बाद ही फाइनल आंसर की जारी की जाती है। मालूम हो कि नॉलेज ट्रेडिशन एंड प्रैक्टिस इन इंडिया का पेपर 29 मई को आयोजित किया गया था, यह सीबीटी मोड में था। इस बार सीयूईटी परीक्षा में छात्रों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में काफी परेशानी हुई।

### जानें कब हुई थी सीयूइटी परीक्षा

सीयूईटी यूजी- 2024 का आयोजन एनटीए द्वारा हाइब्रिड मोड (सीबीटी और पेन और पेपर) में 15, 16, 17, 18, 21, 22 और 24 मई 2024 को 26 शहरों समेत 379 शहरों में स्थित अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। परीक्षा करीब-करीब 13.48 लाख कैंडिडेट्स के लिए आयोजित की गई थी।

## श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न



**रांची।** श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 114वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में नथमल अग्रवाल, सरला देवी अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, श्याम बिहारी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल ,सर्वेश अग्रवाल, अंश अग्रवाल, स्तुति अग्रवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भोग लगे प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## असनौर के युवक की हत्या, एक धराया

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के असनौर गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। ग्रामीणों ने गोली मारने वाले व्यक्ति को पकड़कर जमकर पीटा। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टया आपसी रंजिश में हत्या का मामला प्रतीत होता है। समाचार के अनुसार योगेंद्र यादव शुक्रवार की शाम घूमने निकले थे। इसी क्रम में आस-पास के गांव का ही एक एक व्यक्ति आया और उनसे बातचीत करने लगा। बातचीत के क्रम में ही आरोपी ने योगेंद्र यादव को गोली मार दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने गोली मारने वाले आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

# तंबाकू का सेवन खुद के साथ परिवार-समाज के लिए भी नुकसानदायक : डॉ स्नेहलता

खबर मन्त्र संवाददाता


समारोह में बोलतीं चिकित्सक।

**पंडवा पलामू।** वर्ल्ड एंटी टुबैको डे के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के रजहीखाड़ में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहलता त्रिपाठी ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। मौके पर डॉ स्नेहलता त्रिपाठी ने कहा कि तंबाकू का सेवन खुद के साथ साथ परिवार व समाज के लिए नुकसानदायक है। तंबाकू का सेवन कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को आमंत्रण देना है। आज सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, गांजा के सेवन के कारण कम उम्र में ही लोग विभिन्न जानलेवा बीमारी के शिकार हो जा रहें जिसके कारण लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी बचाया नहीं जा सकता है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि आज संकल्प लेने का दिन है कि जिससे नुकसान है उसका हम सभी त्याग करें। ईश्वर ने पृथ्वी का सबसे श्रेष्ठ प्राणी के रूप मानव को बनाया है तो हमें विचार करना होगा कि क्या सही है और क्या गलत है।

# नन्हे मुन्नों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्राचीन श्रीराम मंदिर, चुटिया में शनिवार को नन्हें मुन्नों ने संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ कर भक्ति की ज्योत जगायी। मां फाउंडेशन की ओर से इसका खास आयोजन किया गया। इसमें बड़ों ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। सुबह नौ बजे दैनिक पूजन-आरती के बाद महंथ गोकुल दास के सान्निध्य में जैसे ही पाठ प्रारंभ हुआ, 150 बच्चों के सुमधुर स्वर लहरियों से वातावरण गूंज उठा। सयाने बच्चों ने एकाग्रचित्त हो सस्वर पाठ कर सब का मन मोहा तो नासमझ बच्चों ने अपने बालसुलभ व्यवहार से सब का दिल जीता। सुबह दस बजे आरती के साथ पाठ संपन्न हुआ।

सब के बीच लड्डू प्रसाद बांटा गया। नन्हें मुन्नों को हनुमान चालीसा की प्रति के साथ नये परिधान भी भेंट स्वरूप दिए गये। मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद बिजय कुमार साहू ने माताओं से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करवायें। इससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। फाउंडेशन की डॉ सुमन दुबे, गीता ओझा, अन्या शाहदेव, पुष्पा देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, अमन, मास्टर सुरेश आदि ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प के साथ आईकॉन्स-24 संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में मेकॉन लिमिटेड और सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस्पात पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'आईकॉन्स-24' का समापन शुक्रवार को देर शाम हुआ। सम्मेलन का विषय 'पूंजीगत वस्तुओं पर ध्यान' था। दो दिन तक चले इस सम्मेलन में एकजुट होकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया गया। कहा गया कि प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकियों और पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण के लिए बड़े पैमाने पर और तेजी से स्वदेशीकरण पर ध्यान देना होगा। इससे ही विदेशी प्रौद्योगिकी आपूर्तिकताओं और निमार्ताओं पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने में भी मदद मिलेगी। सम्मेलन में शामिल विनिर्माण कंपनियों, लौह इस्पात उत्पादकों, उपकरण आपूर्तिकर्ता, इंजीनियरिंग और परामर्श कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भारत में पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्जवल इस्पात बाजार परिदृश्य को आकार देने का संकल्प लिया। कहा, यह एकजुट प्रयास देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में तेजी से आगे ले जा सकेगा।

### पूंजीगत वस्तुओं का स्वदेशी रूप से विनिर्माण खोलेगा द्वार

सम्मेलन में प्रतिभागियों ने इस्पात उद्योग के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की। सम्मेलन में पूंजीगत वस्तुओं के निर्माण में भारत की क्षमता और इसके बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण के लिए और इसके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा कि बड़े पैमाने पर पूंजीगत वस्तुओं का स्वदेशी रूप से विनिर्माण देश में इस्पात की मांग को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के रास्ते खुलेंगे, प्रौद्योगिकी अवशोषण के अवसर मिलेंगे और स्वदेशी डिजाइन और उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का निर्माण होगा। यह सब देश को आत्मनिर्भर बनने में काफी हद तक मदद करेगा।

मौके पर संयुक्त सचिव अभिजीत नरेन्द्र, संयुक्त सचिव डॉ संजय रॉय, मेकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा, वित्त निदेशक मुकेश कुमार, तकनीकी निदेशक अमित राज, परियजोना निदेशक प्रद्युम्न कुमार दीक्षित, सीईटी के कार्यपालक निदेशक श्रवण कुमार वर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## जानलेवा गर्मी... लू की चपेट में आने से किशुनपुर में एक व्यक्ति की मौत



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर निवासी भागीरथी सोनी (42) वर्ष की मौत लू की चपेट में आने से हो गयी। भागीरथी छत्तीसगढ़ में अपने परिवार के साथ रहता था। वह गार्ड का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपनी मां के श्राद्ध कर्म करने अपने गांव किशुनपुर आया हुआ था। दो दिन पहले भागीरथी सोनी अपने मां का श्राद्ध कर्म करके निवृत्त हुआ था। वह बीपी और डायबिटीज का मरीज था और अपने मां के श्राद्ध कर्म में दौड़ धूप करने में लू की चपेट में आ गया जिससे उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गयी। आनन-फानन में परिजनों ने उसे ईलाज हेतु मेदिनीनगर अस्पताल लाये, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मालूम हो कि भागीरथी सोनी अपने पीछे पत्नी समेत चार छोटे छोटे बच्चे छोड़ गये हैं। इस घटना से पूरा किशुनपुर ग्राम के लोग मर्माहत हैं।

# बेड़ो : खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से दो महिला की मौत

**एक छात्रा और दो महिला समेत तीन घायल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बोदा गांव के बउली सोकरा जंगल के समीप बउली गढ़ा में शनिवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे मिट्टी खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से घटना स्थल पर ही एक 35 वर्षीय महिला बरती उरांव पति धन्नो भगत व एक 23 वर्षीय युवती सोमेश्वरी धान पिता स्व बाना भगत की दर्दनाक मौत हो गई। वही मॉडल स्कूल बेड़ो की 15 वर्षीय छात्रा अमृता कोया पिता शिवराज कोया 20 वर्षीय पंची लकड़ा पिता स्व चमरा उरांव व 24 वर्षीय यशोदा कुमारी पति मनोज लकड़ा घायल हो गईं। तीनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डा मेघा भगत की देख रेख में इलाज किया गया। बताया जाता है कि सभी महिलाएं नेहालु पंचायत की रोगो गांव निवासी हैं। जो अपने घरों में लेपन कार्य के लिए सभी महिलाएं मिट्टी की खुदाई कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मिट्टी के धंसने से उनके ऊपर मिट्टी का मलवा जा गिरा। जिससे यह हादसा हुआ।इधर घटना के बाद हर तरफ चीख.पुकार मच गई थी। दो महिलाओं की लाश मिट्टी में दबी थी। उनके स्वजन और बच्चे बिलख रहे थे। हर कोई घटनास्थल की तरफ भाग रहा था। देखते ही देखते पूरा रोगो व बोदा दोनों गांव सहित आसपास के लोग जमा हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव व एसआई रौशन कुमार घटना स्थल पर पहुंचे।



### दो घंटे की मशक्कत के बाद निकला शव

महरू गांव के समाज सेवी साबिर मीर व श्रवण खान नेहालु मुखिया वीरेंद्र भगत, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, बबलू लोहरा व देवानंद सिंह द्वारा जेसीबी मंगवा कर पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी से मलबा को हटाकर दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। वहीं घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। इधर हादसे से पूरा रोगो गांव गमगीन हो गया। वहीं इस हृदय विदारक घटना से हर कोई मर्माहत है। सीओ प्रताप मिंज ने कहा घटना बहुत दुखद है। भूस्खलन से मिलने वाली मुआवजा राशि को पीड़ित परिवार को दिया जाएगा।

# सुईसा रेलवे फाटक के समीप रेल ओवर हेड तार टूटा, दो यात्री घायल

**सिंगपुर नर्सिंग होम मेंचल रहा है इलाज**



घायल को अस्पताल ले जाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुरी।** नई दिल्ली से पुरी चलने वाली नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन में मुरी-चांडिल रेल खंड के सुईसा रेल फाटक के पास रेलवे ओवर हेड तार (पेंटों) गिरने से दो यात्री चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल अवस्था में झालदा प्राथमिक इलाज के बाद मुरी सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। एक यात्री राहुल कुमार और दूसरा राम शंकर दोनों रायबरेली के रहने वाले हैं। उनके परिजन ने बताया कि घटना सुबह साढ़े सात बजे के आसपास की है। दोनों फ्रेश होने दरवाजा के पास गए थे। उसी समय तार की चपेट में आ गए।

डाक्टर ने बताया कि हेड इंजुरी है। अन्य किसी की मौत की खबर नहीं है। मौके पर रेल मंडल के सीनियर डाक्टर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। घटना से नीलांचल एक्सप्रेस के अलावा बरकाकाना टाटा पैसेंजर विलंब से खुली।

## स्पीड न्यूज

### धनबाद में पदस्थापित अनगड़ा के दरोगा की बीमारी से घर में मौत



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के साहेदा निवासी एसआई राजेश कुमार (32 वर्ष) की बीमारी से शनिवार को उनके निवास स्थान में मौत हो गई। वे विगत दो साल से किडनी की बीमारी से ग्रसित थे। राजेश कुमार 2018 बैच के दरोगा थे। इससे पूर्व वे देवघर में पदस्थापित थे। चुनाव से पूर्व इनका तबादला धनबाद कर दिया गया था। इनका पिछले डेढ़ साल से विभिन्न अस्पतालों में ईलाज चल रहा था। कुछ दिन पूर्व चिकित्साकों ने भी जबाब दे दिया था। इसके बाद परिजन उन्हें साहेदा स्थित पैतृक आवास ले आए थे। धनबाद जिलाध्यक्ष पुलिस पदाधिकारी एसोसिशन के संयुक्त सचिव रजनीकांत व एसआई शिवकुमार ने दिवंगत दरोगा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इनका अंतिम संस्कार स्वर्णरेखा नदी के नहर किनारे मुक्तिधाम में किया गया। सिकिदिरी थाना की पुलिस ने एसआई रोशन कुमार के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा, भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, कर्मकार बोर्ड के सदस्य पारसनाथ भोगता, नंदलाल राम आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### रातू : चोरी की बाइक के साथ एक धराया, जेल

**रातू।** पुलिस ने बाइक चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाइक के साथ पकड़े गये सुखदेवनगर स्थित मधुकम शास्त्री नगर निवासी विष्णु शाह को शनिवार की दोपहर जेल भेज दिया। जानकारी अनुसार आरोपी विष्णु साह और उसका सहयोगी मुखिया जी, जो सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के ही टंगराटोली का रहने वाला है, मिलकर 29 मई को कमड़े से बाइक जेएच 01 ईडब्ल्यू 8987 की चोरी कर ली थी। 31 मई की शाम तिलता चौक में पुलिस को चेकिंग अभियान चलाते देख विष्णु भागने लगा। जवानों ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और कागजात की जांच की, तो बाइक चोरी की निकली। पुलिस के हत्थे चढ़े विष्णु ने अपना जुर्म कबूल करते हुये बताया कि 2020 में वह सोना चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। थानेदार शशिभूषण चौधरी ने बताया कि ।उसके दोस्त मुखिया जी की तलाश जारी है। उन्होंने उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिये जाने का दावा किया है।

### दो बाइक की भिड़ंत में घायल, रिम्स रेफर

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित पुंगी मोड़ पर हुई बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। मांडर थाना क्षेत्र के पुंगी मोड़ पर शनिवार शाम लगभग चार बजे करकरा के 22 वर्षीय रोहित उरांव अपने एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था। तभी उक्त स्थान के निकट उसकी भिड़ंत सामने से आ रहे गढ़मी के 20 वर्षीय सूरज उरांव की बाइक से हो गई। इस हादसे में दोनों ही बाइकों के पीछे बैठे लोगों को चोट नहीं लगी, जबकि बाइक चला रहे सूरज और रोहित को गंभीर चोट लगी है। दोनों का इलाज रेफरल अस्पताल मांडर में कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक की चोरी

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के महावीर नगर से बुधवार देर रात्रि घर के बाहर खड़ी बाइक की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई। भुक्तभोगी ओमप्रकाश महतो ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि महावीर नगर ज्ञानोदय स्कूल के पास के अपने घर के बाहर रात 12 बजे गेट के सामने बाइक खड़ी करके घर के अंदर गया। कुछ ही देर बाद घर से वापस बाहर आया तो बाइक गायब थी। भुक्तभोगी ने बाइक चोरी की लिखित शिकायत थाना में की है।

**ओरमांझी में खेतों की जुताई और क्रशर में नाबालिग चलाते हैं ट्रैक्टर**

# ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग चालक की मौत

**मुआवजा के नाम पर मामले को दबाने का हो रहा प्रयास**



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के दुनदुन में एक ट्रैक्टर पलटने से दबकर एक 17 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रामगढ़ जिला के एतयातू निवासी शिवा बेदिया का बेटा छोटन बेदिया के रूप में हुई है। छोटन बेदिया काफी समय से थाना क्षेत्र के महुटोली कुच्चू निवासी इम्तियाज अंसारी का ट्रैक्टर चला रहा था। शुक्रवार की दोपहर 12.30 बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि छोटन ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गया था। जुताई कर वह लौट रहा था कि ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क से लगभग 12 फीट नीचे पटल गया। पलटते ही ट्रैक्टर का चारो चक्का ऊपर हो गया और चालक उसके नीचे दब गया। सूचना मिलने पर ट्रैक्टर मालिक इम्तियाज अंसारी पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को निकाल कर उपचार के लिए रिम्स ले गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर को जंगल में छुपा दिया गया।

### बैठक कर मामला दबाने का प्रयास

थाना क्षेत्र में काफी संख्या में नाबालिग युवक ट्रैक्टर चलाते हैं। खेत की जुताई से लेकर पत्थर खदान और क्रशर में 15-16 वर्ष के नाबालिग ट्रैक्टर चलाते हैं। दुर्घटना के बाद मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरे दिन शनिवार को मृतक के स्वजन अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को लेकर पहुंचे थे। बताया गया कि पूर्व मुखिया हरिलाल मुंडा के घर पर ट्रैक्टर मालिक और मृतक के स्वजनों के बीच बैठक की गई है। जिसमें ट्रैक्टर मालिक द्वारा कुछ मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया गया है। घटना की जानकारी पुलिस और मुखिया को भी नहीं दी गई है।

### सोलर जलमीनार की मरम्मत को बीडीओ को दिया पत्र

**खलारी।** खलारी स्थित बुकबका पंचायत अंतर्गत केडी मुख्य बाजार में लगा सोलर जलमिनार के मरम्मतिकरण कराने को लेकर स्थानीय लोगों ने खलारी बीडीओ को एक पत्र दिया है। पत्र में कहा गया कि केडी मुख्य बाजार में सरकारी जलमिनार है जो कि करीब चार महिनों से खराब पड़ा है। केडी मुख्य बाजार होने के कारण प्रखण्ड क्षेत्र के दुर दराज गांवों से ग्रामीण बाजार करने आते है और जब पड़ रही भीशण गर्मी में प्यास लगती है तो उन्हें पानी नही मिल पाता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। साथ ही कहा गया भीशण गर्मी में बाजार में पेयजल के लिए जलमिनार की मरम्मतिकरण करना अति आवश्यक है। वहीं खलारी बीडीओ से अतिशीघ्र जलमीनार की मरम्मत कराने का आग्रह किया गया है। इसमें रामसूरत यादव, दिलीप पासवान, दीपक प्रसाद शामिल है।

## एक नजर में

### बेड़ो : बारिश के लिए बूढ़ी करम की आराधना



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में भीषण गर्मी से राहत पाने को लेकर ग्रामीणों ने करम की डाली लेकर गांवों में परिभ्रमण करते हुए बूढ़ी करम का पर्व मनाया। इस दौरान ग्रामीणों ने पहानों की अगुवाई में करम डाली की पूजा अर्चना करते हुए परंपरागत नाच गान के साथ गांवों का परिभ्रमण किया। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि बूढ़ी करम की आराधना से भीषण गर्मी के दौरान वर्षा होती है। जिससे लोगों को राहत मिलती है। यह एक पुरानी सामाजिकए सांस्कृतिक व धार्मिक परंपरा है।

### आंधी-तूफान से मछली केज बहकर पत्थर से टकराया, 30,000 छोटी मछलियां मरीं



**सिकिदिरी।** आंधी और तेज बारिश से गेतलसूद डैम में मछली पालन के लिए लगे केज बहकर किनारे बोल्डर से टकरा गए। केज के टकराने से इनमें पल रहीं 30 से 50 ग्राम के करीब 30,000 तेलपिया प्रजाति की मछलियां मर गईं। गेतलसूद मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सचिव भोला महतो ने बताया कि कुल 12 सदस्य ने मिलकर मछली का पालन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सभी सदस्यों को भारी नुकसान हुआ है।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने निकाली जनाक्रोश रैली, किया विरोध-प्रदर्शन



नामकुम। खनिवार को खरसीदाग ओपी के पोखरटोली में सेना के जवान की पत्नी के साथ हुए गैंगरेप के मामले में आक्रोशित अखिल भारतीय सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले जनाक्रोश रैली निकाली। इस दौरान तख्तियां और बैनर लिए पूर्व सैनिको ने दोषियों पर कार्रवाई करने और पीड़िता को न्याय दिलवाने की मांग की। साथ ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे भी लगाए गए। परिसद के जिलाध्यक्ष कैप्टन कैलास यादव ने कहा कि पांच दिनों के बाद भी दोसियों का पुलिस की गिरफत में नही आना मामले में पुलिस की गंभीरता पर सवाल खडे करता है। श्री, यादव ने बताया कि परिसद द्वारा पूर्व में मामले को लेकर राज्यपाल और उपायुक्त से भी ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई करने की मांग की गयी है। मौके पर कर्नल निलांबर झा, संरक्षक कैप्टन बृजकिशोर सिंह,ललन ठाकुर, अरूण झा, मिथलेश पाण्डेय, धनराज सिंह, मनोज सिंह सहित प्रेमलता देवी, नीरा यादव, सत्यभामा देवी अनीता देवी, शिल्पी शालिनी, रजनी प्रसाद मौजूद थे।

### चुरी खदान के अंदर ड्रिफ्टरनर गाड़ी चलाकर किया गया ट्रायल

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया की चुरी परियोजना के कामगारों को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। खदान के अंदर मजदूरों को ले जाने और ले आने के लिए ड्रिफ्टरनर गाडी की शुरूआत की जाएगी। जिसको लेकर शुक्रवार को डीडीएमएस मैकेनिकल रविंदर बोनथा चुरी परियोजना पहुचे और ड्रिफ्टरनर गाडी का ट्रायल रन कराया। इस गाडी को चलाने के लिए ईसीएल की झाझरा से चालक को मंगाया गया था। डीडीएमएस ने सबसे पहले परियोजना के अधिकारियों के साथ खदान के अंदर गए। इस दौरान उन्होंने खदान के अंदर चलने वाले इस गाड़ी के लिए बनाए गए रास्ते को देखा। खदान से बाहर आने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में पहले खाली गाड़ी को खदान के अंदर भेजा गया।

# पेड़ों पर रक्षासूत्र बांध ग्रामीणों ने लिया पेड़ नहीं काटने का संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के बड़कीगोड़ाग गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को पेड़ों में रक्षा सूत्र बांध कर पेड़ों को नहीं काटने और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम से पूर्व पहान भुनेशवर मुंडा द्वारा पेड़ों का विधिपूर्वक पूजा अर्चना की गई। मौक पर अतिथि के रूप में मुखिया भुवनेशवर बेदिया, वनरक्षी कृष्णा महतो एवं एसटीआई हब के पीसी शुभांकर शाहा उपस्थित थे। मुखिया भुवनेशवर बेदिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य हो गया है। इसलिए हम सब पूरे पंचायत में परिवार के सदस्य के संख्या के बराबर पेड़ लगायेंगे। जिसकी शुरूआत पांच जून से होगी। वहीं कृष्णा महतो ने भी ग्रामीणों के कार्यों की सरहना की। कार्यक्रम का संचालन पहलू बेदिया एवं धन्यवाद ज्ञापन जयराम बेदिया द्वारा किया गया। मौके पर ललकू बेदिया, ललसाय मुंडा, एसटीआई हब प्रतिनिधि गंभीर महतो, रोहित शाही, तुलसी महतो, सोनी कुमारी, जगदीश भोगता, बलसाय मुंडा, सोनाराम बेदिया, घर्मनाथ बेदिया, रंजीत मुंडा, मंगरू बेदिया, दुतिलाल बेदिया, बासुदेव बेदिया, कालीचरण मुंडा, धनीराम बेदिया, सेवाराम बेदिया, मनोज मुंडा, पोदीना मुंडा मौजूद थे।

# बेड़ो सीएचसी में बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे मरीज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी नहीं होने से मरीजो को भारी परेशानियां हो रही है। वही महीनों से प्रसूति कक्ष में स्विच बोर्ड खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण बिजली रहने के बावजूद मरीजों को अंधरे में रहना पड़ता है। वही भीषण गर्मी में पंखा खराब पड़ा हुआ है।मरीज के स्वजनों का कहना है कि यहां बिजली नहीं रहने पर पानी की समस्या हो जाती है। वही इस समस्या पर अभी तक पहल नहीं हो पाया है। मरीज व उनके स्वजनों को चापाकल से पानी लाना पड़ता है।यह सब जानते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मौजूदा हालात में सीएचसी के मरीज अपने घर व चापाकल से पानी लाकर हाथ धोने और अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। कहने को तो अस्पताल परिसर में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी है जिसके माध्यम से पानी चढ़ाने के लिए समरसेबुल सोलर पंप व टंकी लगाए गए हैंए लेकिन यह महज दिखावा बना हुआ है। साथ ही बाथरूम में पानी एवं बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इधर शनिवार केंद्र में कैलाश कुमार पत्नी के साथ इलाज कराने पहुंचे जहां स्विच बोर्ड को मिस्त्री बुलाकर बनवाया तब जाकर यहां लाइट जली। वही महिलाओं का कहना है कि बाथरूम में पानी व बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो कि जब से यह सीएचसी बना है तभी से पानी की समस्या हैं। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है। जबकि अस्पताल में हर दिन दर्जनों मरीजों, स्वजनों और कर्मियों को पानी की जरूरत है। अस्पताल में जलापूर्ति नहीं होने से मरीज से लेकर अस्पताल कर्मी पानी के लिए इधर उधर भटकते हैं।

**एनजीटी के मानकों की उड़ाई जा रही है धज्जियां, प्रशासन की छूट से खलारी वासियों का जीवन संकट में**

# फ्लाई ऐश के परिवहन से खलारी में बढ़ रहा प्रदूषण

**गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं खलारी के लोग**



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी क्षेत्र के मुख्य मार्ग के बीच बाजार से बड़ी वाहनों अथवा एनजीटी के मानकों को धजिया उड़ाते हुए फ्लाई ऐश का परिवहन से प्रदुषण का स्तर बढ़ा। आम जनमानस, दुकानदार, राहगीरों, बूढ़े-बुजुर्ग अथवा स्कूली बच्चों में जल्द खतरनाक बीमारियों से ग्रसित होंगे। बताना चाहते हैं कि खलारी के मुख्य मार्ग स्टेट हाइवे-7 हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क से एनटीपीसी टंडवा से फ्लाई ऐश आम ट्रक व डंपरों से परिवहन किया जा रहा है। फ्लाई ऐश मानव जीवन सहित जलवायु के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने फ्लाई ऐश का सौ प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी संबंधित थर्मल पावर स्टेशनों को दिया है, लेकिन केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) से लेकर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के गाइडलाइन को ताक पर रखकर एनटीपीसी टंडवा से निकाल कर फ्लाई ऐश भारी वाहनों से बड़ी आबादी वाले क्षेत्र से परिवहन किया जा रहा है। नियम के अनुसार सड़क मार्ग से परिवहन के लिए फ्लाई ऐश को सीमेंट ढोने वाले बल्कर ट्रकों में बंद कर ले जाना है, ताकि इस जहरीले फ्लाई ऐश का एक भी कण बीच में न गिरे। परंतु नियमों की अवहेलना कर खुलेआम ट्रक व डंपर से फ्लाई ऐश का ढुलाई जारी है। प्रति दिन भारी मात्रा में फ्लाई ऐश सड़क पर गिरते रहता है और गिर कर सड़क सफेद रंग से पट जाता है। वहीं दूसरे वाहनों के चक्कों से लगकर पूरा वातावरण प्रदूषित करता रहता है। फ्लाई ऐश के कण इतने बारिक होते हैं कि सीधे मनुष्य के फेफड़े तक पहुंच रहे हैं। जल्द नहीं रोका गया तो खलारी के लोगों को फेफड़े की गंभीर बीमारी हो सकती है। इधर खलारी व्यवसायी संघ सहित सामाजिक संगठनों ने खलारी के प्रशासनिक अधिकारियों से इस गैरकानूनी परिवहन को जल्द रोकने के लिए गुहार लगायी है।

समय संवाद

चिलचिलाती गर्मी के कारण देश का एक बड़ा हिस्सा फिलहाल उबल रहा है। आम चुनाव के मौसम में चर्चा के केन्द्र में गर्मी की मार भी एक प्रमुख बिंदु बन गया है। मैं अभी चुनाव में अनेक क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियानों में निकल रहा हूँ। लेकिन न तो कार्यकर्ता सुबह 6 से 9 बजे और शाम के 7 से रात 10 बजे के अलावा निकलने को तैयार हैं, न ही नागरिक अपने घरों का दरवाजा खोल कर आपके स्वागत के लिये तैयार हैं। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि यह तीव्र गर्मी जून महीने तक जारी रहेगी और ₹महसूस होने वाला तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है।भारत के कुछ क्षेत्र अपने स्थान और जलवायु के कारण हीटवेव के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। इनमें देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भाग, जिनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

# गर्मी से उबलता देश

**आर.के. सिन्हा**

आजकल जब सूरज देवता आग उगल रहे हैं, तब नौतपा शब्द बहुत सुनने में आ रहा है। कुछ लोगों को यह शब्द नया लग रहा है। हालांकि यह बात नहीं है। नौतपा वो नौ दिन होते हैं जब देश में गर्मी अपने चरम पर होती है। इसे 'नवताप' भी कहा जाता है। ये दिन साल के सबसे गर्म दिन भी होते हैं। 2024 में नौतपा 25 मई को शुरू हुआ और 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा के दौरान, सूर्य सीधे मध्य भारत के ऊपर होता है, जिससे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी कम हो जाती है। इससे अधिक सीधे और तीव्र सौर विकिरण उत्पन्न होते हैं, जिससे भीषण गर्मी पड़ती है। कुछ क्षेत्रों में, खासकर राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और गुजरात में तापमान लगभग 50ट सेल्सियस तक पहुँचने की उम्मीद है।

हीटवेव एक लंबी अवधि की अत्यधिक गर्मी होती है जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर परिणाम ला सकती है। हीटवेव के दौरान तापमान किसी विशेष क्षेत्र और समय के लिए औसत तापमान से काफी अधिक हो जाता है। हीटवेव थकावट, स्ट्रोक और गंभीर मामलों में मृत्यु का कारण बन सकती है।

याद रख लें कि हीटवेव सिर्फ उच्च तापमान नहीं होती, बल्कि असामान्य तापमान वृद्धि से परिभाषित होती है। उदाहरण के लिए, एक स्थान जहाँ गर्मियों में सामान्यतः 40 डिग्री सेल्सियस तापमान होता है, वहाँ हीटवेव नहीं मानी जाती है, भले ही तापमान 42 या 43 डिग्री तक पहुँच जाए। इसके विपरीत, एक जगह जहाँ सामान्य तापमान 27 या 28 डिग्री है, वहाँ हीटवेव मानी जाएगी यदि तापमान



35 डिग्री तक पहुँच जाए।

हीटवेव तब मानी जाती है जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो। हालांकि, यह भी ध्यान दिया जाता है कि जिस तापमान पर हीटवेव घोषित की जाती है, वह क्षेत्र की तापमान जलवायु के आधार पर अलग-अलग होता है। शोधकर्ता बताते हैं कि हीटवेव तब होती है जब वायुमंडल में उच्च दबाव होता है, जो गर्म हवा को नीचे की ओर धकेलता है और इसे जमीन के पास फँसा देता है। यह उच्च दबाव प्रणाली एक ताले की तरह काम करता है जो गर्म हवा को ऊपर उठने से रोकता है, जिससे तापमान और बढ़ जाता है। जब हवा नीचे डूबती है तो वह गर्म हो जाती है, जिससे अत्यधिक गर्मी की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन वैश्विक मौसम पैटर्न में बदलाव करके और लंबी अवधि तक उच्च दबाव की संभावना बढ़ाकर अधिक बार और तीव्र हीटवेव में योगदान देता है।

भारत में गर्मियों का तापमान आमतौर पर मई में चरम पर होता है। पाकिस्तान से आने वाली गर्म पश्चिमी हवाएं भी गर्मी में योगदान दे रही हैं। भारत के अन्य हिस्सों में, गर्मियों का तापमान पहले ही रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच चुका है, खासकर पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में, जहाँ अप्रैल का तापमान रिकॉर्ड में सबसे अधिक था। अत्यधिक गर्मी का स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। हालिया शोध बताते हैं कि तीव्र और लंबी अवधि तक चलने वाली हीटवेव के दौरान समय से पहले जन्मों में वृद्धि होती है।

हीटवेव के कारण सांस लेने में तकलीफ और श्वसन संबंधी स्थितियाँ बिगड़ने की भी जानकारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ हवा की गुणवत्ता खराब है। उच्च तापमान हृदय और परिसंचरण तंत्र पर भी दबाव डाल सकता है, जिससे दिल का दौरा और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

यह भी ध्यान रखा जाए कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हीटवेव के आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंताएँ बढ़ती जा रही हैं। नकारात्मक प्रभाव केवल मानवीय पीड़ा तक सीमित नहीं हैं बल्कि आर्थिक गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को भी प्रभावित करते हैं। हीटवेव अक्सर कार्यबल की उत्पादकता में कमी का कारण बनती है। उच्च रात के तापमान के कारण शरीर को ठंडा होना मुश्किल हो जाता है।

भारत जैसे देश में, जहाँ कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा बाहरी गतिविधियों में लगा हुआ है, परिणाम गंभीर होते हैं। लगभग 45.76% कार्यबल कृषि में कार्यरत है, जिसमें से 83% असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे हैं। किसानों सहित बाहरी काम करने वाले लोग, गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे गर्मी की थकावट और हीटस्ट्रोक के प्रति विशेष रूप से कमजोर होते हैं, जिससे बार-बार ब्रेक लेना पड़ता है और उत्पादकता कम होती है।

पिछले साल एक अध्ययन ने चेतावनी दी थी कि अत्यधिक गर्मी से बाहरी काम करने की क्षमता 15 फीसदी तक कम हो सकती है, जिससे लाखों लोगों के जीवन स्तर में गिरावट आ सकती है और 2050 तक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2.8 फीसद की गिरावट आ सकती है। सकल घरेलू उत्पाद अर्थव्यवस्था के आर्थिक प्रदर्शन का एक बुनियादी माप है, यह एक वर्ष में एक राष्ट्र की सीमा के भीतर सभी अंतिम माल और सेवाओं का बाजार मूल्य है। बहरहाल, इस गर्मी के मौसम में अपने को बचाइये। रोज खूब पानी पीजिए। (लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

# जिज्ञासा से ज्ञान और भक्ति की पूर्णता

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्म ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी : रांची।)**

# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी

**योगेश कुमार सोनी**

चारधाम की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस बार रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में कुल मिलाकर चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है।

राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है?

चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ह्यचारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं ह्व

यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर काम करने के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा यहां चढ़ाई के दौरान भी जगह-जगह कैंप लगाए जाने चाहिए। वहां भीड़ बढ़ने के अफरातफरी भी हो जाती है जिससे जान का खतरा हमेशा बना रहता है।

# नींद हराम करती हमारी पीढ़ी

**जीवीएस शास्त्री**

नींद का खोना सेहत का रोना, कई बीमारियों की जड़ है अनिद्रा

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें क्योंकि यह किसी और बीमारी का भी लक्षण हो सकता है।



सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्व तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है।

फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है। नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

शारीरिक श्रम

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। अपनी सेहत और रुचि के हिसाब से कोई भी शारीरिक गतिविधि चुन लें। अगर वक्त निकाल सकते हैं तो सुबह और शाम दोनों की सैर करें। जो लोग दौड़ सकते हैं वो तो ऐसा करें ही।

0किसी एक व्यायाम को चुन लें और उसे हफ्ते में कम से कम पांच दिन जरूर करें। शुरूआत में व्यायाम हल्का ही रखें और धीरे-धीरे क्षमता बढ़ाते चलें। अगर कोई नृत्य पसंद हो तो वो भी एक बेहतरीन कसरत है। नृत्य शरीर के साथ दिमाग को भी तनावमुक्त करता है। लेकिन अपने शरीर को इतना भी न थका लें कि सारी रात दर्द से ही नींद न आए।

# दिमागी शक्ति के लिए योगासन



**स्वामी मुक्तरथ**

आपने देखा होगा कि आपके आस-पास ऐसे बहुत से बच्चे या फिर लोग होते हैं, जिनकी दिमागी शक्ति बहुत ज्यादा तेज होती है और उन्हें बहुत सारी चीजें याद भी रहती हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि काश हमारी भी याददाश्त उन्हीं की तरह होती तो कितना अच्छा होता। बता दें कि दिमाग सभी का एक ही तरह का होता है बशर्ते आपको उसे यूज करना आना चाहिए और ऐसी चीजें करनी चाहिए, जिसकी वजह से आपका दिमाग तंदरुस्त रहे। हालांकि जिस तरीके से हमारा लाइफस्टाइल, खान-पान बिगड़ा है उसकी वजह से बहुत से लोग चीजों को याद रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। हां, अगर आप चाहते हैं कि आपका दिमाग भी कंप्यूटर जैसा चले तो आप योग के जरिए जरूर ऐसा कर सकते हैं। इस लेख में हम आपकोयोगासन के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी याददाश्त को मजबूत बना सकते हैं और दिमागी शक्ति बढ़ाते हैं।


**वज्रासन :** इस आसन को करने के लिए पैरों को मोड़कर घुटनों के बल बैठ जाएं। अपने पंजों को एक साथ बनाए रखें और पैर के अंगूठों को एक-दूसरे से क्रॉस कर लें। 2. अब धीरे-धीरे अपने शरीर को नीचे ले जाएं और कूल्हों को एड़ियों पर टिकाएं। इस दौरान आपकी जांघें आपकी काफ पर होंगी। 3. उसके बाद दोनों हाथों को घुटनों पर रखें और सिर एकदम सीधा होना चाहिए। इस दौरान आप सिर्फ सामने की ओर देखेंगे। 4. अपना सारा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अपनी सांसों पर रखें। सांस लेने और छोड़ने पर ध्यान रखें। 5. इस आसन को करते वक्त अपने दिमाग से सभी बातों को निकालकर सिर्फ सांस पर ध्यान दें।

# भारत की श्रुति व स्मृति में हैं राम

**हृदयनारायण दीक्षित**

भारत प्राचीन राष्ट्र है लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने ह्यप्रारंभिक भारत का परिचयह्व में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, ह्यह्यभारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था, शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।ह्यह्य यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहाँ ह्यआधुनिकह्व कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है। लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, ह्यह्यभारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखण्ड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर ह्यभारतवर्षह्व नाम दिया गया।ह्यह्य ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, ह्यह्यहिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से



कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिन्धु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।

राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखण्ड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसापूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहाँ सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसापूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के सम्बंध में सही बात लिखी है, ह्यह्यबाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।ह्यह्य प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा। लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयाँ आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद ह्यए कोड ऑफ जेंटू लॉजह्व के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने ह्यएशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगालह्व नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के ह्यअभिज्ञान शाकुंतलमह्व नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परम्पराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था।

# मानव जीवन

**वीणा कुमारी**



मानव जीवन मिला है तुझे,
यू हि इसे व्यर्थ ना जाने दे ।
कर सकता तू हर वो काम है,
जिसे कितनो ने मुस्किल समझ छोड़ा है।
इसके लिए तुम्हे थोड़ी मेहनत करनी होगी,
फीर तुमको वो मिलेगा जिसकी तुमने कल्पना भी नहीं की होगी।
अभी भी वक्त है समझ ले, और मेहनत कर ले।
मानव जीवन मिला है तुझे, इसे व्यर्थ न जाने दे।

तुम अपनी क्षमताओं को जानो,
और दुनिया में अपनी पहचान बनाओ।
परिणाम क्या होगा, की सोच रखे बिन,
अब परिश्रम तुमको करनी है।
यकीन मानो एक दिन ऐसा आएगा,
जब मंजिल तुमको तुम्हारी मिलनी है।
तुम कुछ भी कर सकते हो,
ये दुनिया को दिखा दे।
मानव जीवन मिला है तुझे,
यूं हि इसे व्यर्थ न जाने दे।

ये जीवन तुम्हारा है, और
तुम्हें ही जीना है।
क्यों लोगों की बातें सूने,
जब जंग तुझे खुद ही लड़ना है।

याद रखना सोना जितना तपता है,
उतना ही वह निखरता है।
परिश्रम की आग में तुम जितना खुद को तपाओगे,
तुम उतने ही कामयाब बन पाओगे।
आलस त्याग कर, अब मेहनत कर ले।मानव जीवन मिला है तुझे,
यूं ही इसे व्यर्थ न जाने दे। **(सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया)**

## स्पीड न्यूज

### उच्च कोटि की शिक्षा दें शिक्षक : प्राचार्य



**रजरप्पा ।**सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को डीएवी का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार शर्मा तथा सभी शिक्षकों ने डीएवी के संस्थापक महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय परिसर में हवन हुआ। प्राचार्य, शिक्षकों कर्मियों ने हवन में आहुति दी। प्राचार्य ने कहा कि आज ही के दिन 1 जून को 1886 में लाहौर में प्रथम डीएवी कॉलेज की स्थापना की गई थी, जिसके प्रथम प्रधानाचार्य महात्मा हंसराज थे। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का समापन धर्म शिक्षक सत्यकाम आर्य ने शांति पाठ के साथ की। मौके पर शिक्षकझशिक्षिकाओं में उमापति कुमार, मो. खालिद सरफराज, जगन्नाथ प्रसाद, अंजनी पांडे, रीमा, ऑफिस स्टाफ महेश मेहता तथा पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

### लादी में खूंट पूजा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लादी गांव में शुक्रवार को बारह वर्षों के अंतराल में होने वाला बलि पूजन (खूंट पूजा) हुआ। पाहन जेरोपण पहान, फुलेश्वर गंझू, रामचंद्र मुंडा, रंजीत गंझू, उगन गंझू, ढोठा मुंडा के मार्गदर्शन में समस्त ग्रामीणों ने कहा कि लादी में स्थापित ग्राम देवता के स्थान में बलि पूजा की गई जो की खूंट पूजा के नाम से भी जाना जाता है। पूजा में 12 बकरा, 12 मुर्गा व 2 सुअर की बलि देकर क्षेत्र की अमन-चैन की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में श्याम महतो, महेंद्र मुंडा, हरीलाल कुशवाहा, सनोज कुमार, सचिन कुमार, कजरू गंझू, पंकज दांगी, नकुल गंझू, राजा राम, धर्मपाल राम, संजय कुशवाहा, प्रेम दांगी, विजय मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### समीर उरांव ने मां छिन्नमस्तिके में की पूजा



रजरप्पा ।रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिके मंदिर में भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांग। उन्होंने देश में लोगों के बीच सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मौके पर गुमला के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष (एसटी मोर्चा) शिवशंकर उरांव, भाजपा मोर्चा सोशल मीडिया प्रिया करमाली सहित आंनद मुर्मू, राजेश करमाली एवं अन्य मौजूद थे।

### जमीन कब्जे को ले डीसी से शिकायत

गोला( रामगढ़)। गोला प्रखंड क्षेत्र के बरियातू निवासी रामलोचन महतो ने एनएचएआई अधिकारियों पर अपनी जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप लगाया है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने रामगढ़ उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व एनएचएआई के दस से बारह कर्मी आये और जबरन मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे। इस दौरान उन्होंने मेरी पत्नी और मेरे साथ बदसलूकी भी की। उन्होंने बताया कि मैंने अभी तक अपने मकान एवं तालाब का मुआवजा भी नहीं लिया है जिसका मामला भू-अर्जन कार्यालय में विचाराधीन है जिसकी प्रतिलिपि रामगढ़ एसपी को भी दी है तथा उचित न्याय की गुहार लगाई है।

### कर्णपुरा कॉलेज में नामांकन शुरू

बड़कागांव ।बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड से नैक से मान्यता प्राप्त डिग्री महाविद्यालय कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव है । जहां पर चार वर्षीय स्नातक सत्र 2024 - 2028 कला ,विज्ञान एवं वाणिज्य के विभिन्न 17 विषयों में 2800 सीटों पर नामांकन जारी है। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कृतिनाथ महतो ने दिया। तथा इन्होंने बताया कि इतिहास,हिंदी, भूगोल,राजनीतिक शास्त्र, समाजशास्त्र,उर्दू ,खोरठा,अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र,भौतिक शास्त्र,रसायन शास्त्र,गणित,जंतु विज्ञान,वनस्पति विज्ञान ,कॉमर्स इत्यादि विषयों में नामांकन जारी है। सीट सीमित होने के कारण इंटर पास छात्र - छात्राओं को अति शीघ्र नामांकन लेने के लिए कहा गया है।

### थाना प्रभारी का ग्रामीणों ने किया स्वागत

बड़कागांव ।प्रखंड के हरली गांव में अपराधियों के द्वारा किसानों के 5 ट्रैक्टर को जला दिया गया था ।पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ कर जेल भेज देने को लेकर हरली गांव के ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उरीमारी भाजपा मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो के नेतृत्व में शनिवार को हरली के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह को माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर एवं बुके भेंट कर अभिनंदन किया। त्रिवेणी महतो ने कहा कि पुलिस प्रशासन की जितनी भी तारीफ की जाए वह काम है बड़कागांव पुलिस बधाई के पात्र हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से एसआई इंद्रजीत कुमार,सावित्री कच्छप,छोटू उरांव,ग्रामीणों में अनिल कुमार (शिक्षक),फागुन महतो,रबिन्दर कुमार,अजय कुमार दांगी,सहेश्वर कुमार,पप्पु कुमार,रामेश्वर राम,प्रकाशभूइयां

# बदला मौसम, आंधी-तूफान से भारी तबाही

## भुरकुंडा , भदानीनगर, बासल में कई पेड़ व बिजली के तार गिरे

### बिजली आपूति व जलापूर्ति ठप, लोगों की बढ़ी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। मौसम के मिजाज बदलते ही लागों को जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं आंधी तूफान ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में कोहराम मचा दिया। शनिवार की दोपहर ढाई बजे से करीब पौने चार बजे तक जहां हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से निजात मिली। आंधी-तूफान ने कई पेड़ बिजली के तार पर गिरा। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गुप्ता होटल के समीप पेड़ गिर गया। कई दुकानों के हुडिंग व बैनर भी उड़कर सड़कों पर गिरे। वहीं सयाल मोड़ से भुरकुंडा पीओ ऑफिस जाने वाले रास्ते में दर्जनों पेड़ आंधी से गिर गये। वहीं 11 हजार केवीए का बिजली तार पेड़ो में लिपट गया और कहीं-कहीं टूट भी गया, जिससे बिजली आपूर्ति और पेय जलापूर्ति ठप हो गई। वहीं कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने सड़को पर गिरे पेड़ हटाया, तब जाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू हुआ। जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर के समीप विशाल बेल का पेड़ गिर गया। हालांकि कहीं पर भी कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। इधर आंधी तूफान के कारण भुरकुंडा कोयलांचल के सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, भुरकुंडा बाजार, रिभर साईड, जवाहर नगर,



पटेलनगर, पगला आश्रम, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, भदानीनगर के कुरसे, चिकोर, देवरिया, मतकमा, निम्मी, पाली, सुद्दी, बासल के बलकुदरा, जयनगर, रसदा, लबगा, मुरकट्टी आदि क्षेत्रों में दर्जनो पेड़ व बिजली के तार गिर गया। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली के तार गिरने से लोगों को गर्मी में काफी परेशानी हुई। पानी के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। किर्मी तार व पोल को ठीक करने में जुटे थे।

# बेंदगी में प्रसाद खाने से दो दर्जन से अधिक लोग बीमार

- फूड पॉइजनिंग का है मामला
- खानपान पर दें ध्यान : डॉ ज्ञानी

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदगी से फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से बेंदगी में चल रहे अखंड हरी कीर्तन में शुक्रवार को दोपहर लगभग 3 बजे प्रसाद का वितरण किया गया था। प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को चना एवं हलवा खिलाया गया। जिसके बाद शुक्रवार रात से लोगों को उल्टी और दस्त होना शुरू हो गया। वहीं शनिवार की सुबह अचानक बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। हरी कीर्तन में प्रसाद खाने वाले लगभग 35 लोगों का तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती हो गए। वहीं कई अन्य लोग अपने घरों में भी इलाजरत है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार 3 बजे प्रसाद में चना एवं हलवा का वितरण किया गया था।



शुक्रवार रात्रि में ही लोगों को स्थिति खराब हो गई है। जिसके बाद उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां से कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। वहीं खबर लिखे जाने तक लगभग दो दर्जन लोग बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती हैं। वही घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी रमेश ठाकुर, झामुमो केंद्रीय नेता बिनोद विश्वकर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा, जगदीश सिंह ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मरीजों का कुशलक्षेम जाना। साथ ही साथ डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से मिलकर मामले की जानकारी ली। डीएस के साथ डॉ अमन कुमार भी मौजूद थे।

इस मामले को लेकर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की मामला फूड पॉइजनिंग का है। साथ ही खाली पेट में गर्मी में रहने के कारण भी इसका असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि मामले में किसी को भी रेफर नही किया गया है, मामला सामान्य है। कई को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई है। वहीं कुछ लोगों का इलाज चल रहा है।

### कुजू : ग्रामीणों ने किया सीवरेज प्लांट का विरोध



**कुजू।** मांडू प्रखंड के उखरबेड़वा में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि प्लॉट 905, रकवा 71.60 एकड़ जो गैरमजरूआ भूमि है। उस 51 खाते को अंचल के अधिकारी 1 बता रहें हैं। उनका कहना है कि जिसमें कार्य चल रही है और वह भूमि 1 खाते की है तो 51 खाते की भूमि कहां गई। जिसको लेकर लोगों के बीच संशय की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि 1935-36 ई0 में राजा कामाख्या नारायण सिंह के माध्यम से उक्त जमीन की उन्हें जमाबंदी मिली है। रजिस्टर टू में भी खाता 51 और प्लॉट 905 दर्ज है। इसके बावजूद रैयत की जमीन प्रशासन जबरन छिनने में लगी है। हम सभी हक व अधिकार के लिएविरोध करेंगे। विरोध के बाद मापी कार्य रोक दिया गया।

# सुशीला देवी हत्या की जांच के लिए एसआइटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के विद्यानगर मुहल्ले में सुशीला देवी हत्याकांड के जांच के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी घटना की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि सीसीटीपी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, फोरेसिंग टीम एवं डॉग स्क्वायड द्वारा तैयार रिपोर्ट के तहत मामले की जांच चल रही है। एसआईटी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर घटना को अंजाम देने वाले संदिग्ध लोगों की तलाशी में जुट गई है। पुलिस के अनुसार घटना का शीघ्र खुलासा हो जाएगा।

**चार अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम :** वहीं, गुरूवार के सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला है कि चार संदिग्ध लोगों ने घटना को अंजाम दिया और भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चलता है कि घटना में शामिल चार लोगों में तीन पुरूष और एक महिला थी। सीसीटीपी फुटेज की जांच से यह नजर आया कि संदिग्ध पूरी प्लालिंग के साथ बुजुर्ग महिला सुशीला देवी के घर पहुंचे और घटना को अंजाम देकर भाग निकले। घटना को लेकर अशर्फी प्रसाद की पुत्री अलका पाल ने रामगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाई है।

### अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस : चंद्र प्रकाश चौधरी



**रामगढ़।** सुशीला देवी के परिवार से मिलने पहुंचे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने शनिवार को कहा कि शहर के विद्यानगर मोहल्ले में सुशीला देवी हत्याकांड ने अकेले रहने वाले परिवारों में दहशत कायम कर दिया है। यदि जल्द इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी गिरफ्तार नहीं होते हैं, तो उनका मनोबल काफी अधिक बढ़ेगा। साथ ही समाज में लॉ एंड ऑर्डर भी बिगड़ेगा। चौधरी ने कहा कि यदि जल्द ही पुलिस इस मामले में पहल नहीं करती है तो आजसू पार्टी भी अपने स्तर से पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाएगी। सुशीला देवी के पति अशर्फी प्रसाद, बेटे राहुल राजा, बेटी अल्का और परिवार के अन्य सदस्यों को चंद्र प्रकाश चौधरी ने सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि उनका पूरा समर्थन उनके साथ है। जब भी उन्हें किसी चीज की जरूरत लगे तो वह उनसे सहायता ले सकते हैं। साथ ही कहा कि पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारियों से भी वे इस मुद्दे पर बात करेंगे।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल पक्षियों को खिला रहा खाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बच्चों में पर्यावरण को लेकर संजीदगी और करुणा का भाव उत्पन्न होगा : रोहित सिंह**

**बरही।** देवचंदा मोड़ बरही स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ साथ सामाजिक व पर्यावरणीय कर्तव्यों के निर्वहन के लिए जाना जाता है। इस भीषण गर्मी में जहां धरती और जीव-जंतु सभी जल और प्यास से जूझ रहे हैं। वहीं श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों और बच्चों द्वारा प्यासा बेजुबान नामक एक अनोखा पहल चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से बेजुबान पक्षियों को भोजन और पानी प्रदान करना है, ताकि वे भीषण गर्मी में जीवित रह सकें। बच्चों और समुदाय में पक्षियों के प्रति करुणा व जागरूकता पैदा करना है। स्कूल से जुड़े सभी कर्मचारी और बच्चे अपने घरों की छतों या पक्षियों के आश्रय स्थलों पर एक मिट्टी का घड़ा पानी और दाना रखते हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि घड़ा हमेशा साफ और पानी ताजा रहे। बच्चे पक्षियों को पानी और दाना देते हुए देखते हैं और उनके बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित होते हैं। इस पहल ने पक्षियों को गर्मी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बच्चों में पक्षियों के प्रति प्रेम और करुणा की भावना विकसित हुई है। इस पहल से समाज में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी।

विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने सरहाना करते हुए कहा कि इससे बच्चों के अंदर पर्यावरण को लेकर संजीदगी और करुणा का भाव उत्पन्न होगा, बच्चों के मन में पर्यावरण और जीव जंतु के प्रति स्नेह उत्पन्न होगा, जो सभ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। विद्यालय के उप प्राचार्य विकास सिंह ने अभियान को प्रेरणादायक बताया। कहा कि हर जीव को जीवित रहने के लिए पानी और भोजन की आवश्यकता होती है। हमें प्रकृति और पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए, ऐसे छोटे-छोटे प्रयास से बड़ा बदलाव लाया जा सकता है, सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है।

# चौपारण : भारी मात्रा में गांजा और डोडा बरामद

## थाना प्रभारी ने डोडा पीसने के दो मशीन को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण ।** पहली बार चौपारण में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने डोडा पीसने के दो मशीन को जब्त किया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि बनिवाटांड़ गांव के संतोष कुमार एवं कबिलाश गांव के पयन दुटी के द्वारा अपने-अपने घर में तस्करी करने के लिए भारी मात्रा में डोडा एवं डोडा चूर्ण तथा गांजा एकत्रित करके रखे हैं। इस सूचना का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुगार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें पुअनि निलेश कुमार रंजन, सअनि मनोज कुमार एवं चौपारण थाना रिजर्व बल शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा शनिवार के सुबह करीब 04:45 बजे बनिवाटांड स्थित संतोष कुमार पिता स्व प्रयाग यादय ग्राम बनिवाटांड़ थाना चौपारण जिला हजारीबाग के घर पर छापामारी की। छापामारी के क्रम में संतोष घर से फरार पाया गया। घर का तलाशी लेने पर प्लास्टिक के 10 बोरियों में भरकर रखा 175.9 किलो ग्राम खड़ा डोडा, प्लास्टिक के 02 बोरियों में भरकर रखा 66.9 किलो ग्राम डोडा चूर्ण एवं 1 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। त्घर के दूसरे कमरा से डोडा पिसने हेतु उपयोग में लाया जाने वाला 02 मशीन तथा वजन करने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद हुआ, डोडा पिसने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक पुलभरसीयर एवं दूसरा त्रिमूर्ति कम्पनी



का पाया गया, जिसे विधिवत जब्त करते हुए सूचनानुसार समय करीब 06:00 बजे कविलाश गांव पहुंचकर पवन टुटी पिता-जुनेश टुटी ग्राम-कबिलाश थाना-चौपारण जिला-हजारीबाग के घर पर छापामारी किया गया। छापमारी के क्रम में पवन टुटी घर से फरार मिला, तदोपरांत विधिवत उसके घर का तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में पवन टूटी के घर से 05 प्लास्टिक के बोरियों में भरकर रखा 63.5 कि०ग्राम खड़ा डोडा बरामद हुआ, जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जब्त किया गया है। इस प्रकार दोनों घर से कुल 2 क्विंटल 39 किलोग्राम खड़ा डोडा एवं 66.9 किग्राम डोडा चूर्ण (3 क्विंटल 6 कि०ग्रा० डोडा) तथा 01 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। जांच के कम में पता चला कि संतोष कुमार पूर्व में भी डोडा, अफीम के केस में जेल जा चुका है तथा वर्तमान समय आस-पास के क्षेत्रों से भारी मात्रा में डोडा लाकर अपने घर में डोडा का चूर्ण बनाकर तस्करी करने की तैयारी में था। उक्त बरामदगी के संदर्भ में चौपारण थाना में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि निलेश कुमार रंजन को सौंपा गया है।

## एक नजर में

### कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



बड़कागांव। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने लेटर पैड पर प्रेस को इसकी जानकारी दी है। साथ ही साथ श्री चौबे ने 20 सूत्री के उपाध्यक्ष पद को भी त्याग दिया है। विशेश्वर नाथ चौबे 36 वर्षों से पार्टी में है कांग्रेस पार्टी में ईमानदारी से अपने कार्य को निर्वाह करते आ रहे हैं। उन्होंने तीन बार युवा कांग्रेस तथा तीन बार प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया है। उन्होंने बताया कि मैं अपने निजी कार्यों के कारण पद से त्याग दिया हूं । मैं सक्रिय सदस्य रहकर पार्टी की सेवा करता रहूंगा।

### चरही में भीषण गर्मी से लोग परेशान

चरही। चरही में भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान हो रहे हैं। बचने के लिये ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबक गए हैं। गरम हवा से गलियों तथा सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। सुबह 9 बजते सूर्य के ताप चढ़ने लगता है। शाम 6 बजे लोग राहत के सांस ले पाते हैं। भीषण गर्मी से रोज मजदूरी करने वाले मजदूरों पर भी असर पड़ रहा है। कई तालाब,कुएं,नदी-नाले, आहरा,चुएं, डाडी सुख रहे हैं। चापानल से भी पानी कम निकलने लगे है ।पानी की भी हो गई किल्लत। मवेशी, पशु-पक्षी और जंगली जानवर भी प्रभावित हो रहे हैं ।पानी के लिए इधर-भटकने को मजबूर हैं।

**गरज के साथ हल्की बारिश :** चरही क्षेत्र में शनिवार दोपहर को मौसम अचानक करवट बदली ।इस दौरान गरज के साथ हल्की बारिश हुई है। क्षेत्र के ग्रामीणों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। इसके पूर्व यहां का तापमान 38 डिग्री था। बारिश होने और ठंढी हवा चलने से लोगों को भीषण गर्मी काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

### डीएसओ ने डीलरों के साथ की बैठक

**विष्णुगढ़।** डीएसओ ने शनिवार को बिष्णुगढ़ पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में डीएसओ सुधीर कुमार ने डीलरों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही सरकारी दिशा-निर्देशो का पालन करते हुए शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी एमओ पियूष कुमार, टेकोचंद महतो, उमेश पांडेय,तापेश्वर रजक समेत सभी डीलर व महिला समूह उपस्थित थे।

### फुरुका के मजदूर की मुंबई में मौत

इचाक। फुरुका गांव के मजदूर सागर ऊर्फ शंकर मेहता (30 वर्ष), पिता-चंदर मेहता की मौत 31 मई की रात मुंबई के रत्नागिरी जिले के तपोली में हो गई। मृतक वहां सेट्रिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि उसकी तबियत 31 मई की शाम खराब हो जाने के वजह से काम से लौटने के बाद सो गया। करीब नौ बजे जब साथ में काम कर रहे अन्य मजदूर ने उठाया तो नहीं जगा इसके बाद सागर को आनन फानन में अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के सहयोग से शव कोफुरुका लाया जा रहा है। इधर मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी कंचन देवी, पुत्री स्वाति (10 वर्ष),पुत्र अंश (18 माह) माता रजिया देवी , पिता समेत सभी परिवार के सद्स्यों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक सागर तीन भाइयों में से छोटा था ।मजदूर की मौत पर मुखिया मीना देवी , पंचायत समिति सदस्य कमली देवी समेत गांव के लोगों ने गहरा शोक जताया है। मुआवजा दिलाने की मांग उपायुक्त हजारीबाग से की।

### रेलवे टिकट एजेंट के लिए 20 तक करें आवेदन

**बरही।** उपू रेलवे के धनबाद मंडल ने बरही सहित विभिन्न स्टेशनों के लिए टिकट बुकिंग एजेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। यह आवेदन 20 जून तक मंडल प्रबंधक धनबाद के नाम भेजे जा सकते है। उक्त जानकारी बरही स्टेशन मास्टर प्रभारी चंदन केसरी ने दी। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति तीन वर्षो के लिए किया जायेगा। इसके लिए आवेदन के साथ पच्चीस हजार रूपए का ड्राफ्ट भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन ऑनलाइन साईट पर उपलब्ध है।

### चरही में वाटर सप्लाई तीन दिन से बाधित

चरही। नल जल योजना से संचालित वाटर सप्लाई तीन दिन से बाधित है। पानी सप्लाई में बाधा होने के कारण बीएसएनएल के पाइप लाइन लगाने के क्रम में वाटर सप्लाई का मुख्य पाइप को मशीन से पाइप में छेद हो जाने के कारण बन गया है। बीएसएनएल का काम घाटो - चरही मार्ग में चल रहा है। काम होते हुए जैसे ही पेट्रोल पंप के पास होना शुरू हुआ कि पानी के मुख्य पाईप कट गया। जिस कारण पानी का वितरण बाधित हो गया है।

### पहली बारिश में ही गरीब के घर में भरा पानी



**बरही ।** पहली बारिश में ही बरही के धनवार रविदास टोला के दीपक रविदास का घर पानी से भर गया। धनवार के एक युवा ने घर से पानी उबझते दीपक रविदास का वीडियो बनाकर भेजा है। धनवार के लोगों ने बताया कि पिछले दिनों एक सड़क दुघर्टना में दीपक रविदास एक पैर से विकलांग हो गए जबकि दुर्घटना में उनकी पत्नी रेखा देवी की मौत हो गई। दीपक के पिता निर्मल रविदास का घर है जो पहली बारिश में ही जलमग्न हो गया है। घर वालो का कहना हैं की अबुवा आवास के लिए आवेदन दिया था लेकिन उन्हें इसका लाभ नही मिला है। चार बेटी और एक बेटा के सिर से मां का साया उठ गया है। पिता दीपक रविदास दुर्घटना के कारण पैर से विकलांग हो गए हैं। घर में चार जवान बेटी और एक बेटा है। खपरैल घर जिसमें जगह जगह प्लास्टिक लगाया गया है जिससे वर्षा के पानी से घर भर जाता है। यही स्थिति बनी रही तो घर में रहना मुश्किल हो जाएगा। इधर धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इनको अबुवा आवास मिलना था, लेकिन कुछ आसामजिक तत्व के द्वारा बीडीओ के यहां जाकर शिकायत किया गया और तत्काल उनके अबुवा आवास पर रोक लगा दिया गया था। वहीं वर्तमान स्थिति को देखते हुए धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा 2430 का तिरपाल उपलब्ध कराया गया। वहीं कहा कि आवास इनको दिलाना हमारी प्राथमिकता में है।,

### टाटीझरिया में जल संकट गहराया

टाटीझरिया । कटते जंगल और गिरते भूतल स्तर से नदी- तालाब सूखते जा रहे हैं। गांव के हैंडपंप भी ठीक नहीं हैं। ऐसे में झरपो पंचायत के लोगों को पानी की मशक्कत करनी पड़ रही है। लोधी में बने चेक डेम से किसानों की बहुत आस रहती है अगल बगल खेत में ,बाड़ी में टमाटर बोदी,मिर्च करेला लगा हुआ है लेकिन चेक डेम का पानी सुख जाने के कारण लगे फसल सुख गया है किसानों की चिंता बढ़ गई है गंदे पानी पीना लोगों की मजबूरी हो गई है। कई गांवों में पानी के लिए दो-तीन किमी की दौड़ लगानी पड़ रही है। लोगों को पानी के लिए सूर्योदय से पहले बर्तन लेकर घर से निकलना पड़ रहा है। झरपो पंचायत की बात करे तों यहां प्रखंड में सबसे अधिक पानी की समस्या हर वर्ष होती है। तेज गर्मी के कारण भूजल स्तर नीचे चला गया है। खेती के लिए किसान तालाब पर निर्भर रहते है, लेकिन तालाब में पानी नही रहने से कुछ तालाबों की दरारे फट रहा है हरिजन टोला में एक चापानल व तीन कुएं है और काफी देर हैंडपंप चलाने पर पानी निकलता है। तीन कुएं है जो पुरी तरह से सूखते जा रहे है देवीमंडप झरपो में लगा जलमिनार से लोगो को प्यास बुझाई जा रही है जल मीनार खराब हो जाने पर पानी की किल्लत हो जाती है ठिकेदार का अता पता नहीं रहता है वही के ग्रामीण अपने खर्च वहन करके मशीन बनवाते है लोगों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है। टाटीझरिया प्रखंड में कई ऐसे हैंडपंप है पानी निकलता है तो बर्तन भी भर नहीं पाता। कुछ हैंडपंप महीनों से खराब है। जिसे न सुधारना विभाग अपनी शान समझता है। प्रखंड क्षेत्र के हर गांव ,मोहल्ला में भीषण गर्मी आने पर जल की समस्या उत्पन्न होती है।

# पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई और गंभीरता



विश्व भर में खासकर भारत में पर्यावरण की क्षति किस कदर हुई है, यह तय मौसम में व्यापक बदलाव और असमय लाखों की संख्या में हुई मौत से समझा जा सकता है। सिडनी जैसे विकसित शहर में नल खुले रखने पर जुर्माना की बात करना एक और खतरनाक संकेत दे रहा है। अमेरिका के 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2017 में 12 लाख लोग मारे गए। वर्तमान में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण दक्षिण एशिया में बच्चों की औसत जीवन प्रत्याशा में ढाई साल की कमी आएगी, जबकि नियंतण्र जीवन प्रत्याशा में 20 महीने की कमी आएगी। ये सारी बातें एक बार फिर इसलिए चर्चा के केंद्रबिंदु में हैं क्योंकि हाल ही में विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विविद्यालयों में अनिवार्य रूप से पर्यावरण विषय को पढाने को कहा है।यूजीसी का यह फैसला स्वागतयोग्य है, मगर अभी भी यह निर्णय कई बिंदुओं पर अधूरा है। प्रदूषण की मार का नियंतण्र तौर पर हर आम और खास किस तरह सामना कर रहे हैं, यह सबके सामने है। सो सिर्फ रूटीन पढाई करके आप पर्यावरण को बेहतर नहीं बना सकते हैं। इसके लिए पढाई के तौर-तरीकों को बदलना होगा। उसके आयामों को 360 डिग्री बदलने की जरूरत है। इसके लिए सालों पुराने पाठ्यक्रम को नये कलेवर में लाना होगा। हमारे देश में यह कमी है कि हम अपने कोर्स में जल्दी-जल्दी बदलाव नहीं करते हैं, जबकि हमारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रशासकीय समस्याएं गतिशील हैं। हमें इस जड़ता को खत्म करना होगा। विदेशों में सालों-साल तक चलने वाले कोर्स का कोई अस्तित्व ही नहीं है। वहां तो हर साल विषयों के कोर्स में बदलाव किए जाते हैं। वहां सेशन शुरू होने के पहले ही संक्षेप में बता दिया जाता है कि इस साल क्या-क्या पढाया जाएगा? इसके उलट हमारे यहां 15 साल 20 साल पुराने कोर्स अभी भी पढाए जाते हैं। कई कोर्स तो इतने पुराने हो गएहैं कि अब उनकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इसे समझने की आवश्यकता है। आशय यह है कि गैर महत्त्वपूर्ण पाठय्क्रम को खत्म करना होगा। कुल मिलाकर नये पाठ्यक्रम के लिए लचीला रुख अपनाना होगा। यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सुरक्षा के लिएयुवा और छात्रों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नई पीढी को बोरियत से बाहर निकालना समय की मांग है। अगर इसमें व्यापक तौर पर तब्दीली नहीं लाई गई तो पठन-पाठन के जरिये बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगी।पिछले कई साल से यूजीसी विविद्यालयों-शिक्षण संस्थानों-कॉलेजों को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने हुए अंडर ग्रेजुएट स्तर पर पर्यावरण विज्ञान विषय को अनिवार्य रूप से पढाने के आदेश दिए गए, लेकिन बताया जाता है कि देशभर के कुल 706 विविद्यालयों में से 306 विविद्यालयों ने इस विषय को अभी तक शुरू नहीं किया है। शैक्षणिक स्तर पर यह लापरवाही चिंता के साथ-साथ निराशा का माहौल भी पैदा करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि कई विविद्यालयों-संस्थानों ने पर्यावरण विज्ञान विषय शुरू तो किया है, मगर वह मनमाने तरीके से इस विषय को पढ़ा रहे हैं। जबकि यूजीसी ने कहा है कि पर्यावरण अध्ययन पर मॉड्यूल को पढ़ाने का काम उन शिक्षकों को सौंपने की जरूरत है, जो यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं। पर्यावरण विज्ञान विषय को पढ़ाने के लिए उसी विषय में उच्च उपाधि प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति करना अपेक्षित है, लेकिन यह विषय दूसरे विषयों के स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षकों से पढ़वाया जा रहा है, जिसके चलते पर्यावरण विज्ञान के उच्च उपाधि प्राप्त उम्मीदवार बेरोजगारी होकर भटक रहे हैं। कहने का तात्पर्य है कि शिक्षा से जुड़े नीतिकार और विशेषज्ञों को यह दायित्व समझना होगा और जिम्मेदारी के साथ देश की बेहतरी के लिए भविष्य के बेहतरीन छात्र तैयार करने होंगे। इसको हमारी दिन-प्रतिदिन की जो समस्या है, उससे जोड़ना होगा, कनेक्टिविटी बढ़ानी होगी।

एक और अहम सुझाव यह है कि पर्यावरण या प्रदूषण की समस्या को हमें स्वास्य से जोड़ना होगा। जब तक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी जनता को नहीं होगी, तब तक उसमें बेहतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। हम अक्सर देखते हैं कि किडनी/लीवर आदि गंभीर बीमारियां प्रदूषण और खराब पानी और खानपान की वजह से होती हैं। अगर प्रदूषण के बारे में लोग जागरूक होंगे तो तस्वीर निश्चित तौर पर बदल सकती है। पराली जलाने, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को जनता को बताने की जरूरत है। यानी कई स्तर पर काम करने से बेहतर परिणाम आएंगे।

## कांवड़ यात्रा मार्ग के लिए यूपी सरकार की 33,000 पेड़ काटने की योजना

उत्तर प्रदेश सरकार ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया है कि गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर को जोड़ने वाली 111 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा मार्ग परियोजना के लिए 33,000 से ज्यादा बड़े पेड़ों को काटा जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जीटी ने इस मामले की सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की है। उस दिन जीटीअध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव, अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल सरकारी अधिकारियों से इस बारे में और जानकारी मांगेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्य सरकार को इन जिलों में परियोजना के लिए 1,10,000 पेड़ और पौधे काटने की अनुमति दी थी। ट्रिब्यूनल ने इस मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण मंत्रालय, लोक निर्माण विभाग और तीनों जिलों के जिलाधिकारियों से इस बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। हालांकि, सरकार ने कुछ जानकारी दी है, लेकिन ट्रिब्यूनल ने और अधिक विस्तृत विवरण देने को कहा है।

सरकार ने ग्रीन ट्रिव्यूनल को बताया कि ये कांवड़ यात्रा मार्ग करीब 1 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए है, जो हरिद्वार से गंगा जल लाकर यूपी, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों और गांवों में वापस जाते हैं।

सरकार का कहना है, ये रास्ता आम लोगों और श्रद्धालुओं दोनों के लिए बहुत भीड़भाड़ वाला माना जाता है। श्रावण के महीने में मेरठ, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद के कुल 54 गांव इस रास्ते पर आते हैं, जिससे यातायात में काफी दिक्कत होती है। हालांकि, पर्यावरण नियमों के पालन को लेकर हरित न्यायालय ने पहले भी कई सवाल खड़े किए थे। लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया, राज्य सरकार ने ललितपुर जिले में 222 हेक्टेयर जमीन पर वृक्षारोपण के लिए (निर्धारित) किया है और क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और योजना प्राधिकरण में 1.5 करोड़ रुपये जमा किए हैं। हम अदालत को उन नियमों के बारे में सूचित करेंगे जिनका हमने पालन किया है।

## बेटी हिंदी माध्यम से पढ़कर बनी जज पिता कोर्ट के चपरासी

**हमारे** क्वार्टर के आगे जज साहब की कोठी थी। पापा दिन भर जज साहब के पास खड़े रहते थे। बस वही कोठी, जज को मिलने वाला सम्मान और मेरे सर्वेंट क्वार्टर की छोटी सी जगह मेरी प्रेरणा बनी। 34 साल की अर्चना के पिता सोनपुर रेलवे कोर्ट में चपरासी के पद पर थे। अब उनकी बिटिया अर्चना कुमारी ने 2018 में हुई 30वीं बिहार न्यायिक सेवक परीक्षा में सफलता हासिल की है।


बीते नवंबर के आखिरी हफ्ते में घोषित नतीजों में अर्चना को सामान्य श्रेणी में 227वां और ओबीसी कैटेगरी में 10वीं रैंक मिली है। बीबीसी से फोन पर बात करती अर्चना की आवाज में खुशी, बेहद साधारण परिवार से निकलकर बड़ी उपलब्धि हासिल करने का गर्व, विनम्रता, सब कुछ महसूस किया जा सकता था।

**घर में गरीबी का डेरा**

मूल रूप से पटना के धनरूआ थाना अंतर्गत मानिक बिगहा गांव की अर्चना अपने गांव में 'जज बिटिया' के नाम से मशहूर हो रही हैं। चार भाई-बहन में सबसे बड़ी अर्चना के लिए ये सफर जिंदगी के बहुत घुमावदार रास्तों से गुजरा। बचपन में ही अस्थमा की बीमारी के चलते वो बहुत बीमार रहती थीं और घर में गरीबी का डेरा था।

पटना के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर से बारहवीं पास अर्चना ने पटना यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी ऑनर्स किया है। लेकिन इसी बीच ग्रेजुएशन की पढाई करते समय साल 2005 में उनके पिता गौरीनंदन प्रसाद की असामयिक मृत्यु हो गई। अर्चना बताती हैं, बहुत मुश्किल था क्योंकि सबसे बड़ी होने के नाते भाई-बहनों की जिम्मेदारी थी। चूंकि मैंने कंप्यूटर सीखा था तो मैंने अपने ही स्कूल में कंप्यूटर सिखाना शुरू किया ताकि घर खर्च में मदद की जा सके। तीन बहनें थीं तो घरवालों पर शादी का बहुत दबाव था। 21 साल की उम्र में मेरी शादी कर दी गई और मैंने भी खुद को समझा लिया कि मेरी पढाई का अंत अब हो गया। लेकिन छह साल की उम्र से ही जज बनने का सपना देख रही अर्चना खुशकिस्मत निकलीं। उनके पति राजीव रंजन ने उन्हें उनके सपनों को पूरा करने में मदद की। 2006 में अर्चना की शादी हुई थी। पति ने उनमें पढ़ने की ललक दिखी तो साल 2008 में पुणे विश्वविद्यालय में अर्चना ने एलएलबी कोर्स में दाखिला ले लिया। मेरी पूरी पढाई हिंदी माध्यम से थी, इसलिए रिश्तेदारों ने कहा कि मैं जल्द ही पुणे यूनिर्विसटी के अंग्रेजी माहौल से भाग आऊंगी. वो बार-बार कहते थे कि मेरे पति गोइठा में घी सुखा रहे हैं। मेरे सामने अंग्रेजी में तो पढाई करने की चुनौती तो थी ही, और बिहार से पहली बार बाहर निकली थी।

# फिर से एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी



16 महीने बाद फिर से एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी, मुकेश अंबानी को छोड़ा पीछे!

गौतम अदाणी की संपत्ति में हालिया उछाल के चलते वो अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलियनएयर्स इंडेक्स के मुताबिक, अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को नेट वर्थ के मामले में पीछे छोड़ दिया है। हाल के दिनों में शेयर बाजार में अदाणी की कंपनियों के शेयरों की कीमतों में भारी उछाल के चलते उनकी संपत्ति में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिससे वो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

### गौतम अदाणी बने दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति

गौतम अदाणी की संपत्ति में हालिया उछाल के चलते वो अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उनकी संपत्ति 111 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ देती है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 109 बिलियन डॉलर है, जिसके कारण वो दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में 12वें स्थान पर खिसक गए हैं।

### बीते 24 घंटों में संपत्ति में देखने को मिला भारी उछाल

पिछले 24 घंटों में गौतम अदाणी की संपत्ति में भारी उछाल देखने को मिला है। उनकी संपत्ति में 5.45 बिलियन डॉलर यानी लगभग ?45,000 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। संपत्ति में इस अचानक उछाल ने उन्हें 12वें से 11वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

गौर करने वाली बात ये है कि 2024 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपतियों में गौतम अदाणी शामिल हैं। 1 जनवरी 2024 से अब तक उनकी संपत्ति में 26.8 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, मुकेश अंबानी की संपत्ति में इस साल 12.7 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

### गौतम अदाणी की शानदार वापसी

गौतम अदाणी के लिए साल 2023 काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। 24 जनवरी, 2023 को जब अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर अपनी रिसर्च रिपोर्ट प्रकाशित की, जिससे अदाणी के शेयरों की कीमतों में भूचाल आ गया।

वह टॉप 10 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर निकल गए और तेजी से टॉप 30 से नीचे चले गए। लेकिन अब, लगभग 16 महीने बाद, वह फिर से एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

पिछले कारोबारी दिन शेयर बाजार में अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में 14% तक की बढ़ोतरी देखी गई, और उनकी सभी 10 कंपनियां कारोबार खत्म होने पर मुनाफा कमाने में सफल रहीं। सबसे ज्यादा उछाल अदाणी पावर के शेयर में देखा गया, जो 14% से ज्यादा बढ़ गया था। हालांकि, बाद में यह ?759.80 पर 9% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

इसके अलावा, अदाणी टोटल गैस 9% बढ़कर 1,044.50, अदाणी एंटरप्राइजेज शेयर 7% बढ़कर ?3,416.75 और अदाणी पोर्ट्स 4% बढ़कर 1,440 पर पहुंच गया। अदाणी विल्मर 3% बढ़कर ?354.90 हो गया, जबकि अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 2% की बढ़ोतरी हुई। एनडीटीवी के शेयरों में 8% की बढ़ोतरी हुई, जबकि अंबुजा सीमेंट और एसीसी लिमिटेड के शेयर 2% से अधिक बढ़कर 354.90 पर बंद हुए।

## यूपीआई ट्रांजैक्शन ने मई में बनाया नया रिकॉर्ड, 20.45 लाख करोड़ रुपये का हुआ लेनदेन

यूपीआई लेनदेन ने मई में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले महीने के 13.30 अरब लेनदेन की तुलना में इस महीने 14.04 अरब लेनदेन हुए। रकम के मामले में भी मई में 20.45 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जो अप्रैल के 19.64 लाख करोड़ रुपये से 4% ज्यादा है।

अगर हम पिछले साल मई से तुलना करें, तो इस साल लेनदेन की संख्या में 49% और रकम के मामले में 39% का इजाफा हुआ है। अप्रैल 2016 में यूपीआई शुरू होने के बाद से अब तक मई में सबसे ज्यादा लेनदेन हुए हैं।

यूपीआई लेनदेन में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। मई में लेनदेन की संख्या अप्रैल के 550 मिलियन के मुकाबले 1.45% बढ़कर 558 मिलियन हो गई। रकम के मामले में भी बढ़ोतरी देखी गई, मई में 6.06 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जो अप्रैल के 5.92 लाख करोड़ से 2.36% ज्यादा है।

### पिछले साल मई के मुकाबले इस साल लेनदेन की मात्रा 12% और रकम 15% ज्यादा रही।

यूपीआई लेनदेन में भी बढ़ोतरी हुई है। मई में 347 मिलियन लेनदेन हुए, जो अप्रैल के 328 मिलियन से 6% ज्यादा है। लेनदेन की रकम भी बढ़ी, मई में 5,908 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जो अप्रैल के 5,592 करोड़ रुपये से ज्यादा है। पिछले साल मई के मुकाबले इस साल लेनदेन की मात्रा 4% और रकम 9% ज्यादा रही।

लेकिन आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम में गिरावट आई है। अप्रैल में 95 मिलियन लेनदेन के मुकाबले मई में 90 मिलियन लेनदेन हुए, यानि 4% की गिरावट। रकम के मामले में भी गिरावट देखी गई, मई में 23,417 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जो अप्रैल के 25,172 करोड़ रुपये से 7% कम है।

# गणित का ज्ञान टेक्नोलॉजी और कंपटीशन में रखेगा आगे

बृजमोहन ओझा

**आज** के टेक्नोलॉजी और प्रतियोगिता के दौड़ में युवाओं अपने कैरियर के लिए पहले ही से सोचने लगते हैं वर्तमान समय में युवाओं को गणित को एक विषय या कैरियर के रूप में पढऩे की जरूरत है।

जब हम अपने परिवेश एव दिनचर्या को देखते हैं तो पाते हैं कि हमारे जीवन के प्रत्येक क्षण और आसपास गणित की गणित है। आर्यभट्ट भास्कराचार्य रामानुजन जैसे गणितज्ञ भारत भूमि के रत्न थे गणितज्ञों का भूमि रहा है भारतीय वेदों में र्विणत गणितीय विश्लेषण आज भी रहस्यमय है भारतीय संस्कृत ग्रंथों में आधुनिक गणित से लेकर विज्ञान पर्यावरण जल संरक्षण परंपरा एवं संस्कृति को जीवंतता प्रदान करने वाला अद्भुत सूत्र दिए हुए हैं। दुर्भाग्य है कि देश पर राज करने वाले अंग्रेजी हुकूमत और अंग्रेजों के गुलाम ने संस्कृत को कठिन विषम और विद्वानों की भाषा बताकर इसे प्राथमिक शिक्षा और आम आदमी से दूर कर दिया। गणित को सामान्यतः लोग एक कठिन विषय मानते हैं क्योंकि गणित के आधारभूत नियम सूत्रों से दूर भागते हैं। गणित को सबसे कठिन विषय माना जाता है। लेकिन एक ताजा शोध में पता चला है कि गणित के सूत्र में मौजूद अंकों और अक्षरों का जटिल सिलसिला मस्तिक में आंनद के वैसे ही अनुभूति पैदा करते हैं, जैसे एक शानदार कलाकृति को देखकर या महान संगीतज्ञ का संगीत सुनकर पैदा होती है। नई तकनीक क्रांति की वजह से गणित का सर्वाधिक विकास पिछले 30/40 वर्षों में हुआ वर्तमान समय में युवाओं के पास गणित में कैरियर बनाने के काफी अच्छे और बहुत मौके हैं। गणितज्ञों के पास कैरियर की संभावनाएं जारी रहती है क्योंकि उच्च स्तर के विशलेषणात्मक सोच कौशल की आवश्यकता होने के बाद उन्हें अत्यधिक मांग की जाती है। गणितज्ञों को लगभग सभी निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के संगठन में रोजगार मिलता है। गणित अध्ययन के बाद युवा उद्योग बैंकिग सेवाओं की विषय के रूप में स्थापित कर सकते हैं। आज युवाओं को गणित में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान करने के लिए विश्व स्तर के अनेक संस्थान देश में मौजूद है । भारत में 135 से अधिक विश्वविद्यालय हैं जो गणित से जुड़े हुए कोर्स चलाते हैं स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले विश्वस्तरीय संस्थान इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट बैंगलोर कोलकाता एवं चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट चेन्नई हैं।

**स्नातक डिग्री के प्रमुख संस्थान –**

इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), बेंग्लुरु : यहां से आप बी.मैथ डिग्री हासिल कर सकते हैं. इस संस्थान में दाखिले के लिए पहले स्क्रीनिंग टेस्ट देना पड़ता है.

- चेन्नई मैथमैटिकल इंस्टीट्यूट (सीएमआई), चेन्नई : सीएमआई से आप मैथ और कम्प्यूटर साइंस में बीएससी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। यह संस्थान लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद दाखिला देता हैं।

**गणित में बीएससी डिग्री**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), कानपुर : यहां दाखिला लेने के लिए पहले आईआईटी जेईई देना होता है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बेंग्लुरु : संस्थान में दाखिले के लिए आईआईटी जेईई का आयोजन किया जाता है। गणित में मास्टर डिग्री
- चेन्नई मैथमैटिकल इंस्टीट्यूट (सीएमआई), चेन्नई : यहां मई के अंतिम दिनों में एडमिशन टेस्ट का आयोजन होता है।
- इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), नई दिल्ली : यहां भी एडमिशन टेस्ट द्वारा प्रवेश मिलता है।
- यूनिर्विसटी ऑफ हैदराबाद : यहां लिखित परीक्षा और इंटरव्यू द्वारा दाखिला होता है।

एमएससी-पीएचडी यहां से कर सकते हैं-

- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फन्डामेन्टल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमैटिकल साइंस (आईएमएससी), चेन्नई
- हरीश चंद्र रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई), इलाहाबाद।

गणित से प्रमुख करियर इस प्रकार हैं:

**गणितज्ञ :** गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

**शिक्षण :** गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और छात्रों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। **सॉफ्टवेयर इंजीनियर :** भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

**बैंकिग :** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट :** उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधकि प्रतिष्ठित करियर विकल्प है।

**कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट :** कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत-लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन एरोनॉटिकल रिसर्च में सरकारी विभागों का काम होता है यहां सभी गणितज्ञ उनकी प्रमुख समस्याओं को सुनते हैं।

स्पीड न्यूज

### एनटीटीएफ के 9 छात्रों का प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों कई कंपनियों द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमें कंपनी मकीनो, हाई टेक रोबोटिक्स एवं ऑरेंजवुड शामिल है। सभी कंपनियों द्वारा सर्वप्रथान लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया। मकीनो कंपनी द्वारा डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स के फाइनल ईयर के छात्र आयुष कुमार, कृष कुमार दीपक कुमार सिंह को 3.60 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया ।वो ही फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 3 छात्रों को कंपनी हाई टेक रोबोटिस द्वारा 3.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया, जिसमें राहुल गुप्ता आस्था कुमारी, केशव विश्वकर्मा शामिल हैं। बेंगलुरु स्थित ऑरेंजवुड कंपनी में अनीश कुमार सिन्हा, छितिज राय को 3 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया।

### ब्रह्मर्षि विकास मंच ने ब्रह्मेश्वर मुखिया को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** शनिवार 1 जून को ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर केंद्रीय कमेटी ने ब्रह्मेश्वर मुखिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम बारीडीह क्लब हाउस, चुन्ना भट्ठा मैदान में आयोजित किया गया। आज की श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने मुखिया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। मंच के अध्यक्ष राम प्रकाश पांडेय ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि मुखिया जी ने हमेशा गरीबों, किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने समाज को एकजुट रखने का कार्य किया और साथ ही हमें यह भी प्रेरणा दी की विकट परिस्थिति में भी हमे समस्या का एकता के साथ डंट कर मुकाबला करना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत बैठक का आयोजन किया गया जिसमें तय किया गया की स्व ब्रह्मेश्वर मुखिया जी के याद में रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 9 जून, रविवार को सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष श्री राम प्रकाश पांडेय, उपाध्यक्ष विजय नारायण सिंह, ब्रजेश सिंह, मुकेश शर्मा, मंत्री श्रीनिवास सिंह, मनोज ठाकुर, सुधीर कुमार सिंह, संजीव ओझा, सुनील सिंह, संभू शर्मा, कमल कांत,के साथ ही जिला एवं क्षेत्रीय कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### चांडिल में भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस मनाने का निर्णय

**चांडिल।** शनिवार को स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सह समाजसेवी सुखराम हेंम्ब्रम के नेतृत्व में मातकमडीह में 9 जून को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस मनाने को लेकर कर्मू सिंह सरदार के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में शहीद दिवस को धुम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर 25 सदस्यों का एक कमिटी का गठन किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बेटे और बहू ने 90 साल के बुजुर्ग पिता को उनके ही घर से किया बेदखल

**कलयुग की पराकाष्ठा**

## बुजुर्ग परमानंद सिंह दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर, न्याय की आस में पथरा गयी आंखें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिसने पाल पोस कर बेटे को बड़ा किया, अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई से एक-एक तिनका जोड़कर आशियाना बनाया, जिसने अपने पोते-पोती को काबिल बनाने के लिए अपना दो- दो घर बेच दिया, आज वही पिता अपने बेटे के लिए बोझ बन गए। 90 साल के बुजुर्ग पिता को उनके ही बनाये घर से बेदखल कर दिया। इतना ही नहीं उसने अपने पिता को सरेआम पहचानने से ही इनकार कर दिया।

जी हां! ये कहानी है बिरसानगर जोन नंबर 1 बी साधूडेरा के रहने वाले 90 वर्षीय बुजुर्ग पीएन सिंह उर्फ परमानंद सिंह की। जिन्होंने गत सोमवार को मीडिया के सामने नम आंखों से अपनी आपबीती सुनायी और मीडिया के माध्यम से अपना हक वापस पाने की उम्मीद से प्रशासन से भी न्याय की गुहार लगायी है। उन्होंने बताया कि उनको बड़े बेटे और बहु ने उनके ही बनाये घर से बेदखल कर दिया। इतना ही नहीं उन्हें घर से धक्के मारकर बाहर निकाल दिया और लोगों के सामने उन्हें पहचानने से इंकार कर दिया। इसके बाद से वो दर-दर की ठोकरें खा रहे है। अपनी बेटी के घर में रहकर न्याय का इंतजार कर रहे हैं।


बुजुर्ग का कहना है कि वो रिटायर होने के बाद बिरसानगर के अपने घर में रहते थे। लेकिन जब उनकी पत्नी का निधन हो गया तो तो उन्हें गहरा सदमा लगा। इसके बाद बाद उनका छोटा बेटा अखिलेश सिंह उन्हें इलाज कराने के लिए बेटी के नीलडीह स्थित घर लेकर आ गये। यहां उनका डॉक्टर से स्पेशल ट्रीटमेंट चल रहा था। ठीक होने के बाद करीब 3-4 महीने बाद जब वो वापस रहने के लिए बिरसानगर स्थित अपने घर गये। घर जाते ही उनका बड़ा बेटा मिथिलेश कुमार उन्हें पहचाने से इंकार कर दिया और धक्कामुक्की करने लगा और जबरन धक्का देकर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं उनकी

### सदमे में चल बसी पत्नी

पत्नी के गहने और पैसे से भरा लॉकर भी अपने कब्जे में रख लिया। सदमे में उनकी पत्नी को हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय थाना, सिटी एसपी, एसडीएम कार्यालय और ह्यूमन राईट में अपना हक पाने के लिए गुहार लगते रहे, लेकिन उन्हें आजतक कहीं से न्याय नहीं मिला। थकहार कर वो आज मीडिया के सामने अपना दर्द सुना रहे है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बिरसानगर का घर मेरा है, ये मरी दिवंगत पत्नी की निशानी है। हम इस घर में अपने बड़े बेटे को नहीं रखना नहीं चाहते है। मुझे मेरे घर में रहने दिया जाये।

# संपादक राधेश्याम अग्रवाल का निधन, जमशेदपुर में शोक की लहर

■ जमशेदपुर को दैनिक पत्रकारिता का हब बनाने का श्रेय है राधेश्याम जी को





राधेश्याम अग्रवाल की फाइल फोटो और राधेश्याम अग्रवाल की अर्थी को कंधा देते मंत्री बन्ना गुप्ता व उद्योगपति सुदीप मुरारका व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में हिंदी पत्रकारिता के जनक राधेश्याम अग्रवाल शनिवार की सुबह अपनी अनंत यात्रा पर निकल गये और पीछे छोड़ गये चार से ज्यादा दशक तक अपनी निर्भीक, स्पष्ट और बेलाग पत्रकारिता की गौरवशाली विरासत। हिंदी दैनिक 'उदित वाणी' के प्रकाशन की शुरुआत के साथ शहर में हिंदी पत्रकारिता का बीज बोकर उसे पुष्पित और पल्लवित कर विशाल वटवृक्ष का रूप देने वाले संस्थापक संपादक राधेश्याम अग्रवाल का शनिवार की सुबह छह बजे निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि शनिवार अपराह्न 3 बजे शिवघाट, जुगसलाई में कर दी गयी। मौके पर उनके सैकड़ों शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

83 वर्षीय राधे श्याम अग्रवाल ने 1980 में मध्य प्रदेश में बिक्री कर विभाग के सहायक आयुक्त के पद पर 12 साल तक कार्यरत रहने के बाद इस्तीफा दे दिया और जमशेदपुर में आकर 22 अगस्त, 1980 को जमशेदपुर का पहला हिंदी दैनिक 'उदित वाणी' लॉन्च किया, जिसका विमोचन बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ जगन्नाथ मिश्र ने किया था। इससे पहले श्री अग्रवाल ने रांची विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर के रूप में भी कार्य किया था। श्री अग्रवाल 2005 में झारखंड की शिबू सोरेन सरकार में प्रेस सचिव भी रह चुके थे। वे अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गये। बड़े बेटे उदित अग्रवाल 'उदित वाणी' के प्रकाशन से जुड़े हैं और यंग इंडियंस नामक संगठन के जरिए समाज के वंचितों का जीवन बेहतर करने की मुहिम से संबद्ध हैं। छोटे बेटे हिमांशु अग्रवाल अमेरिका में रहते हैं, वहीं उनकी बेटी एनडीटीवी न्यूज की पूर्व पत्रकार मुकुल जैन दुबई में रहती हैं।

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद बिद्युतबरण महतो, विधायक सरयू राय समेत विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक व प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य जनों ने दी अंतिम दी और उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

**एक नजर में**

### प्रेरणास्रोत के रूप में याद किये जायेंगे राधेश्याम अग्रवाल : रघुवर दास



**जमशेदपुर।** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने वरिष्ठ पत्रकार और उदितवाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए श्री दास ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि श्री अग्रवाल इतनी शीघ्र दुनिया को छोडकर दूसरी लोक चले जायेंगे। जमशेदपुर दौरे के दौरान श्री अग्रवाल के आवास पर मिलना अंतिम होगा, ऐसा विश्वास से परे था। 1980 में जमशेदपुर से उदितवाणी के रूप में पहली हिंदी दैनिक शुरू करने के बाद से ही श्री अग्रवाल के साथ मधुर संबंध था। श्री दास ने कहा, जमशेदपुर ने एक पत्रकार खो दिया, जिसने अपनी लेखनी से मानवता की सेवा की और प्रशासन और जनता की शिकायतों के बीच सेतु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें जमशेदपुर में दैनिक समाचार पत्रों के प्रकाशन के प्रेरणास्रोत के रूप में याद किया जायेगा। ओडीशा के राज्यपाल ने कहा कि श्री अग्रवाल एक सफल पत्रकार के साथ साथ मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। झारखंड में पत्रकारिता के क्षेत्र उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। श्री दास ने शोक संतप्त श्री अग्रवाल के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि मृत्यु पर आदमी का वश नहीं चलता है, हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश ऊपर वाले के हाथ में है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा इनके निधन से मर्माहत परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति दें। श्री दास ने श्री अग्रवाल के पुत्र से बात कर सान्तवना व्यक्त की।

### राधेश्याम अग्रवाल का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति : विद्युतवरण



**जमशेदपुर।** संपादक सह उदितवाणी के संस्थापक राधेश्याम अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सांसद बिद्युत बरण महतो ने कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। राधेश्याम अग्रवाल न सिर्फ कोल्हान बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक विभूति थे। उन्होंने जमशेदपुर और आसपास में पत्रकारिता को एक नया मुकाम पर पहुंचाया। पत्रकारों की एक नई पौध खड़ी की और उन्हें संभाला। उदितवाणी को पत्रकारों के लिए एक प्रशिक्षणशाला के रूप में स्थापित किया है। सांसद श्री महतो ने कहा कि श्री अग्रवाल से उनका बहुत ही निकट और गहरा संबंध रहा है। एक अभिभावक के रूप में और अनेक मामलों पर समय-समय पर उनका मार्गदर्शन उन्हें मिलता रहता था। सांसद ने कहा- दुख की इस घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ हैं और ईश्वर से कामना करते हैं की प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दे।

### न जान न पहचान फिर भी मदद के लिए भागे नीरज सिंह



**जमशेदपुर।** एक रिसर्च के मुताबिक अत्यधिक गर्मी से अगर गर्भवती महिलाओं का देखभाल सही से नहीं हो पाये तो प्रीमेच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है। मानगो के उलीडीह बस्ती की रहने वाली सीता सिंह (32) सात महीने की गर्भवती हैं, जो कि मानगो के आजादनगर स्थित उमा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कल से भर्ती हैं। उनकी स्थिति काफी गंभीर होते देख डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी, पर गरीबी से जूझ रहे परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण वे कुछ नहीं कह पा रहे थे। ऐसे में समाजसेवी और भाजपा नेता नीरज सिंह के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आता है और एक महिला अपनी व्यथा सुनाकर रोने लगती है। श्री नीरज सिंह बिना देरी किए ही डॉक्टर ओम प्रकाश से फोन पर बात कर उनके इलाज शुरू करवाने को कहते हैं और अस्पताल ने भी तत्काल इलाज शुरू कर दिया। सुबह होते ही नीरज सिंह अस्पताल पहुंच कर महिला से मिले और रोते-बिलखते परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से बात कर आर्थिक मदद भी की। दरअसल, मरीज की मां मंजू सिंह मरीज को लेकर दर-दर भटकती रहीं। वे एमजीएम और कई अस्पताल घूमीं लेकिन सही इलाज और देखभाल नहीं मिलने के कारण वे किसी की मदद से उमा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचीं और अब मरीज स्वस्थ एवं इलाजरत हैं।

### रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ने दुकानदारों के बीच किया 30 हजार ठोंगे का वितरण




**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वाधान में रोटरी सहेली सेंटर (महिला सशक्तिकरण केंद्र) और पर्यावरण समिति ने नो प्लास्टिक योजना के तहत सोनारी गुदरी बाजार में तीस हजार अखबारी कागज से बने ठोंगे विभिन्न दुकानदारों को मुफ्त में दिये। इन ठोंगों का निर्माण रोटरी सहेली सेंटर ने किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रमोद दुबे ने दुकानदारों को प्लास्टिक के थैलियों से पर्यावरण को होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में बताया और उनसे कम से कम प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग के लिए अनुरोध किया। इस साल रोटरी सहेली सेंटर के द्वारा निर्मित पचास हजार ठोंगों का मुफ्त वितरण किया जा चुका है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष ज्ञान तनेजा, मोहन लाल अग्रवाल, अरुणा तनेजा, सुनीत कुमार, विजय वैद्यनाथन, महेंद्र गुप्ता, रोहण मेहरा, सपना दास, पिंकी कुमारी समेत क्लब के कई सदस्य उपस्थित थे।

### टेल्को रिक्रिएशन क्लब में पतंजलि ध्यान योग कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** टेल्को रिक्रिएशन क्लब में आदि गुरु शंकराचार्य की महान कृति निर्वाण षटकम पर आधारित पतंजलि ध्यान योग कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूरे जमशेदपुर से पधारे 65 योग साधकों ने निर्वाण षटकम को आधार बनाकर ध्यान लगाने का अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत आदि गुरु शंकराचार्य की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रार्थना स्वरूप निर्वाण षटकम के श्लोकों का सस्वर पाठ किया गया। इस अवसर पर आदि गुरु शंकराचार्य की जीवनी पर आधारित लघु डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विश्व विख्यात मैनेजमेंट गुरु चंदेश्वर खां ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा रचित निर्वाण षटकम आज भी विचलित मानवता को शांति और सही दिशा प्रदान करता है।

## श्री साईंनाथ देवस्थानम का स्थापना महोत्सव शुरू, पालकी यात्रा आज



पूजा करते अध्यक्ष अनूप रंजन और उनकी पत्नी रश्मि रंजन व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वावधान में श्री साईनाथ देवस्थानम का दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव वैदिक मंत्रोचारण के साथ प्रारंभ हुई। मौके पर शिर्डी मंदिर से पधारे पंडिताचार्य दिगंबर कुलकर्णी, चंद्रशेखर कुलकर्णी, योगेश कुलकर्णी ने पूजन अनुष्ठान यजमान अनुप रंजन सपत्नी रश्मि नारायण की उपस्थिति में हुआ। महोत्सव में शनिवार प्रातः 5 से संध्या 6 बजे तक काकड़ आरती, मंगल स्नान, पूजन, हवन इत्यादि अनुष्ठान संपन्न हुए। संध्या 6.30 बजे सुंदरकांड पाठ (संगीतमयी, विद्वान पुरोहितों ने किया। रात्रि 9 बजे शेज आरती के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। सुन्दरकांड पाठ में आस पास कई भक्तगण सम्मिलित हुए।

## सनसनी... सबसे सुरक्षित माने जाने वाले विजया गार्डेन बारीडीह से लाखों की चोरी

■ डुपलेक्स मालिक श्याम सुंदर पांडेय रामलला का दर्शन करने गये हैं अयोध्या



डुप्लेक्स की फाइल फोटो और चोरी के बाद घर की हालत।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर की सबसे हाई फाई हाउसिंग सोसाइटी भी इन दिनों चोरों से सुरक्षित नहीं है। ऐसी ही एक घटना बिरसानगर थाना स्थित विजया गार्डन से सामने आयी। जहां के डुप्लेक्स नंबर 509, 12वां फेज, एच रोड, विजया गार्डेन, बारीडीह से चोरों ने कई लाखों के जेवर और सामानों पर अपना हाथ साफ किया है।

चोरी श्याम सुन्दर पाण्डेय के डुप्लेक्स में हुई है, जो विगत 29 मई को अयोध्या में राम मंदिर दर्शन हेतु पूरे परिवार समेत घर से बाहर गये। जबकि बीती रात यानी 31 मई की रात को चोरों ने घर पर अपना हाथ साफ किया।

शनिवार की सुबह जब श्याम सुंदर पांडेय के घर की कामवाली बागान में पानी देने पहुंची तो उसे दरवाजा टूटा होने का आभास हुआ जिसके बाद आस पड़ोस के लोगों कों सूचना दी गयी। इसके बाद भुक्तभोगी श्याम सुन्दर पाण्डेय के बड़े भाई को भी इसकी सूचना मिली। तब वे भी मौके पर पहुंचे और घर की जांच की और पूरे घर से आभूषण गायब पाये गये।

भुक्तभोगी के बड़े भाई हरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि उनके भतीजे का कुछ ही दिनों पहले ही जनेव था, जिस कारण घर में ज्यादा आभूषण थे। उन्होंने सोसाइटी के सिक्योरिटी एजेंसी पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। वहीं चोरों के द्वारा बगल के एक डुप्लेक्स का भी ताला तोड़ा गया था। हालांकि वहां उन्हें सफलता नहीं मिली। चोरी की घटना के बाद विजया गार्डेन बारीडीह के निवासियों में काफी दहशत व्याप्त है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पत्रकार सुदाम प्रधान, गरीबों को कराया गया भोजन



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के वरिष्ठ पत्रकार सुदाम प्रधान की शनिवार को दूसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। वन विश्रामागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राजनीति व सामाजिक क्षेत्र के अलावा बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। एक मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित कर पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा, सुदाम प्रधान पत्रकार तो थे ही,झारखंड आंदोलनकारी भी थे। अलग राज्य की लड़ाई और अपनी कलम से समाज को दिशा के लिए किये गये कार्य को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। डा. विजय सिंह गागराई ने कहा सुदाम प्रधान निष्पक्ष और निर्भिक पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। पुण्यतिथि के मौके पर शहर के पत्रकारों की ओर से जननायक समिति के सहयोग से रेलवे स्टेशन के समीप गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। गौरतलब हो कि एक जून 2022 की सुबह टहलने के दौरान एक सड़क हादसे में सुदाम प्रधान की मृत्यु हो गई थी।

## सरदारनी बलवंत कौर खनुजा की अंत्येष्टि आज

■ समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले का परिवार शोकाकुल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व प्रवक्ता एवं सुविख्यात समाजसेवी अमर प्रीत सिंह काले की माता एवं स्व सरदार हरजीत सिंह खनुजा की धर्मपत्नी सरदारनी बलवंत कौर खनुजा की अंत्येष्टि रविवार को स्वर्णरेखा श्मशान घाट पर किया जायेगा। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए उनके तमाम परिजन और रिश्तेदार जमशेदपुर पहुंच चुके हैं। अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि साकची कालीमाटी रोड स्थित आवास 14/407, काशीडीह, साकची, कालीमाटी रोड, गुरुद्वारा के समीप, पेट्रोल पंप के सामने मैन रोड में माता जी का अंतिम दर्शन सुबह 9.30 बजे से किया जा सकेगा। साकची गुरुद्वारा में भी पार्थिव शरीर का संगत दर्शन किया जायेगा। इसके बाद अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे स्वर्णरेखा बर्निंग घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

# दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह आठ से, तैयारी जोरों पर



लोक गायिका पूनम मिश्रा, लोक गायक विकास झा, मैथिली गायिका स्वाति झा और मैथिली सांस्कृतिक संध्या के उद्घोषक रामसेवक ठाकुर।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 8 और 9 जून 2024 को बौद्ध मंदिर मैदान (निकट राजेंद्र विद्यालय), साकची के प्रांगण में किया जा रहा है। यह आयोजन संध्या 5 बजे से आरंभ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस सांस्कृतिक महाकुंभ में मैथिली के सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती पूनम मिश्रा, प्रसिद्ध गायक विकास झा और स्वाति झा, दरभंगा से श्री ऋषभ भारद्वाज, पंकज झा, शंकर नाथ झा सहित अनेक स्थानीय कलाकार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही उद्घोषणा एवं हास्य के लिए श्री रामसेवक ठाकुर जी अपनी मनमोहक प्रस्तुति से आप सभी दर्शकों को मनोरंजन करेंगे।

समारोह में मिथिला खान पान, परिधान, कला-संस्कृति का समावेश होगा। समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया है, जिसमे महिलायें परंपरागत व्यंजन परोसेंगी। सभी पकवान घर से बनाकर लायेंगी। इस दौरान तिलकोर, सकरोडी, मखानाखीड़ , मछलीं का अचार सहितअनेक प्रकार के व्यजन का आनन्द दर्शक उठा सकेंगे जिसमे मैथिल खान - पान सहित, विभिन्न तरह के अनेक स्टाल रहेंगे। इस बार दोनों दिन आनन्दमेला का आयोजन किया गया है। आप सभी मैथिली प्रेमियों के लिए अनेक मैथिली किताब, सी डी, केसेट, पाग, मिथिला पेंटिंग सहित अनेकानेक स्टाल रहेंगे।

मधुबनी की हस्तकरघा, सिकी मौनी, मिथिला निर्मित जनेऊ, अदौरी -तिलौरी सहित अनेक प्रकार के पारंपरिक समान उपलब्ध रहेंगे जिससे आप मिथिला की पारंपरिक समान खरीद पायेंगे। कार्यक्रम में आने जाने के लिए बस की भी व्यवस्था की गयी है। आइये और इस भव्य सांस्कृतिक महाकुंभ को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से और भव्य मनाइये। और सपरिवार गीत संगीत नृत्य सहित मिथिला के पारंपरिक व्यंजन का आनंद उठाइये। मिथिला सांस्कृतिक परिषद के कार्यकारिणी सदस्य सहित स्वयंसेवक घर-घर तक आयोजन का संदेश पहुंचाने में लगे हुए हैं।

खबर मन्त्र स्पोर्ट्स

epaper.khabarmantra.net

रांची, रविवार

02.06.2024







# अगर फाइनल तक पहुंचे तो नौ मैच खेलेगी टीम इंडिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 को शुरू होने में अब बस कुछ समय बचा है। इस साल टी20 विश्व कप के मैच वेस्टइंडीज और अमेरिका के नौ स्थानों पर खेले जाएंगे। इनमें वेस्टइंडीज के छह और अमेरिका के तीन स्थान हैं। इंग्लैंड की टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था। भारतीय टीम की नजर दूसरी बार चैंपियन बनने पर है। टीम इंडिया ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में यह खिताब अपने नाम किया था। इसके 17 साल बीत गए, लेकिन टीम एक भी बार टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाई। हालांकि, 2014 में भारतीय टीम फाइनल में और 2016-2022 में सेमीफाइनल में जरूर पहुंची, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई। अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से काफी उम्मीदें हैं।

### सबसे बड़ा टी20 विश्व कप

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट को अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप कहा जा रहा है। इसमें कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी टीमों को पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच एक जून को कनाडा और अमेरिका के बीच होगा। वहीं, फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस के मैदान पर खेला जाएगा। भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ होगा। वहीं, भारत पाकिस्तान मैच नौ जून को खेला जाएगा। भारत का तीसरा मैच 12 जून को अमेरिका और चौथा मैच 15 जून को कनाडा के साथ होगा।

### तीन चरण में होगा टूर्नामेंट

लीग स्टेज: 1-18 जून के बीच खेला जाएगा। हर ग्रुप की टीमें आपस में एक-एक मैच खेलेंगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें अगले चरण में जगह बनाएंगी।


सुपर-8: 19-24 जून के बीच खेला जाएगा। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें यहां भाग लेंगी। कुल आठ टीमें आपस में एक-एक मैच खेलेंगी। यहां से शीर्ष चार टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी।

नॉकआउट: सुपर-8 में बेहतर खेल दिखाने वाली सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून और दूसरा सेमीफाइनल मैच 27 जून को होगा। इसके बाद दोनों सेमीफाइनल के विजेताओं के बीच 29 जून को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## यूएसए व कनाडा के बीच मैच से होगा टी20 विश्वकप का आगाज

एजेंसी

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास स्थित ग्रांड प्रेयरी स्टेडियम में यूएसए और कनाडा के बीच आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के ऐतिहासिक उद्घाटन मैच के साथ इस आयोजन के नौवें संस्करण की शुरूआत होगी। टेक्सास में उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर पूरे अमेरिका में नए दर्शकों के लिए क्रिकेट को प्रसारित किया गया। अमेरिका पहली बार आइसीसी विश्व कप आयोजन की सह-मेजबानी कर रहा है। उत्साह का केंद्र बिंदु एक लाइटिंग प्रोजेक्शन शो था, जिसमें न्यूयॉर्क शहर के रॉकफेलर सेंटर बिल्डिंग में अब तक के सबसे बड़े आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सभी 20 कप्तान शामिल थे। चारों समूहों के प्रत्येक कप्तान को मैनहट्टन की व्यस्त सड़कों के ऊपर चित्रित किया गया था।




## वॉर्म-अप मैच में भारत ने दिखाया दम, बांग्लादेश को 62 रनों से हराया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश और भारत के बीच शनिवार को वॉर्म-अप मैच खेला गया। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 182 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाक 121 रन बना सकी। 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत भी खराब हुई। टीम के दो बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इनमें सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार और कप्तान नाजमुल हसन शांतो शामिल हैं। तंजीद हसन ने 17 और लिट्टन दास छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा शाकिब अल हसन (28) और महमूदुल्लाह (40) ने संभाला। भारत के खिलाफ रिशाद हुसैन पांच, जेकर अली शून्य रन बनाकर आउट। मेहदी हसन और तंजीम क्रमशः दो और एक रन बनाकर आउट। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह, सिराज, पांड्या और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत कुछ खास नहीं हई थी। रोहित शर्मा के साथ पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे संजू सैमसन सिर्फ एक रन बना सके। उन्हें शरीफुल इस्लाम ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद मोर्चा ऋषभ पंत ने संभाला। टीम को दूसरा झटका भारतीय कप्तान के रूप में लगा जो 23 रन बनाकर लौटे। उन्हें महमूदुल्लाह ने रिशाद के हाथों कैच कराया। वहीं, स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज 53 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हो गए। इस दौरान पंत ने 165.62 के स्ट्राइक रेट से चार चौके और इतने ही छक्के लगाए। इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने 31, शिवम दुबे ने 14, हार्दिक पांड्या ने 40 और रवींद्र जडेजा ने चार रन बनाए। पांड्या और जडेजा इस मुकाबले में नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन, शरीफुल इस्लाम, महमूदुल्लाह और तनवीर इस्लाम ने एक-एक विकेट चटकाया।



## वेस्टइंडीज की निगाहें पीएनजी के खिलाफ मजबूत शुरूआत पर

**गुयाना।** ईडन गार्डन में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्वकप जीतने के आठ साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौंवे चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी। दो बार की चैंपियन इससे पहले 2012 में चैंपियन बनी थी। लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालिफाई भी नहीं कर सकी। अब जब टूनार्मेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे। दो बार टी-20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान डेरेन सैमी अब कोच के तौर पर टीम के साथ हैं और रोवमैन पॉवेल की अगुआई वाली टीम ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया पर जीत हासिल कर अपने इरादे पहले ही जाहिर कर दिए हैं। वहीं, असादुल्ला वाला की अगुवाई वाली पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) 2021 के बाद दूसरी बार इस टूर्नामेंट में खेलेगी, उसने जुलाई 2023 में पूर्वी एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय फाइनल के जरिये अपना स्थान पक्का किया है। असादुल्ला 2021 अभियान में 10 खिलाड़ियों में से एक थे। टीम में आठ ऑलराउंडर हैं।

## टी20 विश्वकप के खिताब में बुमराह की भूमिका होगी अहम

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रित बुमराह का टी20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिये काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं। अमेरिका और वेस्ट इंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। पीठ की चोट के कारण बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। स्टार गेंदबाज ने पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबराहूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं।



## टी20 विश्व कप 2024 का पूरा शेड्यूल

| मैच | दिन, तारीख | मैच (भारतीय समयानुसार) | जगह |
|---|---|---|---|
| यूएसए बनाम कनाडा | रविवार, 2 जून | सुबह 6 बजे से | डलास |
| वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी | रविवार, 2 जून | रात 8 बजे से | गयाना |
| नामीबिया बनाम ओमान | सोमवार, 3 जून | सुबह 6 बजे से | बारबाडोस |
| श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका | सोमवार, 3 जून | रात 8 बजे से | न्यूयॉर्क |
| अफगानिस्तान बनाम युगांडा | मंगलवार, 4 जून | सुबह 6 बजे से | गयाना |
| इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | मंगलवार, 4 जून | रात 8 बजे से | बारबाडोस |
| नीदरलैंड बनाम नेपाल | मंगलवार, 4 जून | रात 9 बजे से | डलास |
| **भारत बनाम आयरलैंड** | **बुधवार, 5 जून** | **रात 8 बजे से** | **न्यूयॉर्क** |
| पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा | गुरुवार, 6 जून | सुबह 5 बजे से | गयाना |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान | गुरुवार, 6 जून | सुबह 6 बजे से | बारबाडोस |
| यूएसए बनाम पाकिस्तान | गुरुवार, 6 जून | रात 9 बजे से | डलास |
| नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड | शुक्रवार, 7 जून | रात 12.30 बजे से | बारबाडोस |
| कनाडा बनाम आयरलैंड | शुक्रवार, 7 जून | रात 8 बजे से | न्यूयॉर्क |
| न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | शनिवार, 8 जून | सुबह 5 बजे से | गयाना |
| श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | शनिवार, 8 जून | सुबह 6 बजे से | डलास |
| नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | शनिवार, 8 जून | रात 8 बजे से | न्यूयॉर्क |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | शनिवार, 8 जून | रात 10.30 बजे से | बारबाडोस |
| वेस्टइंडीज बनाम युगांडा | रविवार, 9 जून | सुबह 6 बजे से | गयाना |
| **भारत बनाम पाकिस्तान** | **रविवार, 9 जून** | **रात 8 बजे से** | **न्यूयॉर्क** |
| ओमान बनाम स्कॉटलैंड | रविवार, 9 जून | रात 10.30 बजे से | एंटीगुआ |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | सोमवार, 10 जून | रात 8 बजे से | न्यूयॉर्क |
| पाकिस्तान बनाम कनाडा | मंगलवार, 11 जून | रात 8 बजे से | न्यूयॉर्क |
| श्रीलंका बनाम नेपाल | बुधवार, 12 जून | सुबह 5 बजे से | फ्लोरिडा |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया | बुधवार, 12 जून | सुबह 6 बजे से | एंटीगुआ |
| **यूएसए बनाम भारत** | **बुधवार, 12 जून** | **रात 8 बजे से** | **न्यूयॉर्क** |
| वेस्ट इंडीज बनाम न्यूजीलैंड | गुरुवार, 13 जून | सुबह 6 बजे से | त्रिनिदाद-टोबैगो |
| बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | गुरुवार, 13 जून | रात 8 बजे से | सेंट विंसेंट |
| इंग्लैंड बनाम ओमान | शुक्रवार, 14 जून | रात 12.30 बजे से | एंटीगुआ |
| अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी | शुक्रवार, 14 जून | सुबह 6 बजे से | त्रिनिदाद-टोबैगो |
| यूएसए बनाम आयरलैंड | शुक्रवार, 14 जून | रात 8 बजे से | फ्लोरिडा |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल | शनिवार, 15 जून | सुबह 5 बजे से | सेंट विंसेंट |
| न्यूजीलैंड बनाम युगांडा | शनिवार, 15 जून | सुबह 6 बजे से | त्रिनिदाद-टोबैगो |
| **भारत बनाम कनाडा** | **शनिवार, 15 जून** | **रात 8 बजे से** | **फ्लोरिडा** |
| नामीबिया बनाम इंग्लैंड | शनिवार, 15 जून | रात 10.30 बजे से | एंटीगुआ |
| ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड | रविवार, 16 जून | सुबह 6 बजे से | सेंट लूसिया |
| पाकिस्तान बनाम आयरलैंड | रविवार, 16 जून | रात 8 बजे से | फ्लोरिडा |
| बांग्लादेश बनाम नेपाल | सोमवार, 17 जून | सुबह 5 बजे से | सेंट विंसेंट |
| श्रीलंका बनाम नीदरलैंड | सोमवार, 17 जून | सुबह 6 बजे से | सेंट लूसिया |
| न्यूजीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी | सोमवार, 17 जून | रात 8 बजे से | त्रिनिदाद-टोबैगो |
| वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान | मंगलवार, 18 जून | सुबह 6 बजे से | सेंट लूसिया |
| **सुपर-8 राउंड** | | | |
| A2 बनाम D1 | बुधवार, 19 जून | रात 8 बजे से | एंटीगुआ |
| B1 बनाम C2 | गुरुवार, 20 जून | सुबह 6 बजे से | सेंट लूसिया |
| C1 बनाम A1 | गुरुवार, 20 जून | रात 8 बजे से | बारबाडोस |
| B2 बनाम D2 | शुक्रवार, 21 जून | सुबह 6 बजे से | एंटीगुआ |
| B1 बनाम D1 | शुक्रवार, 21 जून | रात 8 बजे से | सेंट लूसिया |
| A2 बनाम C2 | शनिवार, 22 जून | सुबह 6 बजे से | बारबाडोस |
| A1 बनाम D2 | शनिवार, 22 जून | रात 8 बजे से | एंटीगुआ |
| C1 बनाम B2 | रविवार, 23 जून | सुबह 6 बजे से | सेंट विंसेंट |
| A2 बनाम B1 | रविवार, 23 जून | रात 8 बजे से | बारबाडोस |
| C2 बनाम D1 | सोमवार, 24 जून | सुबह 6 बजे से | एंटीगुआ |
| B2 बनाम A1 | सोमवार, 24 जून | रात 8 बजे से | सेंट लूसिया |
| C1 बनाम D2 | मंगलवार, 25 जून | सुबह 6 बजे से | सेंट विंसेंट |
| **नॉकआउट** | | | |
| सेमीफाइनल-1 | गुरुवार, 27 जून | सुबह 6 बजे से | त्रिनिदाद -टोबैगो |
| सेमीफाइनल-2 | गुरुवार, 27 जून | रात 8 बजे से | गयाना |
| फाइनल | शनिवार, 29 जून | रात 8 बजे से | बारबाडोस |




### खुशी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** नेपाल में आयोजित साउथ एशियन अंडर-12 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत की खुशी कादयान ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खुशी कादयान ने प्रतियोगिता में अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेपाल, मालदीव, बांग्लादेश की टीमों को एकतरफा मुकाबले से हराते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रतियोगिता में आठ देशों की टीमों ने हिस्सा लिया।

### भारतीय महिला टीम उज्बेकिस्तान से हारी

ताशकंद। भारतीय महिला टीम को यहां बुन्योदकोर स्टेडियम में पहले मैत्री मैच में उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। लैंगम चाओबा देवी द्वारा प्रशिक्षित भारतीय टीम इस समय दो मैत्री मैच खेलने के लिए उज्बेकिस्तान में है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद, स्ट्राइकर खबीबुलेवा डोएरा ने हैट्रिक बनाकर मेजबान टीम को को आसान जीत दिला दी।

### कोर्डा को हरा कर अल्कराज रोलांड गैरोस के अगले दौर में

पेरिस। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने फ्रेंच ओपन में रोलांड गैरोस 2024 के 16वें राउंड में शनिवार को अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में 4-6, 6(5)-7, 3- से हरा दिया। पहले सेट में की शुरूआत में ही अलकराज ने कोर्डा की सर्विस ब्रेक कर दी, लेकिन कोर्डा ने तेज जवाबी हमला बोलते हुये स्कोर को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। अलकराज ने 4-4 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और सेट 4-6 से जीत लिया।

## सूर्या ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए घटाया 15 किलो वजन

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से सूर्यकुमार यादव पहले से कहीं अधिक दुबले और फिट दिख रहे हैं जिसमें स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के बाद कठोर परिश्रम के साथ उनकी नियमित आहार योजना ने अहम भूमिका निभाई। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यह बल्लेबाज पिछले साल दिसंबर में टखने के ऑपरेशन और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लगभग 4 महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहा था। किसी खिलाड़ी के लिए सर्जरी के बाद फिटनेस का शीर्ष स्तर हासिल करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। सूर्या बेहतर आहार योजना की मदद से 12 से 14 किलो वजन कम करने में सफल रहे। सूर्यकुमार के पोषण पर कुछ समय तक काम करने वाली आहार विशेषज्ञ श्वेता भाटिया ने कहा कि सूर्यकुमार पहले से अधिक दुबले दिख रहे हैं लेकिन उनका शरीर पहले से ज्यादा मजबूत है। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्य आहार के साथ पूरक आहार की योजना बनाई थी। भाटिया ने कहा कि सर्जरी के बाद उनका वजन थोड़ा बढ़ गया था जो एक नैसर्गिक प्रक्रिया है। फिर वह 14-15 किलोग्राम वजन कम करने में सफल रहे। डेक्सा मशीन इसकी पुष्टि कर सकता है कि इस 15 किलो में से 13 किलो वसा का वजन होगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खिलाड़ी के शरीर की संरचना की जांच करने के लिए एक डेक्सा मशीन होती है जो शरीर में मांसपेशियों और वसा की मात्रा का विवरण देती है।



## विश्वकप में खुल कर खेले भारत: गांगुली

एजेंसी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में आक्रामक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देते हुये गांगुली ने शनिवार को कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया। उन्हाने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी। और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्या हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।



## त्रिशा-गायत्री का सिंगापुर ओपन का अभियान समाप्त

एजेंसी

**सिंगापुर।** त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की स्टार भारतीय महिला जोड़ी का सिंगापुर ओपन का शानदार अभियान शनिवार को समाप्त हो गया। इस भारतीय जोड़ी को यहां चल रहे सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा की वर्ल्ड नंबर-4 जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय जोड़ी को रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी से 47 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में सीधे गेम में 23-21-21-11 से हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में भारतीय जोड़ी ने 2 प्वाइंट्स की लीड के साथ शुरूआत की। लेकिन इसके बाद त्रिशा- गायत्री को काफी संघर्ष करना पड़ा। जापानी जोड़ी ने 16-12 की लीड हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर देकर स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। लेकिन, नामी-चिहारू की जोड़ी ने लगातार प्वाइंट्स हासिल कर 23-21 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। जापानी जोड़ी ने दूसरे गेम में अपनी लय बरकरार रखी और आक्रमण खेल के जरिए भारतीय जोड़ी पर 8 अंकों की शुरूआती बढ़त बना ली। इसके बाद त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने मैच में बढ़त बनाने की सारी कोशिशें नाकाम रहीं और जापानी जोड़ी ने 17-4 से बड़ी लीड बनाते हुए 21-11 से दूसरा गेम जीतकर टूनामेंट के फाइनल का टिकट पक्का किया। बता दें कि, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूनामेंट में त्रिशा और गायत्री की यह पहला सेमीफाइनल था।

# हॉकी: भारतीय पुरुष की शानदार जीत वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 3-0 से रौंदा

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने FIH पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023-24 यूरोप लेग के यहां खेले गए मुकाबले में वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 3-0 से रौंद दिया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) में गोल दागे और भारत को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक तेज शुरूआत की एक-दूसरे पर कई जबरदस्त आक्रमण किए लेकिन पहले क्वार्टर की समाप्ति तक कोई भी टीम गोल करने में नाकाम रही। फिर दूसरे क्वार्टर में भारत ने एक शानदार शुरूआत की और 16वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक बेहतरीन गोल कर टीम के लिए शुरूआती गोल किया। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किए लेकिन गोल नहीं कर पाई। हाफ टाइम तक भारत 1-0 से जर्मनी से आगे रहा। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम एक अलग ही अंदाज में नजर आई और जर्मनी पर एक के बाद एक लगातार आक्रमण किए। भारतीय टीम को तेज खेलने का लाभ मिला और क्वार्टर के समाप्त होने के चंद मिनट पहले भारत ने 4 मिनट के अंतराल मे दो गोल दाग दिए। 41वें मिनट में सुखजीत सिंह ने एक शानदार फिल्ड गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। फिर तीन मिनट बाद 44वें मिनट में गुरजंत सिंह ने एक और गोल कर भारत को तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक जर्पनी पर भारत की बढ़त 3-0 कर दी।चौथे क्वार्टर के दौरान जर्मनी ने मैच में वापसी करने के कई प्रयास किए लेकिन भारत की मजबूत रक्षापंक्ती के सामने उनकी एक न चली। और चौथा क्वार्टर गोल रहित रहा और भारत ने वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी पर 3-0 की एक शानदार जीत दर्ज की। जर्मनी के खिलाफ भारत की यह लगातार 7वीं जीत है। भारत आखिरी बार दिसंबर 2017 में जर्मनी से हारा था।



## मनु ने भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी

**ताइपे (ताइवान)।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को यहां ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 81.58 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। मनु ने प्रतियोगिता की शुरूआत 78.32 मीटर के थ्रो से की, लेकिन तीसरे प्रयास में इसे बेहतर करके 80.59 मीटर कर दिया। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले 12 प्रतियोगियों में भारतीय एथलीट एकमात्र विदेशी प्रतिभागी थे। अंतिम दौर में मनु चौथे थ्रो में असफल रहे, लेकिन अगले प्रयास में 81.52 मीटर भाला फेंका। छठे और अंतिम प्रयास में मनु ने अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए 81.58 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे के चाओ त्सुन चेंग ने 76.21 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन चाओ-होंग हुआंग ने 71.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। मनु ने हाल ही में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। जबकि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 82.27 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया था। मनु को अभी पेरिस ओलंपिक के 85.50 मीटर के क्वालिफाइंग मार्क को पूरा करना है। बता दें कि, ताइवान एथलेटिक्स ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर पर कांस्य-स्तरीय टूनामेंट है जिसमें महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक हैं।



# लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर 50.56 फीसदी मतदान

एजेंसी

**पटना।** बिहार की आठ लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक संपन्न हुए मतदान में कुल 50.56 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर सुबह सात बजे से चल रही वोटिंग खत्म हो गई है। सातवें चरण में बिहार के नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय सीट के लिए मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक नालंदा में शाम छह बजे तक 46.50 प्रतिशत, पटना साहिब में 45.00 प्रतिशत, पाटलिपुत्र में 56.91 फीसदी, आरा में 48.50 फीसदी, बक्सर सीट पर 53.70 फीसदी, सासाराम में 51.00 प्रतिशत, काराकाट में 53.44 फीसदी और जहानाबाद में 51.20 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सभी आठ सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 50.56 फीसद वोटिंग हुई है। सातवें चरण का चुनाव खत्म होने के साथ ही बिहार की आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में कई दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। नालंदा से जदयू के मौजूदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पटना साहिब सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद रविशंकर प्रसाद, पटना की दूसरी सीट पाटलिपुत्र से भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव, आरा संसदीय सीट से भाजपा सांसद आरके सिंह, काराकाट सीट पर एनडीए के साझा उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा की प्रतिष्ठा दांव पर है। नालंदा संसदीय सीट पर जदयू के कौशलेंद्र कुमार का महागठबंधन के संदीप सौरभ, पटना साहिब सीट पर भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल अभिजीत, पाटलिपुत्र सीट पर भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव और लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती, आरा में भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह और महागठबंधन के सुदामा प्रसाद मैदान में हैं। बक्सर संसदीय सीट पर एनडीए के मिथिलेश तिवारी और राजद के सुधाकर सिंह, सासाराम सीट पर एनडीए के शिवेश राम और महागठबंधन के मनोज कुमार भारती के बीच सीधा मुकाबला है जबकि काराकाट सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय है। काराकाट सीट से एनडीए के उपेंद्र कुशवाहा, निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे भोजपुरी स्टार पवन सिंह और महागठबंधन के राजा राम सिंह के बीच कड़ी टक्कर है। जहानाबाद सीट से जदयू के मौजूदा सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और राजद के सुरेंद्र यादव के अलावा पूर्व सांसद अरुण कुमार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं।




## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4 जून को सीसीटीवी के पहरे में होगी वोटों की गिनती

**गोपालगंज।** 4 जून को सुबह 8 बजे सबसे पहले रिटर्निंग अधिकारी पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती करेंगे। जहां पर वोटों की जितनी की जाएगी। वहां पर स्ट्रांग रूम से लेकर टेबल और पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरा से भी कड़ी निगरानी रहेगी। इसी क्रम में गोपालगंज लोकसभा सीट पर मतगणना को लेकर सारी तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने बताया कि 4 जून को सुबह 8 बजे से थावे शिक्षण महाविद्यालय में मतगणना होगी। मतगणना के लिए 6 विधानसभा क्षेत्र के लिए 84 टेबल लगाई जाएंगी। एक विधान सभा मे 14-14 टेबल लगाए जाएंगे।

## मतगणना स्थल पर 144 धारा लागू

**गोपालगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने लोक सभा के मतगणना की तैयारियों को लेकर समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में आज स्टैंडिंग कमेटी की बैठक सभी राजनितिक दलों के प्रतिनिधि,लोक सभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों के साथ जिला स्टैंडिग कमेटी की बैठक की। मतगणना स्थल पर 144 धारा लागू रहेगी।

# नाबालिग को भगाने के आरोप में उपमुखिया गिरफ्तार


गिरफ्तार उपमुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगाने के आरोप में पुलिस ने उप मुखिया को गिरफ्तार किया है। मामला धुरकी थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता ने थाने में लिखित आवेदन दिया था, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरबल गांव निवासी उप मुखिया मंजूर अंसारी पिता रियाजत अंसारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने बलरामपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त आरोपी के उपर धुरकी थाना कांड संख्या 55/24 धारा 366 भादवि के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

जानकारी के अनुसार उपमुखिया ने उक्त नाबालिग को बहला फुसला कर सबसे पहले अपने भाई से शादी करवाया। उसके बाद उक्त नाबालिग को लेकर फरार हो गया।

आरोपी को न्यायिक हिरासत में गढ़वा शनिवार को भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि अब तक धुरकी थाना क्षेत्र में चार दिनों के अंदर इस तरह की चौथी घटना है। जिसमे पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

खबर एक नजर में

## चौधरी जेनरल हस्पिटल में डॉ. पीके ने दिया परामर्श


जांच करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पटना के सुप्रसिद्ध हृदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ. पीके वर्मा ने चौधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा में 45 लोगों को परामर्श दिया। मौके पर डॉ. वर्मा ने कहा कि हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है। तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट से अधिक हो जाता है और तेज पसीना आने लगता है।

इस दौरान शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता है। ऐसा शरीर के कूलिंग सिस्टम के फेल होने की वजह से होता है। इस स्थिति में बडी का तापमान तेजी से बढ़ता है और इससे हार्ट और ब्रेन के फंक्शन पर असर पड़ता है। कुछ मामलों में ब्रेन डैमेज हो जाता है या हार्ट अटैक आ जाता है, जो मौत का कारण बनता है। जो लोग अधिक देर तक तेज धूप में रहते हैं और कम पानी पीते हैं उनको हीट स्ट्रोक खतरा ज्यादा होता है। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ कुलदेव चौधरी ने बताया कि डॉ वर्मा न्यूरोलॉजी में फेलोशिप करने बाहर जाने के कारण अपनी सेवा नहीं दे पा रहे थे। लेकिन अब पुनः प्रत्येक महीने के 1 और 15 तारीख को सेवा प्रदान करेंगे। भविष्य में बहुत जल्द न्यूरो फिजिशियन चौबीस घंटे सेवा देंगे। हृदय, मधुमेह, नस रोग सम्बधित बीमारी के मरीज अग्रिम रजिस्ट्रेशन कराकर परामर्श ले सकते हैं। सबसे सुखद संकेत है कि एक बार फिर से आयुर्वेदिक पद्धति का अति लाभकारी व विश्वशनीय पंचकर्म चिकित्सा की भी शुरुआत कर दी गई है। इसके लिए दिल्ली से पंचकर्म एक्सपर्ट महिला एवं पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग चिकित्सक भी अपनी सेवा देंगे। इसके माध्यम से साइटिका, गठिया, जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, लम्बर एंड सर्वाइकल स्पन्डिलाइटिस, सिर दर्द, माइग्रेन, गैस्ट्रिक, मोटापा जैसी पुरानी बीमारी का इलाज हो पायेगा। मौके पर बचनदेव चौधरी, फैयाज अंसारी, राहुल चौधरी, काजल कुमारी, रौशन कुमार, बॉबी कुमारी, निशा कुमारी, बिदेशी चौधरी, राजेश्वर चौधरी, अरुण चौधरी, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

## पांच हथियार सहित कारतूस, मोबाइल बरामद



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी व बरामद हथियार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले की रमकंडा पुलिस ने छापामारी कर टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पांच देसी कट्टा, 8 एमएम का 5 जिंदा गोली, तीन की-पैड मोबाइल, एक एंड्राइड मोबाइल, बुलेट की टिप बनाने का पत्थर, पिट्टू बैग, जींस, शर्ट, टी-शर्ट आदि सामान बरामद किया गया है।

गिरफ्तार लोगों में माझिआंव थाना क्षेत्र के जाहरसरइ गांव निवासी स्व. देवनाथ सिंह का पुत्र आनंद सिंह, गढ़वा थाना क्षेत्र के हुर मोया गांव निवासी बैजू चौधरी का पुत्र राहुल कुमार, मंटू चौधरी का पुत्र संतोष चौधरी, नागेश्वर चौधरी का पुत्र नन्हकू चौधरी, सीदे कला गांव निवासी स्व. पहलाद चौधरी का पुत्र जितेंद्र चौधरी एवं गढ़वा जिले के बरडीहा गांव निवासी छठु विश्वकर्मा का पुत्र नंदू विश्वकर्मा का नाम शामिल है। शनिवार को एसपी दीपक कुमार पांडेय ने नया समाहरणालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि शुक्रवार को रमकंडा थाना क्षेत्र के टोकी ठोगापानी के जंगल क्षेत्र में चार से पांच हथियारबंद लोगों को देखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। वे अपने आप को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का सदस्य बताते हुए क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य के संवेदक, बीड़ी पत्ता व्यवसायी एवं जनप्रतिनिधियों को हथियार के बल पर डरा धमका कर क्षेत्र में लेवी वसूली करने का प्रयास कर रहे थे। उक्त सूचना के आलोक में सन्हा दर्ज करते हुए रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में भंडरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार, रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुटिया, रंका थाना प्रभारी अनिल नायक एवं शस्त्र बल के जवानों के साथ छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल को ठोगापानी जंगल के क्षेत्र में पहुंचने पर पुलिस को देखकर कर वर्दीधारी हथियारबंद लोग भागने लगे। एसपी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवानों ने उन्हें खदेड़ कर हथियार के साथ पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान बताया कि बरडीहा गांव निवासी नंदू विश्वकर्मा के द्वारा हथियार उपलब्ध कराया गया था। जबकि नन्हकू चौधरी ने बताया कि सीदे कला गांव निवासी जितेंद्र चौधरी के पास भी एक हथियार है तथा वह भी संगठन का सदस्य है। उसकी निशानदेही पर जितेंद्र चौधरी के घर पर छापामारी की गई। इस दौरान उसके घर से भी हथियार बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि दो दिन पूर्व पलामू जिले के चैनपुर क्षेत्र से घूमते हुए गढ़वा के क्षेत्र में वे लोग घुसे थे। घेराबंदी कर पहले चार लोगों को पकड़ा गया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर नंदू विश्वकर्मा एवं जितेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि नंदू विश्वकर्मा को पुलिस रिमांड पर लेकर हथियार के बारे में पूछताछ करेगी। एसपी ने बताया कि टीएसपीसी का सफाया कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नन्हकू चौधरी पर गढ़वा, चिनियां, चैनपुर, मांडर थाना में 2016 से लेकर 2018 तक नौ मामला दर्ज हैं। इसमें हत्या, सड़क लूट कांड, आर्म्स एक्ट आदि का मामला शामिल है। जबकि आनंद सिंह पर मेराल, मझिआंव थाना में दो मामले दर्ज हैं।

कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 16 पंचायतों में

# पानी की समस्या से लोगों को परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भीषण गर्मी का प्रकोप मनुष्य सहित हर जीव-जन्तु व पशु-पक्षियों को भी झेलना पड़ रहा है। जल स्तर भी धरातल से अपना स्थान छोड़ चुका है। क्षेत्र में 46 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ तापमान 48 डिग्री तक पहुंच चुका था। फिलहाल शुक्रवार और शनिवार को तापमान में गिरावट देखी गई। वहीं जिले के कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत 16 पंचायतों के विभिन्न गावों में पानी की समस्या से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पशुओं को पानी पिलाने के लिए लोगों को कई किलोमीटर दूर पानी लाने के लिए जाना पड़ रहा है। हरिहरपुर गांव के सीताराम साह, अजय प्रजापति, दुर्गा राम, हरेंद्र राम, अवध रजवार, शिव चबूतरा, रामचंद्र राम, आंगनबाड़ी केंद्र, अमरनाथ राम, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामनाथ ठाकुर, राजेंद्र सिंह के घर के पास चापाकल पूर्ण रूप से खराब स्थिति में पड़ा है। जबकि दुर्गा मंडप के पास डगर व प्राथमिक विद्यालय में लगा जलमीनार मंत्र मुग स्थिति में खड़ा है। न ही उक्त सभी चापाकल व जलमीनार एक बूंद पानी टपकाने में समर्थ है, बल्कि विकास का होना या न होना भी दर्शा रहा है। हालांकि चापाकल व जलमीनारों में सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर जनजीवन हेतु लगाया गया है, किंतु खराब स्थिति में पड़े सभी चापाकल व जलमीनारों की मरम्मत पदाधिकारीगण व जनप्रतिनिधियों द्वारा नहीं करवाया जा रहा है। इधर प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा ठीक करने के लिए लोगों के प्रचार-प्रसार और हेल्पलाइन भी जारी किया गया। लेकिन वह भी कागज ही दिखाई दे रहा है और खोखला साबित हो रहा है। वहीं दारीदह गांव स्थित दुर्गा मंडप के पास लगा जलमीनार लगभग एक वर्ष से खराब पड़ा है। जबकी मंझिगावा पंचायत में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में जलमिनार व चापकल भी खराब है। वहीं कांडी-चौबे मंझिगावा मुख्य सड़क के किनारे संजय चौबे के घर के पास लगे जलमीनार के सभी सोलर पलेट फूट जाने के कारण उक्त जलमीनार एक बूंद भी पानी देने में आनाकानी कर रहा है। जबकि कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ व पर्यटन स्थल स्थित प्राचीन नीम के पेड़ के पास जलमीनार खराब पड़ा हुआ है।


खराब जलमीनार

## सड़क दुर्घटना में बाईक सवार की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर बजाज शो रुम के समीप शुक्रवार की रात हुई बाईक दुर्घटना में बाईक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी निवासी शोभी चंद्रवंशी का 29 वर्षीय पुत्र राकेश चंद्रवंशी है। शनिवार सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार राकेश बाईक से कोलझिकी से उत्तरप्रदेश के कोण थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनरवा गांव स्थित अपने ससुराल जा रहा था, तभी ब्लॉक गेट से आगे बजाज शो रुम के समीप उसकी तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बंधी हुई गाय में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गंभीर चोट लगने से राकेश की घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि बाईक की जोरदार टक्कर से गाय की भी मौत हो गई।

## पांच दिवसीय समर कैंप आज से

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में रविवार से पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन वन विभाग के सामुदायिक भवन में किया जाएगा। संघ के सचिव आनंद सिन्हा ने बताया कि समर कैंप में गढ़वा जिले के सभी टेबल टेनिस खिलाड़ियों को कैंप में शामिल होने की अपील की गई है। साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी खेल प्रेमियों को प्रातः सात बजे से आयोजित उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया है।

## जान जोखिम में डाल कर कार्य कर रहे हैं बिजली कर्मचारी


कार्य करते कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** भीषण गर्मी, पिघलती हुई बिजली की तार और तपती दोपहर में जन सामान्य को बिजली आपूर्ति करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर निरंतर सेवा देते रहने वाले ऐसे बिजली कर्मचारियों को सलाम है। जरा सी चुके तो सीधे जान जाने का जोखिम रहने के बावजूद भी 47 डिग्री तापमान पार में जल भूनकर शिद्दत से बिजली विभाग का एक कर्तव्यनिष्ठ सिपाही अपनी जिम्मेवारियों को समझते हुए काम करता है और वह जानता एवं समझता है की जितनी जल्दी विद्युत अवरोध को ठीक करेगा, जन सामान्य को उतनी जल्दी भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। ऐसे अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारी बिना सुविधा व्यवस्था के सुचारू रूप से विद्युत को चलाने के लिए दिन रात काम करते रहते हैं। उसके बावजूद भी सैकड़ो लोगों के निरंतर ताने सुनने पड़ते हैं। हर बार सैकड़ो लोगों का फोन लाइट कब आएगी, कब गई, क्यों गई, कैसे गई, कितने देरी में चालू होगा, कुछ काम नहीं करते, फ्री का तनख्वाह ले रहे हो। प्रतिदिन इस तरह के ताने सुनने पड़ते हैं। सही मायने में ये ताने देने नही बल्कि सम्मान करने के योग्य है।

# जिला मत्स्य पदाधिकारी के निधन पर शोक सभा


शोक मनाते डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार सुबह जिला मत्स्य पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह का रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया।

उनके निधन पर समाहरणालय गढ़वा परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में डीसी शेखर जमुआर समेत सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए प्रार्थना किया। मौके पर डीसी एवं डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छे पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है। दुःख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं।

उनके परिजनों को हर संभव सहायता पहुंचाया जाएगा। शोक सभा में अपर समाहर्ता समेत अन्य वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गोलीबारी मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा में आपसी विवाद में हुई गोलीबारी मामले में एक व्यक्ति को 01 पिस्टल एवं 09 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 31 मई को सुलतानगंज थाना के ग्राम-नवादा में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद के कम में लालू कुमार एवं दिलखुश कुमार के द्वारा रितेश कुमार को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया। वहीं गांव के लोगों द्वारा लालू कुमार को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। लालू कुमार के पास से 01 मैंगजीन, 05 कारतूस, 02 ए०टी०एम० एवं 01 आधार कार्ड बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर घटनास्थल के पास से ही 01 पिस्टल, 01 मैंगजीन तथा 04 कारतूस बरामद किया गया। जख्मी रितेश कुमार एवं लालू कुमार मायागंज अस्पताल में ईलाजरत हैं। इस संबंध में सुलतानगंज थाना में सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया।

# लू लगने से अब तक आधा दर्जन लोगों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** गढ़वा जिले में इन दिनों तापमान सबसे अधिक मापी गई है। अभी तक तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। 46 वर्ष का रिकर्ड तोड़ रहा। अब तक के सर्वाधिक तापमान 48 डिग्री था। जिसके कारण लू की चपेट में आने से मझिआंव थाना क्षेत्र में अभी तक छह लोग की मौत हो चुकी है। इधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 मझिआंव कला में 68 वर्षीय डोमन बिंद की मौत लू लगने के कारण हो गई। मृतक डोमन बेहद ही गरीब व्यक्ति थे। बकरी पालन कर वे अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। वहीं दूसरी घटना लोहरपुरवा गांव में स्व. विश्वनाथ माली के 45 वर्षीय पुत्र मनोज माली की मौत हो गई। तीसरी घटना थाना क्षेत्र के चंदना गांव में सदरूद्दीन खान के 60 वर्षीय पुत्र सलीम खान की मौत हो गई। इसी प्रकार चौथी घटना थाना क्षेत्र के मोरबे गांव के चिरकुट टोला में स्व. टमनू उरांव के 55 वर्षीय पुत्र देवनारायण उरांव की हो गई। विदित हो कि शुक्रवार को बिडंडा गांव में 56 वर्षीय विजय मिश्रा एवं अखौरी तहले गांव में 28 वर्षीय नंदन सिन्हा की मौत लू लगने के कारण हो गई है। अगर आने वाले समय में तापमान में गिरावट नहीं हुई तो हीट वेव के चपेट में आने से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। इार लू लगने से मौत के मामले में पूछे जाने पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने बताया कि जिनका मनरेगा तहत जॉब कार्ड होगा और मास्टर रोल चल रहा होगा उनको एवं ए-श्रम कार्ड जिनका होगा उनको सरकारी प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लोगों को बैंक खाता में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़े होंगे उन्हें भी लाभ मिलेगा और ऐसे भी मैं प्रयास कर रहा हूं कि इन लोगों को सरकारी सहयोग ज्यादा से ज्यादा मिल सके। अंचल अधिकारी शंभू राम ने कहा कि हीट वेव की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास सरकारी प्रावधान के अनुसार मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मेडिकल प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करें। इधर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक शशांक कुमार ने कहा कि जिन लोगों की मृत्यु हुई है और उनके बैंक खाता से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जुड़ा होगा तो उन्हें बैंक बीमा कंपनी के द्वारा 2 लाख रुपए का सहयोग राशि दिया जाएगा।


मृतक

# पेज एक का शेष

## झारखंड-बिहार में ...

**बिहार में गठबंधन को 7से दस सीटें :** बिहार में एनडीए को बड़ा नुकसान होता दिख रहा है। माई एक्सिस ने बिहार में राजद को 6 से 7 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। गठबंधन को 7 से 10 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा को 13 से 15 और जदयू को 9 से 11 सीटें मिल सकती हैं। लोजपा (रामविलास) को पांच सीटें मिलने की बात कही है।

**ममता बनर्जी को झटका, भाजपा आगे :** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने टीएमसी को पीछे छोड़ दिया है। राज्य की 40 सीटों में रिपब्लिक भारत-मैटराइज के मुताबिक भाजपा को 21-25 सीटें और टीएमसी को 16-21 सीटें मिलने की संभावना है। वहीं, इंडिया न्यूज-डी-डायनामिक्स के अनुसार भाजपा सूबे में 21 सीटें जीत सकती है। टीएमसी 19 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रहेगी। ममता बनर्जी की टीएमसी अपनी जमीन बचाने के लिए पर पूरी ताकत के साथ उतरी थी, तो वहीं भाजपा भी कई नये इलाकों में सेंधमारी का दावा किया। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी को चौकाते हुए 18 सीटें अपने नाम की थीं।

## 295 से अधिक...

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग कल समय देगा, हमारे नेता चुनाव आयोग से मिलेंगे। चुनाव नतीजे आ रहे हैं, यह एकतरफा होने जा रहा है। डी राजा ने भी दावा किया कि हम 295+ सीटें जीतेंगे।

**एग्जिट पोल बहस में हिस्सा लेंगे विपक्षी नेता :** बैठक के बाद कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए मैजिक नंबर 272 है। हमें उससे अधिक संख्या मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि हम सरकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह फीडबैक पर आधारित है। नसीर ने कहा कि बैठक में यह फैसला किया गया है कि हम एग्जिट पोल बहस में भाग लेंगे।

# अंतिम चरण में 59 प्रतिशत वोटिंग

## बंगाल, पंजाब में छिटपुट हिंसा के साथ लोकसभा चुनाव संपन्न

एजेंसी

- आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों व ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों डाले गये वोट
- प. बंगाल में सबसे अधिक 69.89 प्रतिशत और बिहार में सबसे कम 49.35 % मतदान

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। कुछ स्थानों पर स्थानीय आवश्यकता के अनुसार मतदान बंद होने के समय में परिवर्तन किया गया। निर्वाचन आयोग ने अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद को संपन्न बनाने में सहयोग के लिये मतदाताओं, राजनीतिक दलों, मतदान मशीनरी और इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान की गति के मामले में आगे रहा और वहां सर्वाधिक 69.89 प्रतिशत वोट डाले गये। बिहार में मत प्रतिशत 49.35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62.76 प्रतिशत वोट डाले गये। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे, बहुजन समाज पार्टी ने 56 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे जबकि भाजपा 51 तथा कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

शनिवार को जिन प्रमुख सीटों पर मतदान कराया गया, उनमें उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट भी है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला कांग्रेस के अजय रॉय के बीच है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अकाली दल के नेता हरसिमरत कौर बादल (बठिंडा) और बैजयंत पांडा (भाजपा) केन्द्रपाड़ा, ओडिशा, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी (डायमंड हार्बर), भाजपा के रविशंकर प्रसाद ( पटना साहिब) और अभिनेत्री कंगना रानौत ,(मंडी हिमाचल प्रदेश) के भाग्य का फैसला आज के मतदान से होने जा रहा है। सभी सीटों के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक चलेगा। देश के विभिन्न अंचलों में तेज गर्मी और लू के बावजूद कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। कुछ जगह इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों में खराबी से मतदाताओं को परेशानी हुई।



बंगाल के एक मतदान केंद्र पर लगी महिलाओं की लंबी कतार।

पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों के बाहर छिटपुट हिंसा और मतदान एजेंटों को भगाने के प्रयासों की रिपोर्टें सामने आयी हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खराब होने से मतदान करीब डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुआ। मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में पांच बूथों में मतदाताओं को उस समय परेशानी झेलनी पड़ी, जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खराब हो गयी।

पंजाब के जालंधर के गांव मंसूरपूर मंडाला के पोलिंग बूथ पर खूनी झड़प में आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियारों से हमला कर एक पोलिंग एजेंट तजिंदर सिंह को घायल कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोलिंग बूथ पर आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियार से हमला कर तजिंदर सिंह को घायल कर दिया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में 12 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है।

जालंधर के गोराया में ईवीएम खराब होने से 45 मिनट तक मतदान रुका रहा। आमदपुर में खूनी झड़प में मंसूरपुर बटाला गांव में पोलिंग बूथ कांग्रेस के पालिंग एजेंट की बेरहमी से पिटायी कर दी गयी। एजेंट को घायल अवस्था में आदमपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है। अमृतसर के अजनाला विधानसभा के बूथ नंबर 100 में वोटिंग मशीन खराब हो गई। इससे लोग भड़क गये और उन्होंने हंगामा किया।

फरीदकोट में मतदान केंद्र पर वोट देने आये कुछ लोगों की महिला बीएलओ से बहस हो गयी, जिसके बाद महिला बेहोश हो गयी और गिर गयी, उसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत अब स्थिर है। इससे पहले फरीदकोट में सुबह तेज आंधी के कारण पोलिंग बूथ का शेड उड़ गया, जिससे वहां ड्यूटी दे रहे कर्मचारी बाल-बाल बच गये। लुधियाना, गुरदासपुर और बठिंडा में ईवीएम मशीन खराब होने से मतदान में देरी हुई। बठिंडा में ईवीएम के खराब होने के कारण आप उम्मीदवार और मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को वोट डालने के लिये इंतजार करना पड़ा।

147 सीटों वाली ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिये चार चरणों में हुये चुनाव के अंतिम चरण में आज आठ जिलों में 42 सीटों पर 63.46 प्रतिशत मतदान हुआ है।

शाम पांच बजे तक कटक जिले में सबसे अधिक 67.96 प्रतिशत और भद्रक में सबसे कम 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा बालासोर में 63.27, जगतसिंहपुर में 64.69, केन्द्रपाड़ा में 59.89, मयूरभंज में 64.47 प्रतिशत और पुरी में 67.30 प्रतिशत मतदान हुआ।

| राज्य | | मतदान % |
|---|---|---|
| प. बंगाल | - | 69.89 |
| बिहार | - | 49.59 |
| चंडीगढ़ | - | 62.80 |
| हिमाचल | - | 67.39 |
| झारखंड | - | 69.59 |
| ओडिशा | - | 63.57 |
| पंजाब | - | 55.76 |
| उत्तर प्रदेश | - | 55.60 |

### सीएम ममता बनर्जी ने दिखाया विक्ट्री साइन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। शनिवार को राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर वोटिंग पूरी हो गई है। पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में कालीघाट थाना क्षेत्र के हरीश चटर्जी स्ट्रीट की निवासी हैं। उन्होंने मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोट डालने के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख कुछ क्षण के लिए रूकीं और हाथ उठाकर विक्ट्री साइन बनाया। बनर्जी भवानीपुर सीट से विधायक हैं। भवानीपुर कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट में शामिल सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। कोलकाता दक्षिण से तृणमूल कांग्रेस ने माला राय को उम्मीदवार बनाया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मतदाताओं का जताया आभार

### चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों और राजग कार्यकर्ताओं को दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान के बाद देश के मतदाताओं, चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों तथा राजग के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक में 45 घंटे की ध्यान साधना के बाद राजधानी लौटने के बाद एक्स पर संदेश में कहा कि भारत ने मतदान किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी लोगों को हार्दिक



धन्यवाद। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक भावना पनपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की भी विशेष सराहना करना चाहूंगी। चुनावों में उनकी मजबूत उपस्थिति एक बहुत ही उत्साहजनक संकेत है। प्रधानमंत्री ने कहा,ह्लमैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत के लोगों ने राजग सरकार को दोबारा चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने हमारा ट्रैक रिकॉर्ड देखा है और जिस तरह से हमारे काम ने गरीबों, हाशिए पर मौजूद और वंचितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाया है। साथ ही, उन्होंने देखा है कि कैसे भारत में सुधारों ने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रेरित किया है। हमारी हर योजना बिना किसी पूर्वाग्रह या लीक के इच्छित लाभार्थियों तक पहुंची है।

### 370 से अधिक सीटें जीतेगी भाजपा : नड्डा

**नयी दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा चुनावों के अंतिम चरण के मतदान संपन्न होने के बाद दावा किया उनकी पार्टी 370 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। श्री नड्डा ने चुनाव आयोग सातों चरण में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। नड्डा ने कहा कि मैं, पार्टी की ओर से, चुनाव के सफल समापन पर भारत के चुनाव आयोग को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं।

## बिहार में एनडीए को बढ़त

- एग्जिट पोल : पिछले लोस चुनाव की तुलना में नुकसान का अनुमान

**नयी दिल्ली। पटना।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद सबकी नजर एग्जिट पोल पर लगी थी। शनिवार शाम मतदान का समय समाप्त होने के बाद सामने आए एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को बढ़त बताई जा रही है। हालांकि, पिछले चुनाव की तुलना में नुकसान का अनुमान लगाया गया है। रिपब्लिक भारत-मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक बिहार में एनडीए को 32 से 37 सीट मिलने का अनुमान है। जबकि, इंडिया गठबंधन के खाते में 2 से 7 सीट आ सकती है। एक्सिस-माई इंडिया के एग्जिट पोल के मुताबिक बिहार में एनडीए को 29-33 सीट मिल सकती है। जबकि, इंडिया गठबंधन के खाते में 7-10 सीट आ सकती है। इसमें भाजपा को 13-15, जदयू को 9-11, कांग्रेस को 1-2 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। लोजपा (रामविलास) को 5 सीट मिलने की बात कही गई है। आज तक के एग्जिट पोल में भाजपा को 13-15 सीट मिलने का अनुमान है। जबकि, जदयू को 9-11 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को 5 और राजद को 6-7 सीट मिल सकती है। कांग्रेस को 1-2 सीट मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में भी दो सीट जाने की संभावना है। बिहार में एनडीए में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है। बिहार की 40 लोकसभा सीट में भाजपा को 17, जदयू को 16, लोजपा को 5 तथा जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को एक-एक सीट दी गई थी। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद ने 26, कांग्रेस ने 9 और वामपंथी दलों ने पांच सीट पर चुनाव लड़ा है। राजद ने अपने कोटे से तीन सीट मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को दी थी।

## स्पीड न्यूज

### सांसद रेवन्ना के फोन की तलाश में जुटी एसआइटी

**बेंगलुरु।** यौन शोषण और सेक्स स्कैंडल में गिरफ्तार मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। एसआईटी अब उस लापता मोबाइल फोन की तलाश कर रही है जिसका इस्तेमाल आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ितों के साथ यौन कृत्यों और मारपीट को रिकॉर्ड करने के लिए किया था। सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन की बरामदगी अधिकारियों के लिए जांच का केंद्र बन गई है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना अधिकारियों के सवालों के जवाब देने में बच रहे हैं।

### केजरीवाल की जमानत पर फैसला पांच जून को

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर किये गये आवेदन पर अपना आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार को आत्मसमर्पण करना है। ईडी ने केजरीवाल के अंतरिम जमानत आवेदन का शनिवार को विरोध किया। ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने तथ्यों को छिपाया एवं अपने स्वास्थ्य सहित कई मामलों पर गलत बयान दिये।

### कठपुतली कलाकार कुआंर का निधन

नयी दिल्ली। प्रख्यात कठपुतली कलाकार पद्मश्री मगुनी चरण कुआंर का आज सुबह ओडिशा के क्योंझर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और कई महीनों से अस्वस्थ थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनके निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने शोक संदेश में कहा कि ओडिशा के क्योंझर के एक प्रख्यात कठपुतली कलाकार श्री मगुनी चरण कुआंर के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्हें पारंपरिक कठपुतली नृत्य शैली को बढ़ावा देने के लिए पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था।

### मप्र में नाव पलटने से सात लोगों की मौत

श्योपुर/मुरैना। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को सीप नदी में नाव पलटने के कारण सात लोगों की मृत्यु हो गयी और चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। श्योपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि सरोद गांव के पास हुए हादसे में सात लोगों की मृत्यु हुयी है और उनके शव नदी से निकाल लिए गए हैं। पुलिस और प्रशासन ने कुछ घंटे के राहत एवं बचाव कार्य के दौरान सात लोगों के शव नदी से निकाले ।सभी मृतक आसपास के गांव के निवासी बताए गए हैं। घटना चंबल संभाग के श्योपुर जिले में हुयी।

### मई में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल मई में कुल मिलाकर जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुये 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार शूटर गिरफ्तार

एजेंसी

- सलमान खान के पनवेल फार्महाउस का रेकी कर रहे थे
- हथियारों की डील पाकिस्तान के सप्लायर से हुयी थी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के पनवेल स्थित फार्महाउस की रेकी करने वाले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार शूटरों को नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। शूटरों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नहवी, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। नवी मुंबई पुलिस स्टेशन की टीम ने इस मामले में इन चारों के साथ लॉरेंस बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, संपत नेहरा, गोल्डी बरार समेत 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ये चारों शुक्रवार देर रात पनवेल स्थित सलमान खान के फार्महाउस पर रेकी कर रहे थे। नवी मुंबई पुलिस को पहले ही गोपनीय जानकारी मिली थी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुछ गुर्गे पनवेल में हैं और सलमान खान को मारने की साजिश कर रहे हैं। यह भी जानकारी मिली थी कि तीन तरह के हथियारों की डील पाकिस्तान के सप्लायर से हुई थी। बिश्नोई गैंग ने सलमान पर उनके ही फार्महाउस पर हमले की पूरी प्लानिंग कर ली थी। इसी जानकारी पर नवी मुंबई पुलिस ने चारों शूटरों को सलमान खान के फार्म हाउस पर रेकी करते समय गिरफ्तार कर लिया।

### असम में बाढ़ से 3.50 लाख लोग विस्थापित

**गुवाहाटी।** चक्रवाती तूफान रेमल के कारण हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में असम में अब तक दो बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 3.50 लाख लोगों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार कछार जिले में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हैलाकांदी जिले में एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 11 जिलों के 78 हजार से अधिक बच्चों समेत 3.50 लाख लोग बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कछार जिले में करीब 1.20 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। नगांव जिले में 78,756 लोग, होजाई जिले में 77,030, तथा हैलाकांदी जिले में 10,165 लोग प्रभावित हुए हैं।

## पुणे हिट एंड रन मामले में नाबालिग की मां गिरफ्तार

एजेंसी

- मां-बेटे से पुलिस कर रही है पूछताछ

**मुंबई।** पुणे हिट एंड रन मामले में शनिवार सुबह पुलिस ने इस मामले के नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले पहले से बाल सुधार गृह में भेजे गए नाबालिग आरोपित से पुलिस शनिवार सुबह से ही पूछताछ कर रही है। पूछताछ के समय नाबालिग की मां को भी मौके पर उपस्थित रखा गया है। जानकारी के अनुसार 19 मई पुणे में नाबालिग आरोपित ने बिना नंबर प्लेट की पोर्शे कार नशे धुत्त होकर चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी थी। इस घटना में बाइक सवार अनीश दुदिया और अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। इसके बाद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट ने नाबालिग आरोपित को पांच जून तक बाल सुधार गृह में भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित का ब्लड सैंपल बदलने और ड्राइवर को पूरा मामला अपने सिर लेने के लिए धमकी देने के आरोप में पुलिस नाबालिग आरोपित के पिता और दादा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों इस समय न्यायिक कस्टडी में हैं। नाबालिग आरोपित का ब्लड सैंपल बदलने के मामले में ससून अस्पताल के डॉक्टरों ने तीन लोगों का ब्लड सैंपल लिया था। इनमें से एक आरोपित की मां ने ब्लड सैंपल बदलने के लिए खुद अपना ब्लड सैंपल दिया था। इसी मामले में आरोपित की मां को गिरफ्तार किया गया है।

## बंगाल में 6 जून तक रहेंगी केंद्रीय बलों की 400 कंपनियां

एजेंसी

- बंगाल में राजनीतिक हिंसा के लंबे रिकॉर्ड को देखते हुए लिया गया है यह निर्णय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग ने यहां छह जून तक केंद्रीय बलों की 400 कंपनियां तैनात रखने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि चुनाव बाद संभावित हिंसा की खुफिया इनपुट मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक जून को मतदान होने के बाद केंद्रीय बल के आधे जवान यहां से चले जाएंगे लेकिन छह जून तक 400 कंपनियां यहां तैनात रहेंगी। अधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की बटालियन यहां तैनात रहेंगी। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया है कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के लंबे रिकॉर्ड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। फिलहाल पूरे राज्य में केंद्रीय बलों की 1020 कंपनियां चुनाव के दौरान तैनात की गई थीं। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में चुनावी हिंसा की गतिविधियां होती रही हैं।

स्थानीय पुलिस पर लोगों को बिल्कुल भी भरोसा नहीं है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की वजह से डर का माहौल है। कई इलाकों में लोग चुनाव बाद घर छोड़कर चले जाने को मजबूर हो सकते हैं। ऐसी खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद ही मतदाताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।



इस बीच, कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार रात हावड़ा ब्रिज के पास जांच के दौरान चार बाइक सवार लोगों से 10 लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद की। पुलिस ने बताया कि उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को पश्चिम बंगाल की दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर सीट पर मतदान जारी है। इसके साथ ही कई इलाकों से लगातार हिंसा की खबरें भी आ रही हैं।

### मिथुन चक्रवर्ती ने राजनीति से किया तौबा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए प्रचार करने वाले अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने शनिवार को राजनीति से तौबा करते हुए कहा कि अब वह राजनीति के बारे में बात नहीं करेंगे और एक अभिनेता तौर पर पेशेवर करियर की शुरूआत करेंगे। सत्तर वर्षीय चक्रवर्ती ने उत्तरी कोलकाता में मतदान करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि मैं एक महत्वपूर्ण बात की घोषणा करता हूं कि मेरी पार्टी के निर्देशानुसार मैंने 30 मई तक राजनीति की और अब मेरे लिए कोई राजनीति नहीं है। अब से मैं अपने पेशेवर करियर पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उन्होंने कहा कि वह करीब 30 से 40 मिनट तक मतदान लाइन में खड़े रहे और फिर अपना वोट डाला।

Er. Partha Pal
B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !